




# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 236

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

रविवार | 09 जून, 2024


# आज तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे नरेंद्र मोदी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

नरेंद्र मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह कई मायनों में बेहद खास होगा। इस समारोह में जहां एक तरफ दुनियाभर के शीर्ष नेता शामिल होंगे, तो वहीं सफाईकर्मी, ट्रांसजेंडर, मजदूर भी इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनेंगे। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में कुल 8000 मेहमान शामिल हो सकते हैं। इस शपथ ग्रहण समारोह में दुनिया के कई शीर्ष नेता शामिल हो सकते हैं। भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं को विशिष्ट अतिथि के रूप में सादर आमंत्रित किया गया है।



### इन लोगों ने निमंत्रण किया स्वीकार

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जु, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री, शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। यह भी बताया जा रहा है कि शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के अलावा यह सभी नेता उसी शाम राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित भोज में भाग लेंगे।

### मालदीव के राष्ट्रपति भी भारत आएंगे

मालदीव के मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति मुइज्जू नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे और इस दौरान उनके साथ उनकी सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी भी भारत आएंगे। हालांकि अभी तक मालदीव की सरकार की तरफ से इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बुधवार को मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई भी दी थी। मुइज्जू को चीन समर्थक माना जाता है और अगर वह भारत आते हैं तो यह राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी पहली भारत यात्रा होगी। मोहम्मद मुइज्जू पिछले साल राष्ट्रपति बनने के बाद से तुर्किए और चीन का दौरा कर चुके हैं।

### पूरे नई दिल्ली इलाके में धारा 144 लागू, नो फ्लाइंग जोन घोषित

शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए दिल्ली पुलिस की ओर से 9 और 10 जून के लिए कई पाबंदियां भी लगाई गई हैं। दिल्ली को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है। इस दौरान पूरी दिल्ली में पैराग्लाइडर, पैरा-मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, रिमोट कंट्रोल्ड एयरक्राफ्ट जैसे सब-कन्वेंशनल एरियल प्लेटफॉर्म की उड़ान पर रोक लगा दी गई है।

### भाजपा को बहुमत नहीं, 14 सहयोगी दलों के 53 सांसदों का समर्थन

लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिली हैं। यह बहुमत के आंकड़े (272) से 32 सीटें कम हैं। हालांकि एनडीए ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। एनडीए में भाजपा के अलावा 14 सहयोगी दलों के 53 सांसद हैं। गठबंधन में चंद्रबाबू की टीडीपी 16 सीटों के साथ दूसरी और नीतीश की जेडीयू 12 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। दोनों ही पार्टियां इस वक्त भाजपा के लिए जरूरी हैं। इनके बिना भाजपा का सरकार बनाना मुश्किल है।

### जीतन राम मांझी बोले, पीएम मोदी का तीसरी बार शपथ लेना बड़ी जीत

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के अध्यक्ष जीनत राम मांझी ने बिहार सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात की। उन्होंने कहा- कल पीएम मोदी तीसरी बार शपथ ले रहे हैं, ये बहुत बड़ी जीत है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। उनसे पूछा गया क्या वे कल मंत्रीपद की शपथ लेंगे, इस पर उन्होंने कहा कि इस बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है लेकिन अगर मुझे जिम्मेदारी दी गई तो मैं उसे निभाऊंगा।

### 18 सांसद भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं

मोदी के साथ एनडीए के 14 सहयोगी दलों के 18 सांसद भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इनमें 7 कैबिनेट और बाकी 11 स्वतंत्र प्रभार और राज्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकते हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। टीडीपी और जेडीयू से 2-2 और शिवसेना से एक कैबिनेट मंत्री बन सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि इसके अलावा एनसीपी, एलजेपी और जेडीएस के कोटे से कैबिनेट मंत्री शपथ ले सकते हैं।

### सफाईकर्मी, मजदूर, ट्रांसजेंडर होंगे खास मेहमान

प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में सफाईकर्मी, मजदूर, ट्रांसजेंडर, केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी और विकसित भारत के राजदूत इस समारोह के खास मेहमान होंगे। रविवार को नरेंद्र मोदी करीब आठ हजार मेहमानों की उपस्थिति में गैरकांग्रेसी नेता के तौर पर लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने का इतिहास रचेंगे। पीएम रविवार को शाम छह बजे शपथ लेंगे। समारोह में आने के लिए बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, नेपाल, मालदीव, मॉरिशस और सेशेल्स के शासनाध्यक्षों ने हामी भर दी है। शपथग्रहण समारोह में दर्जनों देशों के राजदूत और उच्चायुक्त भी शिकरत करेंगे। इसके अलावा उद्योग एवं अन्य क्षेत्रों से जुड़ी दिग्गज हस्तियों को भी समारोह में आमंत्रित किया गया है।

### ड्रोन दीदी भी आमंत्रित

राष्ट्रपति भवन में होने वाले समारोह के लिए आठ हजार मेहमानों के बैठने की व्यवस्था की गई है। बड़ी संख्या में सेंट्रल विस्टा परियोजना में काम करने वाले मजदूरों, सफाई कर्मचारियों, केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों, विकसित भारत के राजदूतों और ड्रोन दीदियों को आमंत्रित किया गया है। मेहमानों का आगमन शनिवार को शुरू हो गया। समारोह के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। सभी मेहमान और समारोह स्थल तिहरे सुरक्षा घेरे में रहेंगे। राष्ट्रपति भवन के आसपास के इलाके में बृहस्पतिवार से ही सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### समारोह में पैरामिलिट्री फोर्स की पांच कंपनियां तैनात, 500 सीसीटीवी से निगरानी

नरेंद्र मोदी आज तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में होगा। दिल्ली पुलिस इसकी तैयारियों में जुटी है। दोपहर 2 बजे के बाद राष्ट्रपति भवन और उसके आसपास कंट्रोल एरिया बनाया जाएगा। पुलिस अधिकारियों की मानें तो इस दौरान कई लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा में पैरामिलिट्री फोर्स की पांच कंपनियां तैनात की जाएंगी। इसके अलावा ऊंची इमारतों पर एनएसजी कमांडो, ड्रोन और स्नाइपर्स भी तैनात किए जाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह में कई विदेशी मेहमान भी शामिल होंगे। ऐसे में पूरी राजधानी हाई अलर्ट पर रहेगी। विदेशी मेहमानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी खुफिया एजेंसियों के कंधों पर होगी। हर राष्ट्राध्यक्ष के प्रोटोकॉल के मुताबिक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक राष्ट्रपति भवन के आसपास संसद मार्ग, रफी मार्ग, रायसीना रोड, राजेंद्र प्रसाद रोड, मदर टेरेसा क्रिसेंट, सरदार पटेल मार्ग पर कार्यक्रम के दौरान सिर्फ उन्हीं वाहनों को प्रवेश की अनुमति होगी जिनके पास पास होंगे। पुलिस के मुताबिक इस कार्यक्रम की निगरानी 500 से ज्यादा सीसीटीवी से की जाएगी।

### एशिया की पहली लोको पायलट सुरेखा यादव भी होंगी शामिल

एशिया की पहली लोको पायलट सुरेखा यादव भी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने जा रहे नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगी। मध्य रेलवे ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-सोलापुर से वंदे भारत ट्रेन का संचालन करने वाली यादव नौ जून को नई दिल्ली में होने वाले समारोह के लिए आमंत्रित दस लोको पायलटों में से एक हैं।



# दिल्ली में तीन दिन लू का यलो अलर्ट

## चलेगी धूल भरी आंधी, पारा जाएगा 45 के पार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राजधानी में रविवार से सूरज तेवर दिखाएगा। लोगों को चिलचिलाती और उमस भरी गर्मी अब और परेशान करेगी। शाम के समय धूल भरी आंधी के साथ तेज सतही हवा 25 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल सकती है। ऐसे में बीते दो दिनों से गर्मी से मिल रही फौरी राहत पर रोक लगेगी। मौसम विभाग के मुताबिक इस दौरान अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस होने की आशंका है। जबकि न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है। यही नहीं, सोमवार से तीन दिन तक लगातार लू का यलो अलर्ट जारी किया है। इससे तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार भी जाएगा। शनिवार को सुबह से ही कड़ी गर्मी हुई। दोपहर में सूरज के तेवर और कड़े हो गए। इससे उमस भरी गर्मी महसूस की गई। शाम के समय कुछ इलाकों तेज हवा चली। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक के साथ 41.4 दर्ज किया। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अधिकतम आर्द्रता का स्तर 51 फीसदी रही।

### नरेला में 43 के पार पहुंचा पारा

मौसम विभाग के मुताबिक नरेला इलाका सर्वाधिक गर्म रहा। यहां अधिकतम 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। वहीं, नजफगढ़ में 43.4, पीतमपुरा व पूसा में 43.1, रिज में 42.2, पालम और लोधी रोड में 42 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया।

### खराब श्रेणी में आबोहवा बरकरार

राजधानी में हवा की गति दिशा बदलने व कम होने से आबोहवा खराब श्रेणी में बरकरार है। शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 234 रहा, जोकि खराब श्रेणी में है। सर्वाधिक इलाकों में एक्यूआई 300 के पार दर्ज किया। दिल्ली की हवा समग्र रूप से खराब श्रेणी में बनी रही। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को हवा मध्यम श्रेणी में पहुंचने का अनुमान है। सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया। यहां एक्यूआई 300 रहा, यह खराब श्रेणी है। नोएडा में 270, गुरुग्राम में 252, फरीदाबाद में 163 व गाजियाबाद में 192 एक्यूआई दर्ज किया।

# रेस्टोरेंट के टैंक में उतरे 3 मजदूरों की मौत

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**

मथुरा के वृंदावन कोतवाली इलाके में बीकानेर रेस्टोरेंट पर शनिवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। यहां टैंक में उतरे 3 मजदूरों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मजदूरों को करंट लगा था। परिवार वालों का कहना है कि रेस्टोरेंट संचालक और उनके साथी उनसे बिना सेफ्टी उपकरण के काम करा रहे थे। प्रेम मंदिर के पास बने रेस्टोरेंट परिसर में एक टैंक में काम करने के लिए प्लम्बर अमित गुप्ता उतरे थे। उसमें कहीं बिजली का तार निकला था। अमित गुप्ता करंट की चपेट में आ गए। चाचा अमित को अंदर बेहोश होता देख भतीजा प्रिंस टैंक में उतरा तो वह भी बेहोश हो गया। इसी बीच वहां काम कर रहा एक अन्य मजदूर दोनों को बचाने के लिए टैंक में गया। लेकिन, वह भी करंट की चपेट में आ गए। टैंक में 3 मजदूरों की मौत के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन बिजली सप्लाई रोकी गई। इसके बाद तीनों को टैंक से निकालकर जिला संयुक्त चिकित्सालय भेजा गया। यहां डॉक्टर ने तीनों मजदूरों का मेडिकल चेकअप किया तो उनकी सांसें थम चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।




# नीट यूजी ग्रेस मार्क्स की जांच के लिए कमेठी गठित, 1500 से अधिक उम्मीदवारों के अंकों की होगी समीक्षा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

नीट-यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अंकों में वृद्धि के आरोपों के बीच, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को घोषणा की कि शिक्षा मंत्रालय ने 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय पैनल का गठन किया है। नीट यूजी रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोपों के चलते एनटीए ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी आरोपों पर स्पष्टीकरण दिया। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने कहा, ÷1,500 से अधिक उम्मीदवारों के परिणामों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति एक सप्ताह के भीतर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी और इन उम्मीदवारों के परिणामों में संशोधन किया जा सकता है। एनटीए ने किसी भी अनियमितता से इनकार किया और कहा कि एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में किए गए बदलाव और परीक्षा केंद्रों पर समय गंवाने के लिए ग्रेस मार्क्स छात्रों के अधिक अंक लाने के कुछ कारण थे। सिंह ने परीक्षा में किसी भी पेपर लीक और अनियमितताओं से इनकार किया। उन्होंने कहा, अनुग्रह अंक दिए जाने से परीक्षा के योग्यता मानदंडों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और प्रभावित उम्मीदवारों के परिणामों की समीक्षा से प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या कुछ छात्रों के लिए परीक्षा फिर से आयोजित की जाएगी, एनटीए महानिदेशक ने कहा, यह समिति की सिफारिशों के आधार पर तय किया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, नीट यूजी 2024 के परिणाम में अंकों की वृद्धि से इस वर्ष मेडिकल स्कूल में स्थान प्राप्त करना और भी कठिन हो जाएगा। कुछ इच्छुक छात्रों ने परिणाम रद्द करने और फिर से परीक्षा कराने की मांग के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का रुख किया है। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने हिंदी में एक पोस्ट में कहा, इसके लिए सीधे तौर पर मोदी सरकार जिम्मेदार है। भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को कई अनियमितताओं का सामना करना पड़ता है, पेपर लीक के चक्रव्यूह में फंसना उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। भाजपा ने देश के युवाओं को धोखा दिया है।

### मामलें ने लिया राजनीतिक मोड़

इस मुद्दे ने राजनीतिक मोड़ भी ले लिया, जब आप ने कथित अनियमितताओं की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की और कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गए हैं। पार्टी ने भाजपा पर युवाओं को धोखा देने और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का भी आरोप लगाया।

**रिपोर्ट** सरकार बनने पर अगर किन्ही मुद्दों पर चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार दबाव की राजनीति करते हैं तो पीएम मोदी उन्हें किनारे लगाने में सक्षम हो सकते हैं

# 'मोदी दांव' से नायडू और नीतीश भी खा सकते हैं पटखनी

**जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा**

- 18वीं लोकसभा में ऐसे 17 सांसद हैं जिममें निर्दलीय व ऐसे दलों से चुने गए प्रतिनिधि हैं जो किसी भी गठबंधन का हिस्सा नहीं रहे
- अगर नरेंद्र मोदी ऐसे 17 सांसद में से कई को अपने पक्ष में कर लें तो नायडू और नीतीश कुमार दोनों का साथ छोड़ने पर भी सरकार बनी रहेगी
- नायडू और नीतीश कुमार पर सरकार की पूरी तरह निर्भरता मोदी की कार्यशैली को कमजोर करेगी

**लखनऊ।** इसमें दोराय नहीं चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार जैसे गठबंधन के साथियों के बूते बनने वाली मोदी 3.0 सरकार का कामकाज उतना आसान नहीं रहेगा जितना पिछली दो मोदी सरकारों में रहा। पिछले अनुभवों और मीडिया रिपोर्ट्स को ध्यान में रखा जाए तो यह दोनों ही नेता समय-समय पर मोदी सरकार पर दबाव बनाने से बाज नहीं आएंगे। ऐसे में इन दोनों ही नेताओं के बिना सहयोग के मोदी सरकार के अस्तित्व में रहने का विकल्प जरूरी है। यह असंभव भी नहीं है। 18वीं लोकसभा में ऐसे 17 सांसद हैं जिममें निर्दलीय व ऐसे दलों से चुने गए प्रतिनिधि हैं जो किसी भी गठबंधन का हिस्सा नहीं रहे। अगर नरेंद्र मोदी ऐसे 17 सांसदों में से कई को अपने साथ कर लें तो नायडू और नीतीश कुमार दोनों का साथ छोड़ने पर भी सरकार मजबूती से बनी रहेगी। दो बार से अपने बल पर सरकार बना रही भारतीय जनता पार्टी इस बार 240 सीटों पर सिमट गई है। हालांकि उसके गठबंधन एनडीए को कुल 292 सीटें मिली हैं, जिससे फिलहाल उसका सरकार बनाने का रास्ता तो साफ है। अभी सरकार बनाने की चाबी जेडीयू और तेलुगु देशम पार्टी के पास है, जो पहले से ही एनडीए में बीजेपी के साथी हैं। लेकिन यही बात बीजेपी के गले की फांस बन गई है। क्योंकि अगर जेडीयू (12 सीट) और तेलुगु देशम (16 सीट) ने बाद में भी कभी पलटी मार दी तो सारा खेल खराब हो जाएगा।

इसलिए संसद में अगर खुद को मजबूत बनाए रखना है तो बीजेपी की पूरी कोशिश होगी कि इन 17 सांसदों में से ज्यादातर एनडीए का समर्थन करें। पिछले दो कार्यकाल के बाद बीजेपी की अगुआई वाली सरकार का सामना पहली बार इतने मजबूत विपक्ष से होगा।



### निर्दलीय सांसदों का दबाव भी बड़ा नहीं होगा

निर्दलीय या छोटे दलों के सांसद मोदी सरकार पर चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार जैसा दबाव बनाने की स्थिति में नहीं रहेंगे। सरकार से उनकी व्यक्तिगत मांग भी अपेक्षाकृत छोटे स्तर की रहेंगी। जिन पर विचार करना या अमल करना भी मोदी सरकार के लिए मुश्किल भरा नहीं होगा। यह लोग स्थानीय विकास की बात कर सकते हैं या फिर अपने कद के अनुसार केंद्र में कोई छोटा-मोटा पद मांग सकते हैं। इसके चलते मोदी सरकार को किसी तरह का बड़ा समझौता नहीं करना पड़ेगा।

### कौन हैं यह 17 'महारथी'

17 सांसदों में से चार सांसद वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी के हैं। जगन मोहन की पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए या इंडिया ब्लॉक के साथ गठबंधन नहीं किया था। छह पार्टियों के पास एक-एक सांसद है और उन्होंने दोनों में से किसी भी गुट के साथ गठबंधन नहीं किया है। ये हैं शिरोमणि अकाली दल, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), भारत आदिवासी पार्टी, जोराम पीपुल्स मूवमेंट और वॉयस ऑफ द पीपल पार्टी।

### अकाली हैं एनडीए के पूर्व सहयोगी

शिरोमणि अकाली दल पंजाब स्थित पार्टी है और एनडीए की पूर्व सहयोगी है। एआईएमआईएम मूल रूप से आंध्र प्रदेश या यूं कहें कि हैदराबाद की पार्टी है। लेकिन वो देश भर में जगह-जगह चुनाव लड़ती रही है। हालांकि इसके मुखिया असदुद्दीन ओवैसी बीजेपी और नरेंद्र मोदी के मुखर विरोधी हैं। लेकिन यह भी एक तथ्य है कि यह पार्टी इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है। यही बात दलित नेता चंद्रशेखर आजाद की अगुआई वाली आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) पर भी लागू होती है। लेकिन राजस्थान की भारत आदिवासी पार्टी, मिजोरम की जेडपीएम और मेघालय की वॉयस ऑफ द पीपल पार्टी भी गेम चेंजर हो सकते हैं।

### निर्दलीय भी बन सकते हैं किंगमेकर

अगर एनडीए की 292 में से जेडीयू और तेलुगु देशम पार्टी की 28 सीटें घट जाती हैं तो उसके पास केवल 264 का आंकड़ा रह जाएगा। सरकार बनाए रखने के लिए 272 का आंकड़ा जरूरी है। ऐसे में वो छोटी पार्टियां या सांसद काम आएंगे जो ना तो एनडीए में शामिल हैं और ना इंडिया गठबंधन में। 18वीं लोकसभा में 17 ऐसे सांसद होंगे जो इंडिपेंडेंट या निर्दलीय हैं। किसी भी मुश्किल स्थिति में ये 17 सांसद किंग मेकर हो सकते हैं।

### ये हैं 7 निर्दलीय सांसद

सात निर्दलीय सांसद हैं पूर्णिया (बिहार) से राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, सांगली (महाराष्ट्र) से विशाल (दादा) प्रकाशबापू पाटिल, खडूर साहिब (पंजाब) से अमृतपाल सिंह, फरीदकोट (पंजाब) से सरबजीत सिंह खालसा, दमन और दीव से उमेशभाई बाबूभाई पटेल, बारामूला (जम्मू-कश्मीर) से अब्दुल रशीद शेख और लद्दाख से मोहम्मद हनीफा। अगर अतीत की बात की जाए तो वाईएसआरसीपी ने प्रमुख विधेयकों को पारित करने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का पक्ष लिया था।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एएसपी ने थाना रैपुरा, मऊ व बरगढ़ में किया समाधान दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना रैपुरा, मऊ एवं बरगढ में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर रैपुरा थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय, मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम व सीओ ने थाना राजापुर में सुनी फरियादियों की समस्याओं

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर प्रभारी उप जिलाधिकारी राजापुर फूल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### क्षेत्राधिकारी ने थाना राजापुर के विवेचकों का किया अर्दली रुम

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की उपस्थिति में थाना राजापुर के विवेचकों का अर्दली रुम किया। अर्दली रुम में विवेचकों से लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से वार्ता की गयी। साथ ही विवेचना लम्बित रखने का कारण पूछते हुये त्वरित निस्तारण के आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र एवं आईजीआरएस के प्रार्थना पत्रों की जांच समय से करते हुये आख्याएं प्रेषित करते रहें, अकारण कोई प्रार्थना-पत्र लम्बित न रखा जाये।

### पुलिस टीम ने 2 आरोपियों को ट्रैक्टर-ट्राली से अवैध खनन करते हुये किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध खनन, परिवहन पर रोक लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने बताया कि उप निरीक्षक चन्द्रमणि पाण्डेय तथा उप निरीक्षक शिवमणि मिश्रा, आरक्षी शक्ति सिंह, राहुल पुरी द्वारा जांच के दौरान ग्राम गडौली से ट्रक्टर-ट्राली पर अवैध बालू लादकर परिवहन करते हुये ट्रक्टर चालक रामकृष्ण द्विवेदी उर्फ चुन्नू, धनन्जय द्विवेदी उर्फ मुन्ना निवासीगण गडौली को गिरफ्तार किया गया।

### पुलिस ने खोये हुये मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामी को किया सुपुर्द

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर थाना मऊ पुलिस टीम ने खोये हुये मोबाइल को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि बीती 3 जून को आवेदक नीलचंद पुत्र लाल चंद्र निवासी अहिरी थाना मऊ ने अपने मोबाइल खो जाने के सम्बन्ध में सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत की थी।

# रानीपुर टाइगर रिजर्व में जल संकट

## प्यासे भटक रहे वन्यजीव, सूख गए जंगल के जलाशय, जिम्मेदारों ने नहीं किए इंतजाम


बच्चे को लिए पानी की तलाश में बन्दर।


सड़क किनारे पानी की तलाश में चिंकारा।

* प्यास बुझाने को जंगल से बाहर आ रहे वन्यजीव
* परंपरागत जलस्रोत सूखने से शिकारी उठाते हैं भरपूर फायदा

जन एक्सप्रेस। सचिन वंदन


सूखा पड़ा जलाशय।

**चित्रकूट।** चिलचिलाती गर्मी इंसान ही नहीं बेजुबानों पर भी कहर बरपा रही है। हर ओर लोग गर्मी से बेहाल हैं। भीषण गर्मी के चलते नदी, नालों से लेकर तालाब-तलैया का पानी सूख चुका है। स्थिति यह है कि गांव के लोगों को एक-दो किमी दूर से पीने का पानी भरकर लाना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर जंगल में रहने वाले वन्य प्राणियों के लिए भी वन विभाग द्वारा प्यास बुझाने के कोई इंतजाम नहीं किए हैं। इससे वन्यजीव प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। आग उगलती सूरज की किरणों ने मैदानी इलाकों के साथ रानीपुर टाइगर रिजर्ल जंगल के जलाशयो को बूंदभर पानी के अभाव में सूना कर दिया है। जंगल के अंदर मौजूद नदी, नाले,चोहडा,तलैया आदि जलाशय के सूखने से वन्यजीव चिंकारा,नील गाय, हिरण, चीतल, भालू, बंदर, तेंदुआ आदि वन्यजीवों मे पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। प्यासे जानवर व्याकुल होकर उन जगहों तक लंबी दौड लगाने को मजबूर हैं जहां उन्हें थोडा बहुत भी पानी मिलने की उम्मीद दिख रही है। लेकिन जंगल के जलस्रोत पूरी तरह से सूख गए हैं।

जिन स्थानों पर थोडा- बहुत पानी है भी तो वहां शिकार की संभावनाएं बढ़ गई हैं। जहाँ कम पानी है वहां शिकारी पानी में यूरिया मिलाकर वन्यजीवों का शिकार कर रहे हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों को पानी के अभाव मे तडप रहे बेजुबानों की सुधि लेने की फुर्सत तक नहीं है। अपनी हलक शांत करने के लिए जानवर आबादी के बीच तक पहुंच रहे हैं, जो कुत्ते और शिकारियों के हमले के शिकार हो रहे हैं। स्थिति पर नजर डालें तो मारकुंडी, मानिकपुर, कर्वी, रैपुरा, बरगढ वनपरिक्षेत्र गांवों के किनारे मौजूद कुछ तालाबों मे पानी है भी वहां दलदल होने से वन्यजीव फंसकर काल के गाल मे समा रहे हैं।

### पुराने जलस्रोत भी हुए समतल

रानीपुर टाइगर रिजर्व के जंगलों मे परंपरागत जलस्रोतों की साफ-सफाई और रखरखाव न होने से सूख चुके हैं। जो जलस्रोतों मे थोडा बहुत पानी है भी वह देखरेख के अभाव में उथले हुए जा रहे हैं। जंगलों में पुराने जलस्रोतों को जीवित रखने के लिए वन विभाग द्वारा कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। ऐसी स्थिति में जंगली क्षेत्रों में जंगली जानवरों को पीने की पानी की समस्या भी बढ़ रही है। जिसकी एक वजह प्राकृतिक स्रोतों का समय पर रख-रखाव न होना है।
भीषण गर्मी में वन्यजीव पानी के आभाव में प्यासे मर रहे हैं।

### वन विभाग ने वन्य प्राणियों की प्यास बुझाने के नहीं किए इंतजाम

भीषण गर्मी में जंगली जानवर पानी की तलाश में ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचने लगे हैं। वन विभाग ने पशु, पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था नहीं की है, जिससे वन्यजीव पानी की तलाश मे भटक रहे हैं। जबकि वन विभाग द्वारा जंगली जानवरों के पेयजल के लिए वाटरहोल बनवाए जाने चाहिए थे, लेकिन जिम्मेदिरों ने बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया है। नतीजा यह है कि वन्यजीव प्यासे मर रहे हैं।

### शिकारी उठाते हैं फायदा

जंगलों में जलस्रोत सूखने से कई पशु, पक्षी शिकारियों के जाल में फंस जाते हैं। इस समय भी गर्मी का मौसम चल रहा है। इसे देखते हुए शिकारी भी इसका फायदा उठाते हैं।इस बार जंगल में पानी के लिए किसी प्रकार के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। अधिकांश जलाशय सूख चुके हैं। जिन जगहों पर कम पानी है, वहां यूरिया मिलाकर वन्यजीवों का शिकार किया जाता है। बावजूद जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं।

# डीएम व अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने प्रदेश सरकार की मंशानुरूप थाना समाधान दिवस उरई कोतवाली में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना गया। प्राप्त शिकायतों को समयाबधि के अन्तर्गत निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायत प्रार्थना पत्र को गुणवत्तापूर्ण व गुणदोष के आधार पर निस्तारण किया जाये। जिससे फरियादियो को किसी भी प्रकार कोई परेशानी न हो। उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण हेतु शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाएगा, यदि निस्तारण में लापरवाही मिली तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवाद शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उक्त शिकायतों को समयबधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने कहा कि थाना दिवस में छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करा जाये तथा उनका समयसीमा के अन्तर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये। ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न की जाये। उन्होने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा छोटी से छोटी शिकायतों का गम्भीरता से लेते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करेगे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष, तहसीलदार शेर बहादुर सिंह आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### हाईवे में वाहन की टक्कर से होमगार्ड जवान की मौत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** हाईवे पर बेकाबू अज्ञात वाहन ने ड्यूटी जा रहे साइकिल सवार होमगार्ड को रौंद डाला। इस दुर्घटना में होमगार्ड जवान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक मौके से फरार हो गया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लंगरपुर निवासी होमगार्ड जवान लल्लू राय निषाद पुत्र कालीदीन की ड्यूटी सिविल न्यायालय कालपी में सुबह 7 बजे से चल रही थी। ड्यूटी में जाने के लिए सुबह होमगार्ड जवान लल्लू राय अपने घर से साइकिल से सवार होकर निकला। झांसी कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में चौरासी गुंबद के समीप पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने होमगार्ड जवान को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में होमगार्ड की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद दलबल के साथ मौके पर पहुंचे तथा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी एवं पांच बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# आटा में आयोजित थाना समाधान दिवस में 2 मामले हुए प्रस्तुत

जन एक्सप्रेस। कालपी



भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप की वजह से थाना दिवस में सन्नाटे का आलम दिखाई दिया। थाना आटा में थानाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह की मौजूदगी व एसडीएम हेमंत पटेल की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 2 मामले प्रस्तुत किए गए। एक प्रकरण का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। आटा थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में मौजूद पुलिस व राजस्व कर्मचारियों की मौजूदगी में फरियादियों द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई है। प्रस्तुत किए एक मामलों का निस्तारण कर दिया गया है। जबकि एक अन्य मामलों को निपटने के लिए राजस्व तथा पुलिस बिभाग की टीमो को मौके पर भेजा गया है। उपजिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं तथा शिकायतो को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करें। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। राजस्व कानूनगो रामराजा राजपूत, शिव मंगल सिंह, विधासागर के अलावा राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। इसी प्रकार कोतवाली कालपी में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के अलावा कर्मचारी मौजूद रहे।

## एण्टी रोमियों टीमों ने भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान-4 के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों शक्ति दीदी द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया। मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी अभियान के तहत शनिवार को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रों में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया गया। महिलाओं, बालिकाओं को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी के सार्वजनिक स्थलों चैराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियां इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया। साथ ही महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएं यूपी-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बूलेन्स सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा, सहायता के लिए एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है। साथ ही समय से उनका निस्तारण किया जाता है। साथ ही सभी महिलाओं, बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने करने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने, शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया।

# डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी जन समस्याएं

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने शनिवार को कोतवाली कर्वी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्ताण के निर्देश दिए।
जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मंशानुरूप थाना समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर न भटकना पड़े।
शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच अब फरियादियों के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाडा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस में आई जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर तथा राजस्व और पुलिस द्वारा संयुक्त गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं, ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर भटकना न पडे। उन्होंने निर्देश दिए कि महिलाओं सम्बन्धित शिकायतों का मौके पर जाकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं।
इस मौके पर तहसीलदार कर्वी वाचस्पति, कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### बाइक से गिरकर किसान घायल, हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र में बाइक से गिरकर किसान घायल हो गया। जिसे पुलिस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। कस्बा आटा निवासी बाला प्रसाद 30 वर्ष पुत्र करन सिंह शनिवार की दोपहर अपने खेत की रखवाली कर घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और वह उछलकर सड़क पर गिर पड़ा। जिससे उसके शरीर में गंभीर चोटें आई और एक पर में फैक्चर हो गया। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर घायल पड़े किसान को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी पहुंचाया और परजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। फिलहाल किसान को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

### ग्रह कलह के चलते महिला खाया बिषाक्त पदार्थ

**जन एक्सप्रेस/उरई।** माधौगढ क्षेत्र के गांव रजपुरा में महिला ने गृह कलह के चलते बिषाक्त पदार्थ खा लिया। जिससे वह अचेत होकर जमीन पर गिर गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस वेहोश हालत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने इलाज के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव रजपुरा में मेघा पत्नी अजीत कुमार 20 ने शनिवार की सुबह गृह कलह के चलते बिषाक्त पदार्थ खाने से अचेत होकर जमीन पर गिर गई। घर में चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुन परिजन व मुहल्ला के लोग एकत्र हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप राजपूत का कहना है कि हालत में सुधार है फिर भी जिला अस्पताल भेजा गया है।

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के मल्लहानपुरा निवासी बद्री प्रसाद किसी काम से घर से रामपुरा आ रहे थे। तभी जगम्मनपुर रोड़ मल्लहानपुरा की पुलिया के पास फौजी बिल्डिंग मेटेरियल के सामने रामपुरा की ओर से तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने बद्री प्रसाद की साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे बद्रीप्रसाद घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुरा लाया गया। जहाँ से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

# 11 जनू से विद्यार्थी परिषद चलाएगा सामाजिक अनुभूति अभियान

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्रकूट द्वारा सामाजिक अनुभूति जिला कार्यशाला संपन्न हुई। सामाजिक अनुभूति अभियान 11 से 20 जून तक जिले भर में चलाया जाएगा।
प्रान्त सहसंयोजक दिव्यांश मिश्रा ने बताया कि सामाजिक अनुभूति कार्यक्रम में गांव-गांव जाकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता ग्रामीण परिवेश की अनुभूति करेंगे। गांव के लोगों का रहन-सहन एवं उनसे जुडी हर प्रमुख बातों को जानना एवं लगातार प्रकृति में आ रहे परिवर्तन के विषय में बातें करना, उसके जीवन शैली को समझकर समाज को गांव से जोडने का कार्य करता है। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों में हमने विकास के नाम पर अपने लाखों गांवों को खो दिया। हम सभी को मिलकर पर्यावरण को बचाना है तो हमें गांव की ओर जाना चाहिए और गांव से अनुभव लेना चाहिए कि कैसे वह लोग आज भी स्वास्थ्य एवं स्वच्छ वातावरण बनाकर रह रहे हैं। विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही एक ऐसे छात्रों के निर्माण का कार्य कर रहा है जो राष्ट्र के पुनर्निर्माण के अध्याय को लेकर कार्य करें, हम सभी छात्रों को आने वाले पीढी की भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण को संरक्षित करना चाहिए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अनुराग शुक्ला, जिला संगठन रामजी मिश्रा, जिला संयोजक रोहित पांडेय, जिला सहसंयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी, नितेश त्रिपाठी, कमल रंजन शुक्ला, सत्य पांडेय, आयुष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के शपथ के पूर्व भाजपा कार्यकर्ता ने मनाया विजयोत्सव

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा विकसित व आत्मनिर्भर भारत के पुनर्निर्माण की मोदी की गारण्टी को तीसरी बार लागू होने और भाजपा एनडीए गठबंधन की तीसरी बार सरकार बनने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ लेने के पूर्व संध्या पर ट्रैफिक चौराहे पर विजयोत्सव का आयोजन किया गया।
विजयोत्सव में पूर्व राज्य मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि पीएम मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है। गरीब, किसान, युवा महिला सभी वर्ग दस साल में लाभान्वित हुए हैं। यह मोदी की गारण्टी है। रंजना उपाध्याय ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बना है। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने धारा 370 को निरस्त कर इतिहास रचा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। भाजपा ने जो कहा उसे पूरा करने की पीएम मोदी की गारण्टी है। पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर उठें हैं। तीसरे कार्यकाल में गरीबी मुक्त भारत बनाने की मोदी की गारण्टी है। जिला उपाध्यक्ष आनंद पटेल ने कहा कि जनता के सपनों को भाजपा की डबल इंजन सरकारें पूरा कर रही हैं। जिला महामंत्री अश्विनी अवस्थी ने कहा कि पीएम मोदी गारण्टी से 11 करोड़ से अधिक किसान पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ, स्वच्छ भारत से 12 करोड़ शौचालय का निर्माण हुआ है। भारत के जन जन की जीत सुनिश्चित हुई है। जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश पाण्डेय ने कहा कि उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ महिलाओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिली है। जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह ने कहा कि पीएम मोदी की गारण्टी जनधन से 51 करोड़ गरीबों को बैंकिंग सुविधा मिली है। जिला उपाध्यक्ष हरिओम करवरिया ने कहा कि पीएम मोदी की गारण्टी से 37 किमी हाइवे का प्रतिदिन निर्माण हो रहा है। यह गति तीसरे कार्यकाल में और तेज होगी। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि यह विजयोत्सव भारत के नव अरुणोदय का है।
यह विजयोत्सव जातिवादी परिवारवादी राजनीति करने वालों के षड्यंत्रों पर विजय का शंखनाद है। यह विजयोत्सव राष्ट्रवाद की विजय का जयघोष है। यह विजयोत्सव पीएम मोदी पर भारत के जनविश्वास का उद्घोष है। जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विकास मिश्रा ने कहा कि पीएम मोदी गारण्टी से 78 लाख रेहडी पटरी के दुकानदार सशक्त हुए हैं और तीसरे कार्यकाल में लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। युवा मोर्चा महामंत्री मोहित मिश्रा ने कहा कि पीएम मोदी के तीसरे टर्म में भारत विश्व की तीसरी अर्थ शक्ति बनेगा। महामंत्री प्रमेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी की गारण्टी से ही देश में 15 नये एम्स, 7 नए आईआईटी, और 7 नये आईआईएम बने हैं। तीसरे कार्यकाल में उच्च गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक संस्थानों की संख्या में तिगुना बढोत्तरी होगी। इस मौके पर आनंद त्रिपाठी बब्बू, महेन्द्र कोटार्य, राजेश जायसवाल, रामसागर चतुर्वेदी, बद्री प्रसाद त्रिपाठी, श्रवण पटेल, अरविन्द रलिहा, आशीष पाण्डेय, गौरव करवरिया, आदित्य सुखेन्द्र मधुर, किशन अग्रहरि, सुशील द्विवेदी, बब्लू तिवारी, द्रोणाचार्य द्विवेदी, राघव अग्रवाल, मनोज तिवारी, रमाकांत पाण्डेय, बांकेबिहारी चौबे, राधिका बिहारी मिश्र, आदित्य त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार है किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री०से०) : 43.6 (+4.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री०से०) : 27.4 (+0.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 45 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 17 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.0 कि०मी०/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर- पश्चिम
वर्षा (मि०मी०) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*







✻ इरफान के कुछ गुर्गे अभी भी मुस्लिम क्षेत्रों में कर रहे हैं गैर कानूनी तरीके से मकानों पर कब्जा

✻ मुसलमानों के रहनुमा बनने का दावा करने वाले अखिलेश ने खूब प्रताड़ित कराया था नजीर फातिमा को, योगी आदित्यनाथ की सरकार में मिला इस बुजुर्ग मुस्लिम महिला को न्याय

✻ अखिलेश के गुंडे विधायक इरफान सोलंकी की गुंडई पर कानूनी पट्टा डालकर यूपी पुलिस ने लगाया लगाम

# इरफान के इशारे पर तीन बार अखिलेश यादव ने बेवा नजीर फातिमा के घर पर चलवाया था बुलडोजर

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी और उसके गैंग के द्वारा किए गए अत्याचारों से प्रताड़ित अग्निकांड की पीड़िता बेवा नजीर फातिमा ने कल शनिवार को एक चौंकाने वाला बहुत बड़ा खुलासा किया है। इस खुलासे के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के शासन काल में हुई गुंडागर्दी खुलकर सामने आई है। जो अखिलेश यादव 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी और योगीराज में जंगल राज की बात कर रहे थे, उन्हीं की सपा सरकार में बेवा नजीर फातिमा का झोपड़ा तीन बार बुलडोजर चलवाकर गिरवाया था लेकिन योगी की सरकार में बेवा नजीर फातिमा को न्याय मिला और विधायक और उसके भूमाफिया भाई समेत उसके गैंग के सदस्यों को सजा मिलने का सिलसिला आरंभ हो चुका है। ज्ञातव्य हो कि समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी और उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी समेत आधा सैकड़ा लोगों के विरुद्ध बीती आठ नवम्बर 2022 को जाजमऊ कोतवाली में तहरीर देकर डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा ने उनका झोपड़ा जलाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। योगी आदित्यनाथ ने इस मामले में जन एक्सप्रेस की खबर का संज्ञान लेते हुए मुस्लिम बुर्जुग महिला नजीर फातिमा को न्याय दिलाने के लिए सरकारी तंत्र को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया था कि गुंडे विधायक इरफान सोलंकी और उसके गैंग के सदस्यों को कतई बख्सा ना जाए और ऐसा हुआ भी है। बीती 7 जून 2024 को कानपुर की एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 के विद्वान न्यायाधीश सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी की अदालत ने विधायक इरफान सोलंकी उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी हिस्ट्रीशीटर शौकत पहलवान मोहम्मद शरीफ और हिस्ट्रीशीटर इसराइल आटा वाले को 7 साल की सजा सुनाने के साथ जुर्माना भी लगाया है।



### सपा सरकार में हुए अन्याचार, योगीराज में मिला न्याय

बेवा नजीर फातिमा ने बताया कि उनके ऊपर सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसका परिवार सन 1997 से लगातार जुल्म करता चला रहा है, तीन–तीन मर्तबा हाई कोर्ट का स्टे होने के बाद भी, पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सरकार में एक नहीं दो नहीं तीन बार उनके झोपड़ी को बुलडोजर चलवा कर विधायक इरफान सोलंकी ने गिरवा दिया। विधायक किसी भी तरह से उन्हें उनके मकान से इसलिए निकलवाना चाहता था क्योंकि सर्वप्रथम तो वह शिया समाज से हैं और उसके बाद विधायक अपने पैतृक मकान को बहुत बड़ा करके बनाना चाहता था इसीलिए शुरुआत से ही नजीर फातिमा के प्लाट को हड़पने के लिए बहुत तरीके अपनाए गए। आज भी नजीर फातिमा के घर में लाइट नहीं है पेड़ कटवा दिए। कोर्ट में मामला विचारण और स्टे होने के बाद भी गैरकानूनी तरीके से रजिस्ट्री करवा ली। नजीर फातिमा की माने तो अपने गैंग के सदस्यों से कई बार हमला करवाया। महफूज कुरैशी बटाऊ यादव पता नहीं कितने अनगिनत अपराधियों से जानलेवा हमले करवाए गए।

### इरफान सोलंकी के कुछ गुरुगों को अभी भी खाकी दे रही संरक्षण

विश्वस्त सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार सफेद पोश बना बैठे कुछ अपराधी अभी भी जो इरफान सोलंकी के सारे इलीगल कामों को देखते थे, जमीनों पर कब्जे करना गरीबों को बेघर करना जिनका काम था वह मुस्लिम क्षेत्रों में अभी भी कुछ खाकी धारियों के संरक्षण में इरफान के जेल में होने के बाद भी बकाया के लोगों को बेघर करना और मकान पर कब्जे करने का काम शिद्दत से कर रहे हैं। अज्ञात सुविधा शुल्क के लालच में कुछ खाकीधारी इन्हें संरक्षण भी दे रहे हैं। जल्द ही शासन स्तर पर इन सफेद पोश अपराधियों को खुद योगी सरकार बेनकाब करेगी। और जो पुलिस अधिकारी और कर्मचारी इन्हें संरक्षण दे रहे हैं वह भी पुलिस महानिदेशक के कानूनी डंडे से नहीं बचेंगे। आने वाले समय में चौंकाने वाले खुलासे पुलिस महानिदेशक कार्यालय से हो सकते हैं।

### आईपीएस अधिकारी आनंद प्रकाश तिवारी ने अपना वादा पूरा किया

सपा विधायक इरफान सोलंकी को उसके अंजाम तक पहुंचाने वाली बेवा नजीर फातिमा ने बताया कि योगी जी उनकी सरकार कोर्ट और जो भी वकील हैं तथा जितने भी जिम्मेदार पुलिस अधिकारी हैं वह सभी का धन्यवाद करती हैं। लेकिन विशेष रूप से उन्होंने आईपीएस अधिकारी आनंद प्रकाश तिवारी को धन्यवाद कहा है उनका कहना था कि आनंद प्रकाश तिवारी ने उनसे वादा किया था कि वह उन्हें न्याय दिलाएंगे और उन्हें न्याय मिला है।

## नीट परीक्षा में धांधली के आरोप लगा अनशन पर बैठे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। नीट परीक्षा में धांधली का आरोप लगाकर छात्र छात्राएं कल से काकादेव कोचिंग सेंटर के बाहर भूख हड़ताल पर बैठे हैं। इस भीषण गर्मी में भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों में से एक छात्र की तबियत खराब हो गई। साथी छात्र उसे इलाज के अस्पताल ले गए। नीट इग्जाम में धांधली का आरोप लगाते हुए सैकड़ों की तादात में छात्र और छात्राओं ने शुक्रवार को सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन किया था। कल से आज तक स्टूडेंट्स अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे हैं। लेकिन अभी तक परीक्षा दिलाने वाली एनटीए ने कोई जवाब नहीं दिया है। जबकि पूरे देश में नीट परीक्षा को लेकर विरोध हो रहा है। भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों के कोचिंग संचालक आशीष श्रीवास्तव का कहना है कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ग्रेस नंबर देना पूर्णतया गलत है। ग्रेस नंबर देने पर एनटीए ने जवाब दिया कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के आधार पर दिए गए हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश था कि परीक्षा आयोजक देरी होने पर समय लॉस के हिसाब से ग्रेस नंबर देगी लेकिन यह नियम नीट और इंजीनियरिंग के इग्जाम में लागू नहीं होगा, फिर भी नीट जैसे इग्जाम में ग्रेस मार्क दिए गए। एनटीए का कहना था कि एक सेंटर पर गलत पेपर मिलने पर 150 छात्र पेपर लेकर भाग गए। इस मामले में परीक्षा दिलाने में लगी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं। एक ही सेंटर से 8 स्टूडेंट्स फुल मार्क्स लेकर आते हैं। 67 छात्र शत प्रतिशत नंबर लाते हैं। इससे पहले इतने छात्रों के शत प्रतिशत कभी नहीं आए हैं। बिहार जैसे राज्य में नीट का पेपर लीक हुआ और वहां एफआईआर तक दर्ज हुई। जिससे भ्रष्टचार होने का शक और गहराता है। एनटीए की गलती पर ग्रेस मार्क दिए जाने की सजा देश भर के छात्र क्यों भुगते।
सरकार और एनटीए से मांग है कि परीक्षा दोबारा कराई जाए।

## फास्ट फॉरवर्ड ⏭

### सड़क पर पड़ा मिला मोबाइल दारोगा ने युवक को सौंपा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। आवास विकास तीन के अंबेडकरपुरम निवासी रोहन कुमार एक निजी कंपनी में काम करते हैं। गत 2 जून को रोहन कल्याणपुर से अपने घर जा रहे थे। तभी उनका मोबाइल रास्ते में कहीं गिर गया। जिसकी सूचना रोहन ने ऑनलाइन दर्ज कराई थी। इधर पनकी रोड चौकी में तैनात



दारोगा रवि कुमार को देर शाम यह मोबाइल सड़क पर पड़ा मिला। जिसके नंबर के आधार पर रोहन के घर तक पहुंचे दरोगा ने रोहन को उसका मोबाइल सौंप दिया। जिस पाकर रोहन ने कमिश्नरेट पुलिस की जमकर सराहना की है।

### स्टंट करने पर 12000 का कटा चालान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर के गंगा बैराज पर एक बार फिर बाइक सवार स्टंट बाज का खतरनाक राइडिंग करते हुए वीडियो सामने आया है। स्टंट बाद तेज रफ्तार बाइक पर हैंडल छोड़कर खड़े होकर स्टंट बाजी कर रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद नवाबगंज थाने की पुलिस ने इसका संज्ञान लिया इसके बाद स्टंट बाज के खिलाफ ? 12हजार का चालान काटा है और फिर स्टंट बाज की तलाश में पुलिस छापेमारी भी कर रही है। एसीपी करनलगंज महेश कुमार ने बताया कि नवाबगंज पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया है बाइक नंबर के आधार पर 12 हजार का चालान काटा गया है इसके साथ ही बाइक सवार के खिलाफ नवाबगंज थाने में आईपीसी की धारा 336 के तहत एफआईआर दर्ज भी की जा रही है बाइक नंबर के आधार पर सामने आया है की बाइक सवार स्टंट बाज उन्नाव का रहने वाला है। नवाबगंज थाने की पुलिस युवक की तलाश में उसके बाइक नंबर पर रजिस्टर्ड पते पर दबिस दी है लेकिन वह फरार मिला है पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

### शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना रेलबाजार क्षेत्र में स्थित एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग लगते ही एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली में अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में दफ्तर के लोगो ने अग्नि शमन दल को सूचना दी। मौके पर मीरपुर छावनी से फायर बिग्रेड की पहुंची गाड़ियों से फायर कर्मियों ने आग बुझाना शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक रेलबाजार क्षेत्र में स्थित एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली ऑफिस के,ष्ट में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, यूनिट ने तुरंत आग को बुझाना लिया। वही आग को कम समय बुझाने के लिए स्न्र किदवई नगर यूनिट ने मदद ली गई और यूनिट के अथक परिश्रम से आग को अल्प समय में बुझा दिया गया। आग से कोई भी किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है।

### बेकनगंज की महिला ने लगाई सीएम योगी से गुहार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना बेकनगंज अन्तर्गत हीरामन पुरवा में श्री राधेश्याम जी ट्रस्ट की सम्पत्ति पर निवास करने वाली महिला नसीम आरा उर्फ बेबी ने योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है। नसीम आरा उर्फ बेबी ने योगी जी से गुहार लगाई की सादिक अली सैफ बिल्डर के साथ मिलकर मकान रातो–रात गिराकर उसमे बहु–मंज़िला इमारत का निर्माण कराना चाहता है।वो रोज़ किसी न किसी ठेकेदार को लेकर आता है जिससे कि रातों रात मकान गिराया जा सके। उनकी तीन लड़किया हैं उन्हें लेकर कहाँ जाए। मकान का मुकदमा माननीय न्यायालय में विचाराधीन है।न्यायालय को जो फैसला आएगा उन्हें मान्य होगा।परंतु आज जो घटना हुई उससे उनका परिवार बहुत डरा हुआ है। बिना किसी आदेश के सैफ बिल्डर मकान को तुड़वाने लगा उनकी बूढ़ी माँ जो कि दिल की मरीज़ है उनकी तबीयत बिगड़ गयी जब मुहल्ले लोग और उसमें निवास करने वाले दूसरे किराएदारों ने विरोध किया तो वो लोग भाग गए। उनके और उनके परिवारों को जान का ख़तरा है।

### आपस की लड़ाई में पत्नी ने खुद को लगाई आग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पति–पत्नी के आपसी झगड़े के चलते पत्नी ने खुद को आग लगा ली। मिली जानकारी के अनुसार महाराजपुर कस्बा के सुधीर कुमार वर्मा उनकी पत्नी शालू वर्मा की आपस में लड़ाई होने पर शालू ने खुदको आग लगा ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे महाराजपुर थाना की पुलिस तुरंत महिला को काशीराम अस्पताल पहुंचाया।

## ठेके के बाहर मिला युवक का शव, हत्या या आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर शहर के दक्षिण जिले मे दिनदहाड़े दो युवक एक शव को टट्टर के अंदर फेंकते हुए सीसीटीवी कैमरे मे कैद हुए हैं। आसपास के लोगों द्वारा पुलिस को घटना के बारे जानकारी हुई है। जिसके बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना की जानकारी करने के लिए तेजी से जुट गई है।

बीते दिन शनिवार को बर्रा थाना क्षेत्र के हरदेव नगर इलाके मे उस वक्त हड़कंप मच गया। जब क्षेत्र मे बने शराब ठेके के बाहर एक शव पड़ा देखा गया। शव को देख आसपास के लोगों ने आनन फानन मे पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की आसपास के लोगों से पूछताछ की और बॉडी की शिनाख्त मे जुट गई। पुलिस को मृतक के जेब से फोन मिलने के बाद उसके परिवार को सूचना दी गई। तब पता चला कि



मृतक का नाम श्यामस्वरूप है। जिसकी उम्र लगभग 43 वर्ष थी। मृतक श्यामस्वरूप थाना सुमेरपुर के हमीरपुर कैथी गांव के पास का रहने वाला था। मृतक की पत्नी और उसका पूरा परिवार गांव मे ही रहता था। मृतक श्यामस्वरूप कानपुर के कर्राही मे अपने भाई शिव बहादुर साथ किराए के कमरे मे रहकर फर्नीचर का काम करके अपना जीवन यापन करता था। वहीं आसपास के लोगों ने बताया कि कल सुबह 11ः00 बजे जब लोगों ने यहां पर शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना की। जिसके बाद पुलिस ने जब घटनास्थल के अगल बगल लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो दो व्यक्ति युवक को टट्टर के अंदर रखते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिसके उपरांत मृतक के भाई शिव बहादुर ने अपने भाई श्यामस्वरुप की हत्या करने की आशंका जताई है क्योंकि उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी हैं। फिलहाल पुलिस ने बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस द्वारा मौत का सफल खुलासा किया जाएगा।

वहीं मौके पर पहुंचे एसीपी नौबस्ता ने बताया कि आज थाना बर्रा के अंतर्गत जो कि बर्रा के चौकी इंचार्ज को सूचना मिली कि हरदेव नगर स्थित एक देशी शराब की दुकान के सामने एक शव पड़ा है सूचना पर चौकी इंचार्ज मौके पर आए और प्रभारी निरीक्षक मौके पर आए शव को देखा, कहीं शव पर चोट नही था। इसी दौरान मृतक का भाई शिव बहादुर आ गया और उसके द्वारा बताया गया यह मेरा भाई है श्यामस्वरूप जो दारु पीने का आदी है।

ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दारु पीने से इसकी मृत्यु हुई है फिर भी मृत्यु का सही कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराना आवश्यक है अतः एसओ बर्रा द्वारा पोस्टमार्टम और पंचायत नामा करने के उपरांत शव को मर्चरी हाउस भेजा गया है।

इसी दौरान सोशल मीडिया मे किसी के द्वारा भ्रामक सूचना फैलाई गई कि हरदेव नगर मे देशी शराब की दुकान के सामने दो पक्षों मे मारपीट और एक की मौत और दो घायल हुए हैं यह सूचना गलत है।

अगल-बगल के लोगों से बातचीत की गई है इस तरह की कोई भी घटना प्रकाश मे नही आई है।

## यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा 2024 का छह परीक्षा केन्द्रों पर होगा आयोजन

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा 2024) का आयोजन कानपुर नगर के 6 परीक्षा केन्द्रों पर 11 व 12 जून 2024 को कराया जाएगा। यह जानकारी देते हुए चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुल सचिव डॉ. पी के उपाध्याय ने बताया कि कृषि स्नातक की प्रवेश परीक्षा 11 जून को प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के लिए कृषि स्नातक के 3330 अच्यर्थी पंजीकृत हैं व 12 जून को प्रथम पाली मे प्रातः 9 से 12 बजे आयोजित होने वाली परास्नातक एवं पीएचडी प्रवेश परीक्षा को मे 902 अच्यर्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि द्वितीय पाली मे दोपहर 3 बजे से



5 बजे तक आयोजित होने वाली एमबीए प्रवेश परीक्षा मे 103 अच्यर्थी पंजीकृत हैं। डॉ.उपाध्याय बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में कानपुर में कुल 4335 अच्यर्थी 06 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे। विश्वविद्यालय के डॉ.खलील खान ने बताया कि यूपी कैटेट 2024 प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अच्यर्थी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटा पूर्व पहुंचकर उपस्थिति दर्ज कराएं व अच्यर्थी ई प्रवेश पत्र पर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन अवश्य करें।

## व्यापारी नेताओं ने लगवाए सीसीटीवी कैमरे



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

समाजसेवी सरदार गुरुजिंदर सिंह के सौजन्य से जी एस टावर चौराहे पर 4 हाई रेजूलेशन कैमरे लगाए गए।जिसका उद्घघाटन डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम द्वारा किया गया।सरदार गुरुजिंदर सिंह ने कहा कि पुलिस कमिशनर के सार्थक प्रयास से प्रेरणा ले इस चौराहे पर चार कैमरे लगवाने का निर्णय लिया गया था। 31मई को 9 माह के अबोध बालक के गायब होने की घटना भी पुलिस के प्रयास व कैमरो की मदद से खुली व बालक को उसकी माँ के सुपुर्द किया गया उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वह सभी अपने प्रतिष्ठान व आवास के बाहर कैमरे लगवाए। आर एस गौतम ने व्यापारियों को कैमरे के लिए धन्यवाद देते हुए सभी को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## एलुमनी एसोसिएशन ने किया एक व्याख्यान का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट एवं सीएसजेएम यूनिवर्सिटी कैंपस एलुमनी एसोसिएशन के तत्वाधान में शनिवार को एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट के वर्ष के पूर्व छात्र मानस मिश्रा जो कि वर्तमान में डेलोइट कंपनी में टैक्स सीनियर मैनेजर के पद पर कैलिफोर्निया अमेरिका में कार्यरत है ने कहा कि भारत वर्ष के प्रोफेशनल्स की विश्व भर में बहुत अधिक मांग है एवं भारतीय मेधा अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में भी अपना मुकाम हासिल कर चुकी है और आज भारतीय बहुत सारी कंपनियों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट के छात्र-छात्राओं से कहा कि किसी भी संस्थान में कार्य करते समय हमें वर्क एथिक्स का पालन अवश्य करना चाहिए व जीवन में आगे बढ़ाने के लिए नैतिक मूल्यों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए तथा जीवन में हमेशा प्रशंसात्मक सोच रखनी चाहिए। हमें अपने साथ काम करने वाले कर्मचारियों की हमेशा प्रशंसा करनी चाहिए, जिससे कि संस्थान में संगठन की भावना बनी रहे और संस्थान अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अग्रसर हो सके। इस अवसर पर स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशक प्रो.अंशु यादव ने कहा कि कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक की प्रेरणा से विभाग में छात्र-छात्राओं के संपूर्ण विकास के लिए वर्ष पर्यंत कार्यशालाएं आयोजित की जाती है। कार्यक्रम के संयोजक सचिव डॉ. विवेक सिंह सचान ने कहा कि सीएसजेएम यूनिवर्सिटी कैंपस एलुमिनाई एसोसिएशन के पूर्व छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर लगातार कार्य कर रही है।

इस अवसर पर प्रो.सुधांशु पांडिया, डॉ.सुदेश श्रीवास्तव, अर्पणा कटियार, सौरभ पांडे एवं प्रांजल अवस्थी मौजूद रहे।

## बहु को विदा करने आए ससुराली जनों पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस। विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** लाल बंगला में मुंबई से आये ससुराली जनों पर मायके पक्ष के लोगों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसमें पति, ससुर और देवर की चाकू लगने से हालत गंभीर हो गई। गंभीर हालत में सभी को पर हैलट में भर्ती कराया गया। मामले की जानकरी मिलने पर चकेरी पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गये।

मिली जानकारी के अनुसार नव विवाहिता मायके आने के बाद सात महीने से ससुराल नहीं जा रही थी। इसी की बातचीत को लेकर लड़के वाले पंचायत करने कल मुंबई से उसके घर पहुंचे थे। मुंबई के नाला सोपारा में रहने वाली निर्मला कश्यप ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे अनुराग की शादी चंडीगढ़ की रहने वाली प्रीती से की है। प्रीती 7 महीने से मायके में ही है। प्रीती की बहन ज्योति भी उनके भाई के परिवार में ब्याही है। ज्योति भी मायके में ही है ससुराल नहीं जा रही।



निर्मला कश्यप ने बताया कि शनिवार को वह पति रोशन लाल और दोनों बेटों अनुराग और विराज के साथ प्रीति के ननिहाल कानपुर के लाल बंगला पहुंची थी। क्योंकि रिश्ता प्रीति के ननिहाल पक्ष से ही कराया गया था। पंचायत में शामिल होने प्रीति का जीजा ओम प्रकाश दुबे भी मुंबई से पहुंचा था। मगर दोनों पक्षों में बातचीत के दौरान झगड़ा हो गया। इसी बीच प्रीति के जीजा ओमप्रकाश ने चाकू निकाला और प्रीति के पति अनुराग व ससुर रोशन लाल पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

बीचबचाव में वहाँ मौजूद साहिल के पेट में भी चाकू घोंप दी। सभी खून से लहूलुहान हालत में जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद प्रीति उसका जीजा ओमप्रकाश और मायके पक्ष के लोग मौके से फरार हो गये। सूचना पर चकेरी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों को गंभीर हालत में हैलट रेफर कर दिया गया। पुलिस द्वारा हमला वर की तलाश जारी है।

## टूटे-फूटे सामुदायिक शौचालय की रिपेयरिंग नहीं करवा रहे हैं खंड विकास अधिकारी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

बीकापुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मीतनपुर गांव में बने सामुदायिक शौचालय अपने आप पर आंसू बहा रहा है बताते चले की सरकार द्वारा बनाए गए सामुदायिक शौचालय में लगी पानी की टोटिया टूट गई है शौचालय के गड्ढे मे टूटी टोटियों के निकले पानी से भर गई है जिससे गांव की बहन बेटियों को काफी परेशानी हो रही है ब्लॉक पर तैनात खंड विकास अधिकारी बीकापुर ध्यान नहीं दे रहे हैं सरकार द्वारा बनाए गए शौचालय का संचालन समूह द्वारा किया जा रहा है समूह संचालिकाओ ने बताया की सामुदायिक शौचालय की फर्श टूट गई है और टूटी फूटी फर्श पर शौचालय का गंदा पानी भर गया है जिससे शौचालय से बदबू आ रही है सामुदायिक शौचालय टूटने की जानकारी ग्राम सचिव को दे दी गई है जानकारी के बावजूद शौचालय की रिपेयरिंग नहीं कराई जा रही है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

केंद्र की तानाशाही और राज्य सरकार के...

# बुलडोजर मॉडल को जनता ने खारिज किया : विजय विद्रोही

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



भाकपा (माले) की जिला कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए राज्य कमेटी सदस्य विजय विद्रोही ने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम मोदी की तानाशाही के खिलाफ जनादेश है व लोकतंत्र और संविधान की जीत है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय गठबंधन के प्रदर्शन ने देश में गठबंधन की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है, जो भाजपा के लिए एक करारा जवाब है और नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व वाले शासन की अस्वीकृति है। लोगों के सामने आजीविका का संकट और भाजपा द्वारा अपनाई गई विभाजनकारी नीतियों की भी हार हुई है। यह अलग बात है कि शासन सत्ता के प्रभाव में राज्य मशीनरी के दुरुपयोग सहित हर नाजायज तरीके के जरिए वह अपने पूरी तरह से सफाए को बचाने के प्रयास में कामयाब हो गईं और अब जनादेश के विपरीत सरकार बनाने की तरफ बढ़ रही है। भाजपा राज में किसान, मजदूर, गांव, गरीब, महिला नौजवान, दलित, अल्पसंख्यक किसी के भी सवाल हल नहीं होने जा रहे हैं। हमे समाज के सभी वंचित और उत्पीड़ित तबकों को संगठित कर उनके सवालों को मजबूती से उठाने के लिए खुद को तैयार रखना होगा।

जिला सचिव उदय पटेल ने कहा कि यद्यपि कि प्रदेश की जनता ने भाजपा के बुलडोजर राज को खारिज करते हुए न्याय की पुलिसिया परिभाषा से राज्य को बाहर निकलने की चेतावनी दे दी है, किंतु हमे जनता के हक अधिकार के लिए हर तरह के राज्य दमन के विरुद्ध प्रतिरोध विकसित करना होगा।

बैठक में इंकलाबी नौजवान सभा, अखिल भारतीय किसान महासभा, प्रगतिशील महिला एसोसियेशन, महिला समूह कर्ज मुक्ति अभियान मंच, आशा, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन व समूह सखी एसोसियेशन, खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के सदस्यता अभियान, जिला सम्मेलनों के जरिए सुदृढ़ करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पुलिस उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं, पानी के भयावह संकट, समूह की महिलाओं को दिए गए लघु ऋणो की माफी मनरेगा में बकाया मजदूरी के भुगतान आदि सवालों को लेकर आगामी 14 जून को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन का निर्णय लिया गया।

बैठक में हनुमान अंबेडकर, फूल चंद्र मौर्या, राधा राजपूत, आलिया बेगम, कृष्ण आत्मा शर्मा, अहमद सिद्दीकी, अतीत कुमार, उमर नाथ यादव, आशुतोष कुमार आदि शामिल हुए।

## बेटी ने किया नाम रोशन

**जन एक्सप्रेस/भेलसर-अयोध्या।** रुदौली की छात्रा ने नीट परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाकर नगर के साथ साथ ज़िले का नाम रौशन किया रुदौली नगर के प्रतिष्ठित डॉ अमीर अब्बास की होनहार बेटी सरह हसन फात्मा ने नीट की परीक्षा में कुल 720 अंको में 675 अंक प्राप्त कर के एम बी बी एस प्रवेश के लिए कामयाबी हासिल की। आपको बताते चलें कि सरह हसन की बुआ डॉ सईद फात्मा ने 1972 में सीपीएमटी में सफलता प्राप्त कर रुदौली की पहली लेडी डॉ होने का गौरव प्राप्त किया था उन्हीं के दिशा निर्देशन में सरह ने कम्पटीशन की तैयारी की आज 52 साल बाद उनके परिवार में सरह हसन फात्मा ने सबका मान बढ़ाया सरह हसन की माता डॉक्टर ज़ेबा जबी रूदौली की मशहूर डॉक्टर हैं इस अवसर पर परिजनों तथा शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कायाकल्प टीम ने किया निरीक्षण, स्वास्थ्य केंद्र पर किया पौधारोपण

जन एक्सप्रेस। हैदरगंज- अयोध्या

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हैदरगंज में काया कल्प की टीम ने निरीक्षण किया, टीम ने स्वास्थ्य केंद्र पर पौधारोपण भी किया है

खबर अयोध्या जनपद के विकासखंड तारुन अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर राम हैदरगंज की है। जहां पर शनिवार को कायाकल्प की टीम ने निरीक्षण किया। टीम की हेड महाप्रबंधक मानव संसाधन एसपी एमयू एन एच एम उत्तर प्रदेश सुधा यादव सहित डॉ पंकज कुमार डीसी क्यू ए बाराबंकी, और डॉक्टर रवि वर्मा डीसी क्यू ए अंबेडकर नगर टीम में शामिल रहे। कायाकल्प टीम ने बायो मेडिकल वेस्ट, हर्बल गार्डन, लेबर रूम, सहित जांच किया। इस दौरान उपस्थिति रजिस्टर की भी टीम ने जांच करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। टीम की जांच के दौरान वार्ड बाय अमरदीप वर्मा 3 दिन से रजिस्टर में अनुपस्थित मिला। तो वहीं मौजूद स्वीपर ने टीम के सामने कम वेतन मिलने के साथ एक और स्वीपर की तैनाती पर करने की मांग किया। जांच उपरांत टीम ने सीएचसी के स्टाफ के साथ वृक्षारोपण भी किया।

टीम की जांच के दौरान जिले से डॉक्टर अरविंद सिंह, डीपीएम राम प्रकाश पटेल के साथ सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर महिपाल, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अब्दुल कादिर, डॉ राकेश कुमार, डेंटल सर्जन डॉक्टर अखिलेश कुमार, फार्मासिस्ट विनय कुमार सिंह, फार्मासिस्ट वीरेंद्र, वार्ड ब्वाय शिवकुमार पाल, स्टाफ नर्स ज्योति वर्मा, नीलम यादव, दीपक कुमार, एलटी नीरज चतुर्वेदी, एल ए श्याम नारायण वर्मा, डेंटल हाइजीनिस्ट सचिन कुमार, स्वीपर अलख कुमार मौजूद रहे।

# अमेठी में के एल शर्मा की ऐतिहासिक विजय : चौ. सुरेश कुमार निर्मल

### सलोन क्षेत्र के निवासियों ने इंडिया गठबंधन के नेताओं का किया स्वागत

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



अमेठी लोकसभा क्षेत्र के सलोन विधानसभा क्षेत्र के निवासियों ने इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के प्रचार में तन, मन, धन, निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने के लिए सपा के पूर्व प्रत्याशी व वरिष्ठ नेता चौ. सुरेश कुमार निर्मल, सलोन विधानसभा अध्यक्ष पुत्तन यादव व कांग्रेस पार्टी ने वरिष्ठ नेता प्रदीप तिवारी का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर चौ.सुरेश कुमार निर्मल ने कहा कि अमेठी में किशोरी लाल शर्मा ने केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी को पराजित कर ना केवल अमेठी के सांसद बने वरन स्मृति ईरानी का अहंकार भी चूर चूर कर दिया। श्री चौधरी ने सलोन के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया जिन्होंने सबसे बड़ी जीत दिलाई। पुत्तन यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की उलटी गिनती शुरू हो गई है। प्रदीप तिवारी ने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता है। छतोह ब्लॉक के पूर्व प्रधान बभनपुर बब्लू सिंह, रामकिशोर यादव, ब्लॉक अध्यक्ष छतोह उमाकांत पांडे, जे पी सिंह, दिवाकर सिंह राणा, मो0 हसन, समर बहादुर सिंह, नन्हे यादव, संजय मौर्य, अमरेश तिवारी, राजेश यादव, अरविंद मिश्र, बीडीसी डीह ब्लॉक में संजय यादव, दीपक केशरिया, अतुल यादव, रामलखन पासी, रमेश कुमार, रामकेश पासी, सलोन में भूपेंद्र सिंह महासचिव विधानसभा सलोन, उपाध्यक्ष लवकुश मौर्य, संजय विश्वकर्मा, हरिश्चंद्र नेता अखिलेश यादव, श्रीकृष्ण गौतम, सिद्धनाथ यादव, जितेंद्र यादव, तिलकराम गौतम, शिवकरन सरोज, सुरेश वर्मा, दिनेश वर्मा, अक्षय कुमार सरोज, ब्रजेश साहू, रामसजीवन यादव, अवधेश राज यादव, विक्रम यादव, अशरफ मेवाती, मोहम्मद सरफराज आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस विभाग में चली तबादला एक्सप्रेस

### थाना प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में एसपी ने किया बदलाव, नए इंस्पेक्टरों को मिली तैनाती

जन एक्सप्रेस। अमेठी




लोक सभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होते ही अमेठी एसपी अनूप सिंह ने व्यापक स्तर पर थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एसपी ने कई थाना प्रभारियों को पैदल कर नए निरीक्षकों को मौका दिया है। इसके साथ ही सालों से जमे कई थाना प्रभारियों को एक थाने से दूसरे थाने पर ट्रांसफ़र किया गया है।निरीक्षक श्याम नारायण पांडेय को प्रभारी चुनाव सेल से थाना प्रभारी गौरीगंज बनाया गया है।निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह को मोहनगंजथाने की जिम्मेदारी दी गई है।निरीक्षक अजयेंद्र पटेल को अपराध शाखा से प्रभारी निरीक्षक रामगंज बनाया गया है। निरीक्षक विवेक सिंह को जामो से मुसाफिरखाना थाने की जिम्मेदारी दी गई है।जबकि मुसाफिरखाना थाना प्रभारी विनोद सिंह को जामो की कमान सौंपी गई है।निरीक्षक ईश नारायण मिश्र को अपराध शाखा से थाना प्रभारी संग्रामपुर बनाया गया है।उप निरीक्षक अमरेंद्र सिंह को प्रभारी 112 से इन्हौना थाने भेजा गया है।जबकि उप निरीक्षक दयाशंकर मिश्र को भाले सुलतान थाने की जिम्मेदारी दी गई है। मोहनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार यादव को फुरसतगंज थाना प्रभारी बनाया गया है।निरीक्षक थाना प्रभारी गौरीगंज शिवाकांत त्रिपाठी को अपराध शाखा भेजा गया है।और अमेठी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह को अमेठी से प्रभारी मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है।निरीक्षक पंकज द्विवेदी को इन्हौना थाने से प्रभारी लोक शिकायत प्रकोष्ठ बनाया गया है।उप निरीक्षक संदीप राय को चुनाव सेल से पीआरओ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।थानाध्यक्ष फुरसतगंज उप निरीक्षक प्रवीण सिंह को प्रभारी 112 बनाया गया है।उप निरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह को थाना अद्यक्ष रामगंज से जन सूचना प्रकोष्ठ भेजा गया है।निरीक्षक राजकुमार को थान थाना प्रभारी भाले सुल्तान से पुलिस लाइन और संग्रामपुर थाना प्रभारी श्रीराम को पुलिस लाइन भेजा गया है।वहीं कई सालों से महिला थाने में तैनात महिला प्रभारी का स्थानांतरण नहीं हो सका है।

## चोरी की तीन बाइक सहित दो युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। मिल्कीपुर-अयोध्या

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर के दिशा निर्देश में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कुमारगंज पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लग गई है। प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल और चोरी की गई कई मोटरसाइकिलों के इंजन सहित भारी मात्रा में इंजन पार्ट्स बरामद कर लिए हैं। पुलिस टीम ने युवक दुर्गादीन पुत्र दीनदयाल निवासी कस्बा कुमारगंज एवं राम बहादुर पुत्र मुन्नालाल निवासी बवां को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने पकड़े गए दोनों युवकों से कड़ाई से पूंछतांछ की, तब दोनों युवकों ने चोरी की कई घटनाओं को कबूल किया। पुलिस टीम ने पकड़े गए दोनों युवकों के कब्जे से तीन मोटरसाइकिलें, 11 मोटरसाइकिलों के इंजन पार्ट्स, एक फुल इंजन सहित 41 इंजन के कटे पार्ट्स, चार रिम, 24 सॉकर, हीरो सुपर बाइक की टंकी, गाड़ी के अन्य छोटे छोटे पार्ट्स, कई मोटरसाइकिल के चेचिस व एक ग्राइंडर मशीन सहित आधा दर्जन बाइकों की कंप्लीट सीट बरामद कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों को उनके विरुद्ध थाने में पहले से दर्ज चोरी के मुकदमों के आरोप में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रमुख रूप से प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह के अलावा एनडीए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अरविंद कुमार पटेल, उप निरीक्षक जितेंद्र यादव, उप निरीक्षक भानु प्रताप शाही, उप निरीक्षक अर्जुन यादव, उप निरीक्षक अभिषेक त्रिपाठी, प्रशिक्षु उप निरीक्षक विमल यादव एवं अमित कुमार तथा अमित कुमार पांडे सहित हेड कांस्टेबल अवधेश यादव, प्रमोद यादव, अजय कुमार, बृजेश कुमार एवं संतोष कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# जनपद के सभी थानों पर हुआ समाधान दिवस का आयोजन



जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर

जनसमस्याओं के निराकरण के संबंध में निर्गत शासनादेश के क्रम में थाना समाधान दिवस का आयोजन सभी थानों में किया गया। थाना/कोतवाली अकबरपुर में थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ की अध्यक्षता में किया गया।थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 05 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 03 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया तथा शेष 02 शिकायती प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शिकायती प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर क्षेत्राधिकारी अकबरपुर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अकबरपुर, कानूनगो /लेखपाल तथा थाना के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अवध विवि की एमपीए की छात्रा अक्षिता शुक्ला को 2,40000 की छात्रवृत्ति मिली

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की अंतिम सेमेस्टर की छात्रा अक्षिता शुक्ला को सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से पुरस्कार के रूप दो लाख चालीस हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। संत 'मीरा बाई' की जयंती के अवसर पर भारत सरकार की ओर संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें पद्म भूषण पंडित चेतन जोशी, श्रीमती छाया जोशी और विदुषी प्रीति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 5 दिनों के प्रशिक्षण के उपरांत छठे दिन सांस्कृतिक मंत्री, निदेशक सीसीआरटी की उपस्थिति में छात्रा को पुरस्कार स्वरूप छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस संगीत कार्यक्रम में देश के 75000 से अधिक छात्रों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें 24 छात्रों के चयन उपरांत 4 छात्रों का चयन गायन संगीत के लिए किया गया। इन चार में विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की छात्रा अक्षिता शुक्ला भी चुनी गई। छात्रा की उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कौटिल्य प्रशासनिक भवन में छात्रा अक्षिता शुक्ला को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि छात्रा ने विश्वविद्यालय को गौरावित्न्त किया है और वे सभी छात्रों के लिए प्रेरणाश्रोत बनेगी। इनकी संगीत के प्रति लगन एवं मेहनत से इस मुकाम पर पहुॅंची है जो विश्वविद्यालय के गर्व की बात है। मौके पर मुख्य नियंता प्रो0 एसएस मिश्र, परफॉर्मिंग आर्ट्स के समन्वयक डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ0 पीके द्विवेदी, शिक्षिका डॉ0 कविता पाठक मौजूद रही। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, उप कुलसचिव डॉ0 रीमा श्रीवास्तव, दिनेश कुमार मौर्य, मोहम्मद सहील सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी।

## इनवर्टर और बैटरी चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** पुलिस लाइन स्थित तीन थाना क्षेत्र में हुई चोरियों का एएसपी अरुण सिंह ने किया खुलासा उन्होंने बताया कि कैंट पुलिस स्वाट टीम व सर्विलांस टीम को मिली सफलता, इनवर्टर व बैटरी चोरी करने वाले शातिर चोर को किया गिरफ्तार, कैंट पुलिस ने चुंगी चौराहे के पास से किया गिरफ्तार, चोर के निशानदेही पर छह इनवर्टर 8 बैटरी एक डीवीआर बॉक्स व चोरी में प्रयुक्त स्कूटी बरामद, थाना कैंट के कौशलपुरी कॉलोनी में सैलून की दुकान से चोरी हुआ इनवर्टर और बैटरी भी किया बरामद, कोतवाली अयोध्या के सहनवा निर्माणाधीन मकान से चोरी हुआ दो इनवर्टर तीन बैटरी भी बरामद, थाना रौनाही के पड़ाव शेखपर के जन सेवा केंद्र से चोरी हुआ इनवर्टर बैटरी व डीबीआर बॉक्स भी बरामद, पकड़ा गया शातिर चोर सूरज पासी थाना रौनाही के लखौरी गांव का रहने वाला है, इसके ऊपर दर्ज है चोरी के 20 मुकदमे, वन मैन आर्मी की तरह अकेले देता है चोरी को अंजाम।

## अयोध्या के व्यापारियों की सूची तैयार करेगा अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

अयोध्या में विकास के नाम पर जिन व्यापारियों ने दुकान अथवा मकान को खोया हैं उनके दर्द को बांटने अयोध्या पहुंचे अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पहले राम मंदिर का दर्शन पूजन किया उसके बाद वह अपने संगठन के साथ वहां के व्यापारियों के साथ बैठक कर उनको न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

और कहा कि हमारा संगठन अयोध्या धाम के स्थानीय व्यापारियों की एक सूची बनाकर राष्ट्रीय नेतृत्व को देगा जिसके बाद उनकी बातो को केंद्र व प्रदेश सरकार से मिलकर उनसे व्यापरियों की हक की बात करेगा और समय रहते उन्हें न्याय दिलाएगा। उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब सभागार में संगठन की एक बैठक कर व्यापारियों के उत्थान के बारे में चर्चा किया और एक पत्रकार भी बुलाई जिसमे मंडल के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए व्यापारियों के हक की लड़ाई एकजुट होवर लड़ने का निर्णय लिया। पत्रकारों से बात करते हुए संगठन के न्वनिर्वाच प्रदेश अध्यक्ष श्री जायसवाल ने बताया कि संगठन ने जो भरोसा हम पर दिखाया हैं उस पर खरा उतरने के लिए हम अपने पदाधिकारियों के साथ प्रदेश के सभी जिलों में लगने वाले बड़े छोटे बाजारों में जाकर व्यापारियों को जोड़ेंगे जिससे हमारा संगठन मजबूत हो और हम किसी भी सरकार से अपना हक मांग से और व्यापारियों को सरकार से उनके लिए विभिन्न योजनाओं को शुरू करवा कर उनके अथवा उनके परिवार को हर संभव मदद हो जिसके लिए हम सरकार से सीधे बातकर योजनाओं को जल्द चालू कर तमाम व्यापारियों को उनका हक दिला सकेंगे। उन्होंने बताया कि हम व्यापारी ही देश की रीढ़ हैं हमसे ही सरकार योजनाओं का लाभ लोगो तक पहुंचती हैं। और हम ही योजनाओं से वांछित रहें ऐसा कतई नही होने देंगे।

## बीएड की प्रवेश परीक्षा आज, 16 केंद्रों पर 8 हजार से ज्यादा छात्र देंगे परीक्षा

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर

जनपद में रविवार को होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारी पूरी कर लिया है। जिले में बीएड संयुक्त परीक्षा के लिए 16 परीक्षा केन्द्रों बनाए गए हैं, जिस पर 8124 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है उन्होंने बताया की प्रवेश परीक्षा में शासन और विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षा केंद्र की व्यवस्था, शुचिता सम्बन्धी मानक आदि का कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा।

### शासन और विश्वविद्यालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में

कहा कि प्रत्येक केंद्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में कक्ष निरीक्षक या जो भी अनुमन्य न हो, वह मोबाइल फोन का उपयोग परीक्षा केंद्र पर न करें। गर्मी को देखते हुए परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पीने की पानी की व्यवस्था, महिलाओं के लिए अलग से गेट पर जांच की व्यवस्था, चिकित्सीय सुविधा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### दो पालियों में होगी परीक्षा

परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षक की तैनाती की गई है। वही हर परीक्षा केंद्र पर एक उपनिरीक्षक, एक हेड कांस्टेबल, दो कांस्टेबल और दो महिला कांस्टेबल तैनाती की गई है। जिले में परीक्षा के लिए कुल 16 परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया गया है परीक्षा सुबह 9 बजे से 12.00 बजे तक प्रथम पाली और अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक दूसरी पाली में होगी, जिसमें कुल 8124 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

## भाजपा का अहंकार जनता ने तोड़ दिया : पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** सिविल लाइन स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते पूर्व मंत्री तेजनरायण पांडेय पवन ने कहा कि अयोध्या की जनता पग-पग पर छली और ठगी गई है। लोगों के मकान-दुकान उजाड़ दिये गये और उचित मुआवजा भी नहीं दिया। सत्ता के इशारे पर पुलिस-प्रशासन ने डराया-धमकाया और मनमानी तथा लूट-खसोट की। पीड़ित जनता फरियाद लेकर पहुंची लेकिन किसी ने नहीं सुना। लोकसभा चुनाव में जनता को मौका मिला तो उन्होंने साइकिल का बटन दबा दिया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भाजपा के दंभ और अहंकार को यहां की जनता ने तोड़ दिया, जिसके चलते आज पीएम मोदी से ज्यादा चर्चा भाजपा के अयोध्या से हारने की है और इसी से बौखलाकर भाजपा के एजेंट सोशल मीडिया पर अभद्र और अमर्यादित टीका-टिप्पणी और बयानबाजी कर रहे हैं।

नरेंद्र मोदी तीसरी बार भी बनेंगे देश के प्रधानमंत्रीः डॉ हिमन्त बिश्व शर्मा

# 11 सांसदों के साथ असम के सीएम ने किया श्रीरामलला का दर्शन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद शनिवार को असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमन्त बिश्व शर्मा अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी में बजरंगबली के दरबार में मत्था टेका। उसके बाद उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंच कर श्री रामलला से आशीर्वाद लिया। उनके साथ असम के 11 सांसदों ने भी अयोध्या में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर असम से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।

असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमन्त बिश्व शर्मा ने इससे पहले महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने अयोध्या में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी की हार पर कहा कि देश में 543 सीटे हैं, कहीं हारेंगे तो कहीं जीतेंगे, इसमें कोई इशु नहीं है, अंततः नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री तो बन गए। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार लगातार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। प्रभु राम का आशीर्वाद मिला है। इससे पहले स्वाधीन भारत में जवाहरलाल नेहरू तीन बार प्रधानमंत्री बने थे। अब नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। प्रभु श्री राम के आशीर्वाद से नरेंद्र मोदी चौथी बार भी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। अयोध्या में हुए विकास पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट देखकर ही पता चल जाता है कि यहां कितना विकास हुआ है।

**गांधी परिवार पर जवाबदेही न हो इसलिए हो रहा है यह प्रोपेगेंडा**

असम के सीएम ने कहा कि भारत के इतिहास में कोई प्रधानमंत्री तीसरी बार शपथ लेगा यह एक ऐतिहासिक मूवमेंट है। हमारी जेनरेशन ने ऐसा कभी नही देखा। हम लोगों ने सुना था कि जवाहर लाल नेहरू तीन बार प्रधानमंत्री बने थे। लेकिन हमारी जेनरेशन ने वह नही देखा था। ये बहुत बड़ा सौभाग्य है। पीएम मोदी के नेतृत्व में अपना देश स्वर्णिम भारत की ओर अग्रसर होने जा रहा है। विपक्ष के सवालों पर उन्होंने कहा कि हार में भी यह लोग जश्न मनाते हैं। इंडी गठबंधन व कांग्रेस को कोई सवाल नही कर रहा है कि 10 साल में भी आपकी संख्या 100 तक क्यों नही पहुंची है। गांधी परिवार पर जवाबदेही न हो इसलिए यह प्रोपेगेंडा कर रहे हैं, हारे हुए पार्टी का विजय उल्लास मना रहे हैं। मैनें नही सुना था कि परीक्षा में थर्ड डिवीजन मिले, फिर भी आप उल्लास मनाएं कि फेल नही हुए। लेकिन जिनको फर्स्ट डिवीजन मिला उनपर ये लोग दबाव डाल रहे हैं, हालांकि जनता सब देख रही है।

**योगी सरकार के निर्देश पर एयरपोर्ट पर रहे सुरक्षा के कड़े प्रबंध**

असम के सीएम के आने से पहले से ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए थे। उनके साथ असम के 11 सांसद भी अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन के लिए आए। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री सतीश शर्मा व अयोध्या के मेयर गिरीशपति त्रिपाठी ने सभी को माला पहनाकर व रामनामी भेंटकर स्वागत किया।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# अखिलेश यादव विधानसभा सीट छोड़ेंगे

## अब दिल्ली की राजनीति करेंगे, 36 सांसदों से मीटिंग के बाद किया ऐलान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

कन्नौज से सांसद का चुनाव जीतने के बाद अखिलेश यादव ने अपनी विधानसभा करहल को छोड़ने का निर्णय लिया है। इसकी घोषणा उन्होंने सांसदों से मीटिंग के बाद शनिवार को लखनऊ में की। यानी, अब अखिलेश दिल्ली की राजनीति करेंगे। अखिलेश ने 2022 में मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। जीत के बाद आजमगढ़ के सांसद पद से उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। आजमगढ़ में उपचुनाव हुए, उसमें भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ ने जीत दर्ज की थी। अखिलेश ने सपा के सभी जीते हुए सांसदों को शनिवार को लखनऊ बुलाया। इसमें अखिलेश समेत 37 सांसद शामिल हुए। मीटिंग में मंथन के बाद उन्होंने विधानसभा सीट छोड़ने का ऐलान किया।

### देश में नकारान्मक राजनीति खन्म हो गई: अखिलेश

अखिलेश ने कहा- पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की रणनीति की जीत होने से देश में नकारात्मक राजनीति खत्म हो गई। अब समाजवादियों की जिम्मेदारी बढ़ गई। जनता की एक-एक बात सुनें, उनके मुद्दों को उठाएं, क्योंकि जनता के मुद्दों की जीत हुई है। उन्होंने कहा- हमारे सांसदों ने चुनाव में लगातार मेहनत की, जनता के बीच रहे। यही वजह रही कि सपा ने सबसे ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की। सरकार और प्रशासन पर तंज करते हुए अखिलेश ने कहा- हमारे एक सांसद वह हैं, जिन्हें जीत का सर्टिफिकेट मिला। दूसरे वे हैं, जिन्हें भाजपा की धांधली की वजह से सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया। हम दोनों सांसदों को बधाई देते हैं। उम्मीद का दौर शुरू हो चुका है। जनता के मुद्दों की जीत हुई है।



### देश के सबसे युवा सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने कहा, मुद्दों पर जनता ने वोट किया

कौशांबी से चुने गए देश के सबसे युवा सांसद पुष्पेंद्र सरोज भी मीटिंग में शामिल हुए। उन्होंने कहा- इंडी गठबंधन को जनता ने मुद्दों के आधार पर वोट दिया। उन्हीं मुद्दों को हम लोग संसद तक उठाएंगे। कौशांबी की जनता ने अपने क्षेत्र से सबसे युवा सांसद चुनकर भेजा है। यह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। उन्होंने कहा- अखिलेश ने सभी सांसदों से कहा है, इस बार बहुत मजबूती के साथ यूपी की जनता के मान-सम्मान की लड़ाई संसद में लड़नी है। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि जहां से सबसे ज्यादा सांसद चुनकर जा रहे हैं, वहां की जनता की बात संसद में रखें।

### विधानसभा सीट छोड़ने के पीछे की 4 संभावित वजह (जैसा एक्सपर्ट ने बताया)

- यूपी में अब 2027 में विधानसभा चुनाव हैं। 3 साल प्रदेश की राजनीति में ज्यादा कुछ करने के लिए नहीं है। इसलिए अखिलेश अब अपना फोकस दिल्ली की तरफ करेंगे।
- 2024 के रिजल्ट में सपा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। अखिलेश को अब केंद्रीय राजनीति में स्पेस नजर आ रहा है। पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए उन्होंने यह फैसला किया।
- सपा का वजूद अभी सिर्फ यूपी में है। केंद्र में जाकर अखिलेश न सिर्फ हिंदी पट्टी के राज्य, मुस्लिम बहुल राज्यों में भी पार्टी का जनाधार बनाना चाहते हैं।
- कन्नौज सीट से 2019 चुनाव में डिंपल यादव भाजपा प्रत्याशी से हार गई थीं। 2024 में अखिलेश कन्नौज से 1.70 लाख वोट के अंतर से जीत दर्ज की। ऐसे में अखिलेश सीट छोड़कर वहां के लोगों का भरोसा नहीं तोड़ना चाहते।

### विधानसभा के बाद लोकसभा में भी अखिलेश के उतरने का मिला फायदा

अखिलेश यादव ने 2022 विधानसभा चुनाव लड़ा था। उसमें पार्टी को 11 सीटें मिलीं। 2017 में पार्टी के पास 47 सीटें थीं। अखिलेश का पहले लोकसभा चुनाव लड़ने का प्लान नहीं था। उन्होंने चचेरे भाई तेज प्रताप को टिकट दे दिया था। लेकिन, ऐन वक्त में उन्होंने खुद चुनाव लड़ने का फैसला किया और कन्नौज से नामांकन भरा। अखिलेश के लोकसभा चुनाव लड़ने का फायदा भी पार्टी को मिला। 2019 में 5 सीटें जीतने वाली सपा 37 सीटों पर पहुंच गई।

### साल 2000 में अखिलेश ने पहली बार लड़ा था चुनाव

अखिलेश ने कन्नौज सीट से ही राजनीति शुरू की थी। पहली बार साल 2000 में चुनाव लड़ा था और यहां से जीत हासिल की थी। वह लगातार 3 बार कन्नौज से सांसद चुने गए। 2012 में उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के बाद कन्नौज सीट से इस्तीफा दिया था। फिर पत्नी डिंपल यादव को उपचुनाव लड़ाया था। इसमें वह निर्विरोध निर्वाचित हुई थीं। 2014 में भी डिंपल यादव कन्नौज सीट से सांसद चुनी गई थीं। साल 2019 में भाजपा के सुब्रत पाठक ने उन्हें चुनाव हरा दिया था। इसके बाद से समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में आपसी फूट पड़ने लग गई थी, जिससे कन्नौज में सपा पूरी तरह बिखर गई थी। यही वजह रही कि 2019 में डिंपल चुनाव हार गई थीं।

### 'अयोध्या में जनता ने अपने हिसाब से सांसद चुना'

सांसद डिंपल यादव ने कहा- मैं सभी समाजवादी पार्टी के सांसदों को बधाई देना चाहूंगी। लोकतंत्र में लोग अगर खुश नहीं होते हैं, तो अपना प्रतिनिधि अपने हिसाब से चुनते हैं। अयोध्या में भी यही हुआ है। वहां बेरोजगारी चरम सीमा पर है, महिला की सुरक्षा का बड़ा सवाल है।

# 15 मंत्री अपने क्षेत्र में नही दिला सके एनडीए को 'वोट'

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लोकसभा चुनाव में यूपी के 15 मंत्री अपने ही विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को नहीं जिता सके। इन 15 मंत्रियों के गढ़ में विपक्ष ने सेंध लगा दी। 2022 के विधानसभा चुनाव में इन विधानसभाओं में भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल की थी लेकिन लोकसभा चुनाव में सपा के 13 और कांग्रेस के 2 प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर तीन साल बाद आगामी विधानसभा चुनाव के लिए खतरे की घंटी बजा दी।इनमें तीन कैबिनेट मंत्री, दो राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और दस राज्यमंत्री हैं। प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही देवरिया की पथरदेवा सीट से विधायक हैं। कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह ने उनकी विधाानसभा जीत हासिल की। मैनपुरी सदर से विधायक जयवीर सिंह पर्यटन मंत्री हैं। मैनपुरी से सपा के टिकट पर डिंपल यादव संसद पहुंची हैं। जयवीर सिंह ही लोकसभा प्रत्याशी थे लेकिन खुद तो हारे ही और अपनी विधानसभा में भी नहीं जीत सके। भोगनीपुर से विधायक और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान के गढ़ में साइकिल जीत गई।खेल एवं युवा कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव जौनपुर सदर से विधायक हैं। उनकी सीट से सपा के बाबू सिंह कुशवाहा ने विजय प्राप्त की है। कन्नौज से विधायक और समाज कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण की विधानसभा की जनता ने अखिलेश यादव को ज्यादा वोट दिए। राज्य मंत्रियों का लोकसभा चुनाव में सबसे खराब प्रदर्शन राज्यमंत्रियों का रहा। दस राज्यमंत्री अपनी विधानसभा में विपक्ष से मात खा गए। अमेठी की तिलोई सीट से मयंकेश्वर शरण सिंह, सोनभद्र की ओबरा विधानसभा सेसंजीव कुमार गोंड, देवबंद सहारनपुर से जीतकर मंत्री बने बृजेश सिंह, हरगांव सीतापुर के सुरेश राही, मेरठ दक्षिण के विधायक सोमेन्द्र तोमर, खैर अलीगढ़ के अनूप प्रधान बाल्मीकि, अकबरपुर रनिया से प्रतिभा शुक्ला, सीतापुर सदर के राकेश राठौर गुरु, शाहाबाद हरदोई से चुनकर विधानसभा पहुंची रजनी तिवारी और दरियाबाद बाराबंकी के सतीश चंद्र शर्मा हैं।वही कई मंत्री अपना गढ़ बचाने में सफल रहे। इनमें कैबिनेट मंत्री लखनऊ कैंट से विधायक और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, शाहजहांपुर से विधायक और वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, लक्ष्मी नारायण चौधरी, योगेन्द्र उपाध्याय, बेबी रानी मौर्य, धर्मपाल सिंह और अनिल राजभर हैं। स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्रियों में स्टांप व रजिस्ट्री मंत्री रवीन्द्र जायसवाल, के पी मलिक भी अपनी साख बचाने में कामयाब रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### रालोद कार्यालय पर किसानों की समस्याओं पर हुई गहन चर्चा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार आज राष्ट्रीय लोकदल मुख्यालय पहुंचे जहां प्रदेश के किसानों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। गन्ना किसानों को उनके पिछले सत्र के सारे बकाए गन्ना मूल्य के भुगतान करवाने किसानों को निर्बाध बिजली दिलाने व अनावश्यक बिजली कटौती से निजात दिलाने के लिए संबंधित मंत्रियों व अधिकारियों से वार्ता करने पर विचार विमर्श किया गया।लोकसभा चुनाव में मिली पार्टी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एनडीए को सफलता, संगठन की मजबूती के साथ जनसमस्याओं के निराकरण हेतु पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विचार विमर्श हुआ।

### रियल टाइम खतौनी को लेकर सीएम गम्भीर

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रियल टाइम खतौनी पर राजस्व विभाग तेज गति से कार्य कर रहा है। प्रदेश के 10 जनपद ऐसे हैं, जहां रियल टाइम खतौनी का कार्य लगभग शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इन टॉप 10 जनपदों में 4 ने 100 प्रतिशत रियल टाइम खतौनी पूर्ण कर ली हैं तो बाकी 6 जनपदों में भी 99 प्रतिशत से ज्यादा कार्य हो चुका है। रियल टाइम खतौनी का कार्य समग्र रूप से 95.7 प्रतिशत पूरा हो चुका है और सबसे खराब प्रदर्शन वाले जनपदों में भी 72 प्रतिशत से ज्यादा कार्य पूरा हो चुका है। इस साथ 13 जिलों में तेजी से कार्य के निर्देश दिए गए हैं। जिन जनपदों ने शत प्रतिशत रियल टाइम खतौनी का कार्य पूर्ण कर लिया है उनमें शामली, फर्रूखाबाद, अमेठी और कुशीनगर जैसे जनपद शामिल है। सुल्तानपुर में 99.94 प्रतिशत, अमरोहा में 99.91 प्रतिशत, मुरादाबाद में 99.91 प्रतिशत, कासगंज में 99.86 प्रतिशत, सिद्धार्थनगर में 99.84 प्रतिशत और अंबेडकरनगर में 99.83 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। सबसे कम कार्य जिन जनपदों में हुआ है, उनमें कानपुर नगर 72.24 प्रतिशत, प्रयागराज 72.50 प्रतिशत, वाराणसी 73.30 प्रतिशत, चित्रकूट 82.24 प्रतिशत, बलरामपुर 84.32 प्रतिशत, मेरठ 87.43 प्रतिशत, कौशांबी 87.43 प्रतिशत, बागपत 87.46 प्रतिशत, जौनपुर 88.68 प्रतिशत और बहराइच 91.13 प्रतिशत में कार्य पूर्ण हो चुका है और इन सभी जनपदों को दिसंबर तक कार्य पूरे करने के निर्देश दे दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त करीब 13 जनपदहैं, जहां 100 या इससे अधिक ग्राम परिवर्तन के लिए अवशेष हैं। इनमें प्रयागराज में सर्वाधिक 854, जौनपुर में 391, वाराणसी में 377, कानपुर नगर में 302, सीतापुर में 169, बलरामपुर में 159, गोरखपुर में 156, खीरी में 129, फतेहपुर में 125, बहराइच में 120, गोण्डा में 109, कौशांबी में 107 और चित्रकूट में 100 गांव शामिल हैं। इन जनपदों को भी दिसंबर तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अहंकार से नही चलेगा हिंदुस्तान: संजय

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि जो 400 पार का नारा दे रहे थे, 2014 की तुलना में उनकी 160 सीटे कम आयी।2019 की तुलना में 63 सीट कम आयी। यह जनादेश देश की जनता ने बेरोजगारी के खिलाफ दिया है, महंगाई के खिलाफ दिया है, अग्निवीर योजना के खिलाफ दिया है, संविधान को खत्म करने के प्रयास के खिलाफ दिया है, आरक्षण को खत्म करने के प्रयास के खिलाफ दिया है। नफरत की जो राजनीति है भारतीय जनता पार्टी की उस राजनीति के खिलाफ जनादेश आया है। बीजेपी को इससे सबक लेना चाहिए कि अहंकार से हिंदुस्तान नहीं चलेगा। नफ़रत से हिंदुस्तान नहीं बनेगा बल्कि मोहब्बत की बुनियाद पर हिंदुस्तान आगे बढ़ेगा। अयोध्या में हुए बीजेपी की हार को लेकर सांसद संजय सिंह ने कहा कि बीजेपी किसी की सगी नहीं है अयोध्या में हार जाने के बाद अब अयोध्या वासियों को गाली दे रहे हैं यह भाजपा वाले। वही, उत्तर प्रदेश के तीन सीटों पर धांधली का आशंका जताते हुए सांसद संजय सिंह ने कहा कि, फर्रुखाबाद, बांसगांव और फूलपुर के सीटों पर बीजेपी के जीत का अंतर दो से चार हजार है। वो भी तब जब काउंटिंग के अंतिम समय में बिजली काट दी गई थी। क्या बिजली काट कर कोई खेला किया गया है? एनडीए के भविष्य को लेकर संजय सिंह ने कहा, यह एनडीए की सरकार 13 महीने भी चल सकती है 6 महीने भी और 13 दिन भी। बहुत जल्द इनकी विदाई हो जाएगी।इंडिया की सरकार बनने को लेकर संजय सिंह ने साफ कहा कि हम देश की राजनीति पर नजर रखेंगे। एनडीए के दलों की जो मांग है, जैसे आंध्र प्रदेश को विशेष दर्ज की मांग हो या बिहार को स्पेशल राहत पैकेज और विशेष राज्य का दर्जा देना। अग्निवीर योजना खत्म करना। यह देखना होगा कि बीजेपी कितने वादे पूरा करती है। वही टीडीपी की स्पीकर पद को लेकर मांग का समर्थन करते हुए संजय सिंह ने कहा कि भाजपा के स्पीकर से लोकतंत्र को खतरा है इसलिए यदि टीडीपी की मांग पूरी नहीं की जाएगी तो इंडिया गठबंधन इस पर विचार करेगा।बीजेपी का स्पीकर नही होना चाहिए वरना बीजेपी आसानी से पार्टियाँ तोड़ेगी, सांसदों को निलंबित करेगी, संविधान विरोधी बिल पास करेगी।संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में चुनाव नहीं लड़ा लेकिन हमारे संगठन ने अखिलेश यादव, राहुल गांधी को पूरा समर्थन दिया और जनता ने उत्तर प्रदेश से हमें जनादेश दिया। प्रेसवार्ता के दौरान में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह और दिनेश सिंह पटेल मौजूद रहे।

# जमीन पर कब्जे बर्दाश्त नहीं: योगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शनिवार को भी सरकारी आवास 5 केडी पर जनता दर्शन किया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न इलाकों से पहुंचे सैकड़ों लोगों की मुख्यमंत्री को पीड़ा सुनी। उन्होंने कहा कि जमीन पर कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, पीड़ितों को जनपद स्तर पर ही न्याय दिलाएं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन में पहुंचे प्रत्येक पीड़ितों से मुलाकात की। जनता दर्शन में पहुंचे आम जनों से मिलकर सीएम ने उनकी समस्याओं को सुना, फिर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ितों को हर हाल में न्याय मिले। किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जनता दरबार में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के अंदर समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन कार्यक्रम में महिलाएं, पुरुष व युवाओं ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जनता दर्शन में उपचार के लिए आर्थिक सहायता के प्रार्थना पत्र भी आए, जिस पर मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि संबंधित जनपदों में कागजी कार्रवाई कर मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर आए पीड़ितों को भी सीएम ने आश्वस्त किया कि कहीं भी ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जमीन कब्जा की शिकायत पर जिलाधिकारी स्तर से ही सख्ती बरतते हुए इस पर अंकुश लगाया जाए। वहीं युवाओं ने भी अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को रूबरू कराया, जिस पर उन्हें भी त्वरित समाधान का आश्वासन मिला। सीएम ने सभी प्रार्थना पत्रों का समय सीमा के अंदर निस्तारण कर पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने का भी निर्देश दिया।

# पंचायतों में 4821 पदों पर होगी भर्ती

- पंचायत सहायक के पदों के लिए कल जारी होगा विज्ञापन
- 12 जून से आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना दी जाएगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

रिक्त पदों को जल्द भरे जाने के मुख्यमंत्री के निर्देश के अगले ही दिन नई भर्तियों के लिए कवायद शुरू हो गई। उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक अकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर के 4 821 रिक्त पदों पर जल्द भर्ती होगी। निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने 10 जून तक रिक्त पदों पर चयन के लिए विज्ञापन प्रकाशित करने की कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। पंचायतों में कई कारणों से पंचायत सहायक अकाउंटेंट-कम- डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद रिक्त हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजो के फीडबैक के आधार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को रिक्त पदों पर भर्ती जल्द शुरू करने के आदेश दिए थे। इसके बाद पंचायती राज विभाग ने भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है। 12 जून से ग्राम पंचायत के सूचना पट पर आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना दी जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यलय, विकास खंड कार्यालय और ग्राम पंचायत कार्यालय में 15 जून से 30 जून तक आवेदन जमा होंगे।

# लखनऊ प्रशासन ने चलाया नीलांश वाटर पार्क पर बाबा का बुलडोजर





जन एक्सप्रेस। पीयूष द्विवेदी

बीकेटी, लखनऊ। लखनऊ जिले के बीकेटी में किसानों के हितों के लिए संघर्ष कर रहे समाजसेवी दीपक शुक्ला तिरंगा महाराज के नेतृत्व में सैकड़ो किसानों को उन्हें गोमती नदी पर जल समाधि आंदोलन कर धरना प्रदर्शन किया लखनऊ बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के इटौंजा इलाके में पवित्र मां गंगा गोमती की पूजा करने के पश्चात गोमती नदी में जल समाधि के आंदोलन में किसान गोमती नदी के किनारे पहुंचे। शनिवार को किसानों द्वारा जल समाधि की सूचना पर भारी पुलिसबल तैनात किया गया था वहीं इटौंजा थाना प्रभारी, एसीपी बीकेटी, उपजिलाधिकारी बीकेटी और उपजिलाधिकारी मलिहाबाद तथा तहसीलदार सहित राजस्वकर्मी मौजूद रहे। गोमती नदी में हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आठ वर्ष पूर्व से लड़ाई लड़ रहे दीपक शुक्ला उर्फ तिरंगा महाराज समाजसेवी ने किसानों के साथ जल समाधि करने गोमती नदी के तट पर पहुंचे। जहां पहले से ही भारी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया था जिनके द्वारा किसानों को रोका गया।? वहीं किसान गोमती नदी के किनारे बैठ गये और कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिला जाता तब तक किसान डटे रहेंगे। गौरतलब होकि कि बीकेटी क्षेत्र के आकडरिया गांव में स्थित गोमती नदी के किनारे एक निजी वाटर पार्क बना हुआ है। जिसको लेकर किसानों ने आरोप लगाया था कि उनकी खेतों को वाटर पार्क के मालिकों ने कब्जा कर लिया है। जिसको लेकर कई बार उपजिलाधिकारी बीकेटी और मलिहाबाद के नेतृत्व में राजस्वकर्मियों की टीम के द्वारा नपाई भी करायी जा चुकी है। वहीं किसानों का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी दीपक शुक्ला उर्फ तिरंगा महाराज का आरोप है कि वाटर पार्क के मालिक भू-माफिया हैं। उन्होंने गोमती नदी को भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराने को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि वाटर पार्क के मालिक कांग्रेस नेता हैं और आलाधिकारियों से सांठगांठ है और अधिकारियों की मिली भगत से भू माफिया ने गोमती नदी की धारा मोड़कर नदी पर दीवार बना लिया है। दीपक शुक्ला उर्फ तिरंगा महाराज का यह भी आरोप है कि वाटर पार्क के मालिकों ने दलित गरीब किसानों के खेत और सरकारी जमीन पर भी कब्जा कर रखा है। वहीं बीकेटी और मलिहाबाद तहसील प्रशासन की मिलीभगत से सरकारी और किसानों की जमीन कब्जामुक्त नहीं हो पा रही है। वहीं दीपक शुक्ला उर्फ तिरंगा महाराज ने कहा कि वाटर पार्क के मालिकों द्वारा गोमती नदी के लाखों लीटर पानी का इस्तेमाल कर पुनः गन्दा पानी नदी में बहा दिया जाता है। जिसके चलते जहां नदी के पानी का जलदोहन किया जा रहा है। वहीं पानी को प्रदूषित करने का काम भी किया जा रहा है। वहीं तहसील प्रशासन द्वारा पार्किंग के पास लगे गेट की दीवार ध्वस्त कर खाना पूर्ति की गई। जबकि इसके पूर्व कई बार उपजिलाधिकारी बीकेटी और मलिहाबाद के नेतृत्व में राजस्वकर्मियों द्वारा नपाई की जा चुकी है। हर बार मामला दबता चला आया है। एडीसीपी जितेन्द्र दुबे, बीकेटी एसडीएम सतीश चंद त्रिपाठी, बीकेटी एसीपी सुजीत दुबे, अन्य पुलिस फोर्स मौके पर रहा मौजूद.. दीपक शुक्ला तिरंगा ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले कई सालों से हम धरना-प्रदर्शन कर न्याय पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं आखिर हम किसानों व महिलाओं को कब मिलेगा न्याय.. वही दीपक शुक्ला तिरंगा ने आरोप लगाते हुए कहा कि किसान मल्हार, बिना देवी, अन्य किसानों की जमीन पर निलांश वाटर पार्क ने किया है कब्जा , बीकेटी तहसील प्रशासन जमीन नहीं करवा पा रहा है खाली, जिससे कि किसानों में है आक्रोश... एडीसीपी जितेन्द्र कुमार दुबे भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और किसानो की अगुवाई कर रहे तिरंगा महाराज को न्याय का भरोसा दिलाते हुए जल समाधि न लेने को कह मनाया और 13 तारीख को डीएम लखनऊ के साथ बैठक कर किसानों की समस्याओं को सुलझाने की बात की है एसीपी सुजीत दुबे ने कहा, पुलिस किसानों की रक्षा के लिए तत्पर है और न्याय मिलेगा बीकेटी एसीपी सुजीत दुबे के द्वारा न्याय का आश्वासन मिलने पर तिरंगा महराज गोमती नदी मे महिलावो सहित नहा धो कर नदी के किनारे कपूर जलाकर पूजा पाठ कर, आंदोलन समाप्त किया बहादुरपुर सुल्तानपुर के सैकड़ों किसानों की पट्टा धारकों की पत्रावलियां तहसील से हुई थी गायब, जिससे कि किसान काफी नाराज होकर हुए आक्रोशित...

# पोस्टल बैलेट से वोटिंग में कर्मचारियों की झलकी नाखुशी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लोकसभा चुनाव में पोस्टल-बैलेट से वोटिंग में भाजपा गठबंधन यानि एनडीए 47 सीटों पर पिछड़ गया। विपक्षी गठबंधन इंडिया आगे रहा। पोस्टल-बैलेट से अधिक मत पाने के बाद भी कई प्रत्याशी हार गए, लेकिन इससे कर्मचारी वर्ग के झुकाव का अंदाज हो गया। पोस्टल-बैलेट में एनडीए गठबंधन 33 सीटों पर ही आगे रहा।

पोस्टल-बैलेट से 2,36,508 वोट पड़े। इसमें सर्विस वोटर के साथ दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग भी शामिल हैं।पोस्टल बैलेट से सर्वाधिक 7,135 वोट अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में पड़े। विजयी हुए भाजपा के देवेन्द्र प्रताप सिंह भोले को 3,167 और सपा के राजाराम पाल को इनसे अधिक 3,312 वोट मिले। बाकी अन्य दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों को वोट मिले। देवेन्द्र प्रताप सिंह भोले चुनाव जीत गए, लेकिन कर्मचारियों को रिझाने में चूक गए। आजमगढ़ में इसके माध्यम से 5,572 वोट पड़े।

### एनडीए से ज्यादा इंडिया को मिले वोट

विजेता रहे सपा के धर्मेन्द्र यादव को 3,402 और भाजपा के दिनेश लाल निरहुआ को 1,479 वोट मिले। बहराइच में सबसे कम 387 वोट ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से पड़े। यहां विजेता भाजपा के आनंद कुमार को 227 व सपा के रमेश चंद्र को 121 वोट मिले। श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में पोस्टल बैलेट से 526 वोट ही पड़े। यहां सपा के राम शिरोमणि वर्मा चुनाव जीते और पोस्टल बैलेट में भी सर्वाधिक 301 वोट पाए। पोस्टल बैलेट के 2,36,508 वोट में से 1,08252 इंडिया और 1,03730 एनडीए गठबंधन को मिले हैं। बाकी वोट अन्य पार्टियों व निर्दलीय प्रत्याशियों के खाते में गए हैं। विपक्षी इंडिया गठबंधन को 4,522 ज्यादा वोट मिले हैं। कर्मचारी, शिक्षकों के लिए सबसे बड़ा मुद्दा ओल्ड पेंशन बहाली है। हर ओर से इसकी मांग उठ रही है। इंडिया गठबंधन कर्मचारियों के हित की बात करता रहा है। लेकिन सरकार ने सीरियसली लिया ही नहीं जिससे कर्मचारियों में नाखुशी है, जो मत दान के जरिये सामने आई है। बैलेट से वाराणसी में 3,062 वोट पड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 1,531 व कांग्रेस के अजय राय को 1,373 वोट मिले। रायबरेली में 2,575 वोट पड़े। कांग्रेस के राहुल गांधी को 1,605 व भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह को 916 वोट मिले। कन्नौज में 3,548 वोट पड़े। इसमें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को 2,085 और भाजपा के सुब्रत पाठक को 1,239 वोट मिले हैं। बस्ती में विपक्षी गठबंधन इंडिया को सबसे ज्यादा पोस्टल बैलेट वोट मिले हैं। यहां पोस्टल बैलेट से 5,448 वोट पड़े और उसमें सपा के राम प्रसाद चौधरी को 3,518 वोट और भाजपा के हरीश द्विवेदी को 1,407 वोट मिले। एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी को बुलंदशहर में सर्वाधिक वोट मिले। पोस्टल-बैलेट से 5,074 वोट पड़े। भाजपा के भोला सिंह को 3,270 और कांग्रेस के शिवराम को 1,133 वोट मिले।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# मोदी के बाद योगी ने खूब बहाया पसीना

**योगी को उत्तर प्रदेश के विरोधी दल बुलडोजर बाबा कहते रहे हैं। इससे योगी की नकारात्मक छवि बनाने की कोशिश की जाती रही है। उत्तर प्रदेश की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने इसका उल्लेख करते हुए जो कहा, उस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। तब मोदी ने कहा था कि लोगों ने सिर्फ बुलडोज़र-बुलडोजर की बातें सुनी हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश को अगर विकास की नई ऊंचाइयों पर कोई ले गया है तो योगी जी की सरकार लेकर गई है। योगी के खिलाफ चल रहे अफवाहों के जवाब में प्रधानमंत्री के इस बयान को भी देखा जाना चाहिए।**

*आम चुनाव के नतीजों की उलटी गिनती शुरू हो गई है। अगर नतीजे एक्जिट पोल जैसे ही रहते हैं तो मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है। यूं तो हर जीत का सेहरा सेनापति के ही सेहरे पर बंधता है। नरेंद्र मोदी बीजेपी के हरावल दस्ते के अगुआ हैं, इसलिए निस्संदेह मौजूदा जीत उनकी ही होगी। लेकिन इस जीत के बीजेपी की ओर से कई और नायक भी हैं। मोदी और अमित शाह की जोड़ी को भारतीय राजनीति की सबसे सफल जोड़ी की प्रतिष्ठा हासिल हो चुकी है। जाहिर है कि इस जीत के नायक अमित शाह भी हैं। लेकिन बीजेपी के तीसरी बार सत्तारोहण में एक और शख्स की मेहनत भी शामिल है। ये शख्स हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अठारहवीं लोकसभा के चुनाव को लेकर बीजेपी ने जबरदस्त मेहनत की। उसने बेहतर रणनीति बनाई। चुनावी मैदान पर वोटरों को लुभाने के लिए सबसे ज्यादा मेहनत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। 73 साल की उम्र में उन्होंने कितना पसीना बहाया, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अकेले 206 चुनावी रैलियां की या रोड शो किए। पूर्वोत्तर भारत के कुछ-एक इलाकों को छोड़ दें तो तकरीबन समूचे देश में उन्होंने रैली और रोड शो नहीं किया है। भारत में अगर 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने वोटिंग किया है, उन्हें मतदान केंद्रों तक बुलाने में राजनीतिक दलों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका प्रधानमंत्री मोदी की रही है। दिलचस्प यह है कि बीजेपी की ओर से लोगों को लुभाने के लिए जिन नेताओं ने मेहनत की है, उनमें दूसरे नंबर पर अगर कोई है तो वे हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। उन्होंने देशभर में करीब 197 रोड शो और रैलियां की हैं। बीजेपी के चुनाव प्रचार में योगी आदित्यनाथ की मांग उत्तर प्रदेश में रहनी थी। वैसे उत्तर प्रदेश में पार्टी को जिताना उनकी जिम्मेदारी भी थी। लेकिन उत्तर प्रदेश के बाहर भी उनकी खूब मांग रही। योगी जी ने उत्तर प्रदेश से बाहर बारह राज्यों उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, जम्मू, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, ओडिशा, चंडीगढ़, हरियाणा और दिल्ली जैसे बारह राज्यों में उन्होंने प्रचार किया। योगी को लेकर देश का कथित प्रबुद्ध वर्ग विरोधी भाव रखता है। लेकिन चुनाव अभियान में प्रबुद्ध लोगों को लुभाने के लिए उन्होंने प्रबुद्ध लोगों की पंद्रह सभाओं को भी संबोधित किया। मौजूदा चुनाव अभियान जैसे शुरू हुआ था, एक अफवाह फैलाई गई कि उत्तर प्रदेश में अगर बीजेपी जीती तो योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। चुनाव अभियान के दौरान बीजेपी के प्रति क्षत्रिय समुदाय के गुस्से की भी अफवाहें फैलीं। बीजेपी ने शुरू में तो इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी। लेकिन बाद में जब पार्टी को लगा कि इस अफवाह का नुकसान हो सकता है तो पार्टी को सामने आना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी को कई सभाओं में योगी की तारीफ करनी पड़ी। अलीगढ़ की सभा में 23 अप्रैल को मोदी ने जो कहा, उससे पार्टी में योगी की महत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है। तब मोदी ने कहा, ÷जो लोग योगी जी की पहचान सिर्फ बुलडोजर से करते रहते हैं मैं उनकी जरा आंखें खोलना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद जितना औद्योगिक विकास नहीं हुआ वो अकेले योगी जी के काल खंड में हुआ है. मोदी यहीं नहीं रूके। उन्होंने योगी सरकार द्वारा शुरू की गई 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' मिशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसकी वजह से पूरे देश में उत्तर प्रदेश की नई इज्जत बनी है।*

## एक्सप्रेस आलेख

भाजपा का अयोध्या में हारने का मुख्य राजनितिक कारण लल्लू सिंह का संविधान बदलनें वाला विवादित बयान भी हों सकता, जो मतदाताओं का मत दूसरी ओंर फेर दिया। भाजपा को यहाँ से भी भाजपा के जनप्रतिनिधियों का सही और सटीक रिपोर्ट कार्ड नहीं मिल सका और भाजपा ने आंख बंद करकें दोबारा उसी प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया जिसें जनता पसंद नहीं करतीं थी। उपरोक्त विषयों के आधार पर हम ये कह सकतें हैं कि भाजपा अयोध्या में चुनाव हार गई ,ये कोई आश्चर्य की बात नहीं, राम मंदिर की स्थापना ही एक मुख्य कारण नहीं हों सकता की, लोग आंख बंद करकें अन्य कारणों को भूलाकर भाजपा को वोट कर दें।

# अयोध्या में भाजपा के हारनें का धार्मिक और भौतिक-राजनीतिक कारण



प्रतीक तिवारी

**भाजपा और भाजपा के समर्थक ने ये भ्रांति पाल रखी हैं कि, सनातन धर्म और धर्म के बस यहीं लोग अनुयायीं और संरक्षक हैं, और जनता भी बस भाजपा को ही धर्म और सनातन का वाहक और संरक्षक मानतीं हैं, यहीं भ्रम भाजपा का अयोध्या में हारनें से टूट गया। जो लोग अयोंध्या की जनता को बुरा-भला कह रहें हैं**

लोक सभा चुनाव में भाजपा जब से उत्तर प्रदेश के अयोध्या से हारी हैं, तब से भाजपा के समर्थकों के साथ अन्य लोंग भी अयोध्यावासियों कोसे जा रहें हैं, अनाप -सनाप बातें और तमाम कुतर्क दिए जा रहें हैं। अच्छा ये बताइए की राममंदिर में रामलला की प्रतिष्ठा से ही भाजपा को जितना था क्या? आज हो या पहलें या आनें वाला कल तमाम मतदाताओं की अपनी-अपनी विचारधारा और सोच हैं, उसकें अनुसार लोग मत देतें हैं, रहीं बात भाजपा के अयोध्या से हारनें की तो ,इसके भी बहुत से कारण हैं, राम मंदिर स्थापना से लेकर समाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक। पूरे देश की निगाहें जिस अयोध्या पर थीं, वहीं भाजपा चुनाव हार गई। राम नगरी में मिले इस जनमत ने सबको हैरान कर दिया। 1990 की रथयात्रा से लेकर 2024 के चुनाव तक भाजपा के मूल में रहनें वाली सीट पर पार्टी ने जी-जान से ताकत लगाई। हजार-दो हजार करोड़ नहीं, चौंतीस हजार करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू कराए। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद ऐसा लग रहा था, कि इस बार भाजपा को भारी बढ़त मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका, क्योंकि यहां पहले भी राम मंदिर का मुद्दा हावी नहीं रहा। यही कारण है कि इस बार भी चुनाव में इसका खास असर नहीं दिखा। सबसे पहले हम भाजपा के अयोध्या में हारने के धार्मिक और अध्यात्मिक कारणों की बात करतें हैं, की कैसे बस लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी सराकार ने जल्दी -जल्दी बगैर मंदिर के शिखर के ही साधारण समय में बहुत से धर्म विरूद्ध, वेद विरूद्ध और अशास्त्रीय विधि का प्रयोग कर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करा दी गई। ये किसी मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा कम और कोई राजनीतिक आयोजन ज्यादा लग रहा था। इसके साथ ही भारत और सनातन धर्म के सबसे प्रतिष्ठित पद शंकराचार्यों की अवहेलना की गई इसमें पुरी गोवर्धनपीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी और ज्योतिष बद्रीकाश्रम पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी ने रामजी के प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े बहुत से विषयों का खंडन किया और कहा कि कम से कम आयोजकों समेत सरकार को प्रतिष्ठा से जुड़े विषयों पर हम लोगों से भी सलाह लेना चाहिए था पर सलाह और विमर्श तो दूर सरकार ने पूर्णरूप से उन पदों की अवहेलना की। इससे ईश्वर के रुष्ट होने के साथ शंकराचार्य पीठों के अनुयायी ही गुस्सा हुए और भाजपा को मत



**उन्हें ये सोचना चाहिए की मत देंना व्यक्ति का अपना व्यक्तिगत फैसला हैं, किसी दबाव, सहानुभूति और दया के चलतें मतदान नहीं होता, सही मायनों में धर्मनिरपेक्षतापूर्ण , सामाजिकतापूर्ण और राष्ट्र के संविधान मूल्यों की रक्षा और संरक्षण के मुद्दों पर ही मतदान होना चाहिए।**

देनें के पक्ष में न आए। भव्य राम मंदिर और भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को तो सबने देखा और सरकार और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास की सबने जयजयकार की पर असली मर्म तो अयोध्या के वो लोग जानतें है, जिनके लिए राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा आयोजन एक गहरा दर्द दे गया। अयोध्या में सड़कें चौड़ी करने के लिए जो दुकान, मकान तोड़े गए उसकी वजह से बहुत से लोग आहत हुए , अयोध्या में राम मंदिर जानें वाली सड़कों को चौड़ा किया गया। यहां चार पथ बनाए गए। धर्म पथ, भक्ति पथ, रामजन्मभूमि पथ और राम पथ। इनके निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ कि गई राम मंदिर जानें वाली सड़क चौड़ी करनें के लिए कई मकानों और दुकानों को तोड़ा गया, कुछ को पीछे किया गया तो कई को विस्थापित किया गया। अयोध्या में राम मंदिर जानें के लिए सबसे लंबा राम पथ बनाया गया। चौदह किलोमीटर लंबा ये पथ सहादतगंज से नयाघाट तक जाता है, इसके मार्ग मे 30 मन्दिर, 9 मस्जि़द, 6 मज़ार और हज़ारों मकान और दुकान हटाई गईं। इसी तरह 800 मीटर लम्बा भक्ति पथ श्रृंगार हाट बैरियर से और करीब 566 लम्बा रामजन्मभूमि पथ सुग्रीव किला से सीधा श्रद्धालुओं को राम मंदिर ले जाने के लिए बनाया गया और रास्ते में आ रही दुकानों और मकानों के या तो पीछे विस्थापित किया गया या तोड़ा गया। हालांकि सरकार ने मुआवजा भी दिया लेकिन बहुत सारे लोगो के पास दुकान और मकान के कागज़ नहीं थें, इसलिए उन्हें मुआवजा नही मिला।वो बस अपनी रोजी-रोटी और आवास हाथ से जानें का दुःख मनातें रह गए। अयोध्या में रहनें वालें लोगों से पता चला कि हम सब अयोध्या में रहतें हुए भी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से वंचित रहें क्योंकि प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में अयोध्या की जनता को घर में कैंद रहनें की हिदायत दे दि गई, अयोध्यावासी होंने के बावजूद भी उन्हे प्रतिष्ठा महोत्सव से वंचित रखा गया। वहां के निवासियों के अनुसार अयोध्या में 2 साल से लोग परेशान हैं, वीआईपी तो आतें हैं, मगर जो सड़कें बंद होतीं हैं, उनमें वहां के लोग फंसते हैं। लोग घरों में कैद हो जातें हैं। उनके रिश्तेदार शहर के बॉर्डर पर फंस जातें हैं। अंदर नहीं आने दिया जाता। लोग परेशान हो जातें हैं, अयोध्या के मूलवासी होंने के बाद भी हम गैर जैसे रहतें हैं। पहलें तो इतना नहीं समझ आता था ,पर जब से भाजपा सरकार ने राम मंदिर निर्माण का शिलान्यास किया तब से लेकर मूर्ति स्थापना तक और अब उसके बाद भी अयोध्या और रामलला केवल बड़े लोगों के,नेताओं-मंत्रियों के, अभिनेता-अभिनेत्रियों और तमाम उच्च पद-प्रतिष्ठा वालें व्यक्तियों के ही बनकर रह गए हैं। आज खुलेआम अयोध्यापुरी में भेदभाव होता हैं, आज से पहले अयोध्या में किसी मंदिर में दर्शन के लिए वीआईपी व्यवस्था नहीं थी पर आज रामलला के दर्शन के लिए पैसे और विशेष सिफारिश की आवश्यकता हैं, और ये सब भाजपा सरकार की ही देन हैं। अयोध्या में भाजपा के हारने की बड़ी राजनीतिक वजह हैं वहां पूर्व सांसद लल्लू सिंह ।भाजपा को वोट क्यों नहीं पड़ा यह सब का सवाल है ,वहां के मतदाताओं के अनुसार, लोग मोदी-योगी को पसंद करतें हैं। राममंदिर से खुश हैं। मगर सांसद लल्लू सिंह से नाराज हैं। आप ऐसे समझिए कि जो 4.99 लाख वोट भाजपा को मिले हैं,वे प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नाम पर मिलें हैं, लल्लू सिंह को नहीं। वहा के लोग बतातें हैं कि सांसद लल्लू सिंह का लोगों से अच्छा व्यवहार नहीं हैं, वे लोगों की समस्या तक नहीं सुनतें हैं।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 15:44 तक |
| नक्षत्रः | पुनर्वसु 20:20 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | वृद्धि, 17:20 |
| सूर्योदयः | 05:24 |
| सूर्यास्तः | 19:16 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 17:32-19:16 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:56-12:44 |

## जन एक्सप्रेस

### और किसी को टाटा !

*है कहीं पर मातम ।*
*कहीं खुशी है छाई ।।*
*अपने अपने ढंग से ।*
*है सबकी अंगड़ाई ।।*
*है कहीं पर चहल-पहल ।*
*और कहीं सन्नाटा ।।*
*है किसी को हाय हैलो ।*
*और किसी को टाटा ।।*
*रंगमंच अब है सजा ।*
*होगा शुरू खेल ।।*
*हर पल अब अनोखा ।*
*दिख जाएगा मेल ।।*
*जनता को भी हो जाता ।*
*यह सब कुछ स्वीकार ।।*
*जो गले में दिख रहा ।*
*हैं उसी का हार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*लौट कर नहीं आती परछाइयां वापस। उगते सूरज और धूप में बनती कभी उभरती परछाई लौटती नहीं, सांझ होते ही लुप्त हो जाती, काली स्याह परछाइयों की कोई छवि नहीं होती, सदैव निर्विकार होती हैं परछाइयां, परछाइयों के कोई विचार, शब्दावली नहीं होती, केवल ओझल होने वाली सीमाएं होती हैं।*

*केवल उजालों की स्मृतियां शेष रह जाती हैं, हवा को दोनों हाथों से नहीं समेट सका है कोई, यादों की तरह परछाइयां भी उड़ जाती हैं हवाओं में, सूखी नदियां कभी समंदर में नहीं मिलती, छलकता पानी ही मिल पाता है, छूट जाती है रेत बहुत पीछे, इसी तरह आकाश की कोई परछाई नहीं होती, शायद बिंब भी नहीं, लबालब नदी में पैरों के निशान नहीं बनते, बहते पानी में नहीं लिख सकते नाविक का नाम।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*रुकावट आती है सफलता की राह में यह कौन नहीं जानता फिर भी वह मंजिल पा लेता है जो कभी हार नहीं मानता..!*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए करें चेरी का सेवन



**बहुत** ज्यादा तला-भुना और फैटी खाना खाने की वजह से आपके शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने लगता है। हमारे शरीर में दो तरह के कोलेस्ट्रॉल बनते हैं- एक हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन (॥ष्ठरु) जिसे गुड कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है और दूसरा लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन जिसे बैड कोलेस्ट्रॉल कहते हैं। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की स्थिति हो ही हाई कोलेस्ट्रॉल कहते हैं। शरीर में बढ़े हुए एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए चेरी का सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

**एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए चेरी के फायदे:** चेरी, यह रसीला और मीठा फल न सिर्फ स्वाद में लाजवाब होता है बल्कि सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है। नोएडा स्थित आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लीनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, ÷चेरी खराब कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करने में बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद विटामिन सी आदि शरीर में बढ़े बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने और गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करते हैं। कोलेस्ट्रॉल एक मोम जैसा पदार्थ होता है जो हमारे शरीर की सभी कोशिकाओं में पाया जाता है। यह कोशिका झिल्ली के निर्माण और कुछ हार्मोन के निर्माण के लिए जरूरी होता है। एलडीएलया खराब कोलेस्ट्रॉल यह कोलेस्ट्रॉल को धमनियों तक ले जाता है. धमनियों में एलडीएल का स्तर बहुत अधिक होने पर यह धमनियों की दीवारों पर जमने लगता है। धमनियों में जमे हुए इस कोलेस्ट्रॉल के कारण धमनियां संकुचित हो जाती हैं, जिससे ब्लड फ्लो बाधित होता है और हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है।

**चेरी कैसे एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करती है?:** अध्ययन बताते हैं कि चेरी में पाए जाने वाले एंथोसायसिन एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद कर सकते हैं। एंथोसियनिन में एंटीऑक्सिडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। ये गुण शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करते हैं, जिससे एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के ऑक्सीकरण को रोका जा सकता है।ऑक्सीकरण के कारण एलडीएल कण अधिक हानिकारक हो जाते हैं और धमनियों की दीवारों पर आसानी से जम जाते हैं। इसका सेवन करने से गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है। जीवनशैली में कुछ बदलाव करके आप कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रण में रख सकते हैं। इसके लिए आप रेग्युलर एक्सरसाइज करें। इससे एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिलती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# चुनौती और संघर्ष समाजवादियों का स्वभाव है और पहचान भी



मनीष सिंह

**प्रदेश के युवाओं उनकी विश्वसनीयता व दीवानगी इस हद तक बढ़ी कि शादी-व्याह के मांगलिक कार्यक्रमों में श्री अखिलेश यादव पर बने गाने बजाये और सुने जा रहे हैं। जनकल्याण की अपनी भावना और उसके लिए संघर्ष को जनता का पूरा समर्थन मिला।**

18वीं लोकसभा की चुनावी प्रक्रिया अब संपन्न हो चुकी है। जनमत का सम्मान करते हुए इंडिया गठबंधन फ़िलहाल विपक्ष में बैठने का निर्णय ले चुका है तो एनडीए गठबंधन सरकार बनाने की कवायदों में लगा हुआ है। नरेंद्र मोदी ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे ये भी लगभग तय हो चुका है। लोकसभा का ये चुनाव जितना अलग था, परिणाम भी उतना ही अप्रत्याषित आया। मैं यहां आकड़ों का जिक्र नहीं कर रहा लेकिन ऐसे परिणाम की उम्मीद किसी भी गठबंधन या राजनैतिक दल को नहीं थी। एक दशक के बाद देश में फिर से गठबंधन सरकार का दौर लौटा है। यूं तो अब तक के अपने दोनों कार्यकाल में मोदी सरकार को जनता की भलाई व देशहित या विकास से कोई सरोकार नहीं रहा पर अब ये देखना दिलचस्प होगा कि नरेन्द्र मोदी और अमित शाह जैसे तानाशाह नेता गठबंधन की सरकार कैसे और कितने समय चला पाते हैं। साथ हीसबकी उत्सुकता ये जानने में भी है कि जो मोदी भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं वरिष्ठ नेताओं की भी नहीं सुनते थे वो अब किस-किस तरह के समझौते करेंगे। शुरुआत से ही इस लोकसभा के आम चुनाव को अलग चुनाव बताया जा रहा था। भाजपा 'अबकी बार चार सौ पार' का दंभ भर रही थी तो इंडिया गठबंधन लगातार इस चुनाव को

**अपने पीडीए( पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के फोर्मुले के साथ ही उन्होंने युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ ही उन्हें आर्थिक मजबूती वनौकरियों में 33त्न आरक्षण, किसानों को उनका अधिकार और पूरानी पेंशन बहालीकी बात कही। इसके अलावा युवा कल्याण, मुफ्त आटा और मुफ्त डाटा जैसी कई योजनाओं की घोषणा की जो प्रदेश की जनता से सीधे जुडी हैं।**

लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए अहम बता रहा था। ऐसे में सबकी निगाहें देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश पर थीं। कहा जाता है कि दिल्ली की कुर्सी का रास्ता यूपी से ही होकर जाता है इसलिए सत्ता पक्ष हो या विपक्ष दोनों के लिए यूपी अहम हो गया था। समाजवादी पार्टी के लिए यूपी में अधिकतम सीटें जितना बड़ी चुनौती थी। चुनौती और संघर्ष समाजवादियों का स्वभाव है और पहचान भी। समाजवादी हमेशा से देश की जनता के अधिकारों के लिए लड़ते रहे हैं। ठीक उसी अंदाज़ में हमारे नेता व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने यूपी में कमान संभाली। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश जी के नेतृत्व वाली तत्कालीन समाजवादी पार्टी सरकार को उसके तमाम कामों के बाद भी जब प्रदेश की जनता का आशीर्वाद नहीं मिला तो उन्हें सत्ता गंवानी पड़ी। यूपी की भोली-भाली जनता ने केंद्र की ही तरह यहां भी भाजपा के झूठे वादे और सपनों पर भरोसा कर उसे जनमत देकर सत्ता में ला दिया। सत्ता के अहंकार में चूर भाजपा के राजनैतिक गुंडों ने अखिलेश जी पर व्यक्तिगत हमले शुरू किए। इतना ही नहीं वो हर समय उनके अपमान का मौका खोजने में लगे रहते। भाजपा की तरफ से बार-बार उन पर ओझी व्यक्तिगत टिप्पणियां की गईं। समाजवादी आंदोलन और जनहित के लिए संघर्ष से निकले नेता को भाजपा के नेताओं ने टोंटीचोर कहा। अखिलेश जी व उनके परिवार के मुख्यमंत्री आवास छोड़ने के बाद इन अहंकारी-दम्भी भाजपाईयों ने उसे गंगाजल से धुलवाया। इतना ही नहीं लोकसभा चुनाव के दौरान श्री अखिलेश यादव अपने चुनावी क्षेत्र कन्नौज के सिद्धपीठ बाबा गौरी शंकर मंदिर में दर्शन-पूजन करने पहुंचे।दर्शन के उपरांत भाजपा के लोगों ने मंदिर परिसर को गंगाजल से धोया। कई मौकों पर भाजपा द्वारा उनका जातिय आधार पर अपमान किया गया। बतौर पूर्व मुख्यमंत्री मिले सरकारी आवास को खाली करते समय उनके बारे में भ्रामक बयानबाजी की गई और गलत आरोप लगाये गए। उनका सामाजिक अपमान करके राजनैतिक लाभ लेने का प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री रहते श्री यादव द्वारा जनता के लिए किये गये कामों और मुख्यमंत्री न रहने के दौरान जनता के अधिकारों के लिए जनता की आवाज़ बन उनके द्वारा किए गये संघर्षों को किसी ने नहीं देखा। सड़क से सदन तक लगातार संघर्ष करते रहने के बाद भी उन्हें एसी वाला नेता कहा गया। ऐसा कह कर एक तरफ जहां उन्हें भाजपा पोषित गुंडों द्वारा अपमानित किया जा रहा था वहीं दूसरी तरफ जनता के बीच विकास पुरुष की उनकी छवि को धूमिल करने की साजिश की जा रही थी। इसके उलट श्री अखिलेश चुपचाप जनता की सेवा करने में लगे हुए थे। उत्तर प्रदेश के इतिहास में सपा सरकार द्वारा उठाया गया लैपटॉप वितरण का कदम छात्रों के लिए डिजिटल दुनिया की किसी क्रांति से कम नहीं था। 2012 में सपा सरकार में श्री अखिलेश यादव ने बिना किसी जातीय भेदभाव के हर जाति, हर धर्म के छात्रों को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ने का काम किया। छात्रों को डिजिटल शिक्षा से जोड़कर उन्होंने एक नई पहल की जो पूर्ववर्ती सरकारों ने कभी सोचा तक नहीं था।सत्ता में न रहने के बावजूद बावजूद भी श्री अखिलेश यादव हर वर्ष बोर्ड परीक्षा के टॉपर छात्रों को लैपटॉप-साईकिल बांटने का काम लगातार कर रहे हैं।

# सीएचसी में फैला भ्रष्टाचार, आशाओं को बाउचर पास कराने के लिए सुविधा शुल्क देना अनिवार्य

* बिजुआ सी एच सी बनी भ्रष्टाचार का अड्डा बिना रूपए के नहीं हो रहा है कोई काम
* विभागीय अधिकारियों द्वारा हो रहे बर्ताव पर बोलने से डरती है आशाएं सह रही सितम

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



लखीमपुर खीरी। लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार का एक बड़ा कारण हैं सिस्टम में फैला भ्रष्टाचार बताते चलें स्वास्थ्य विभाग पर सरकार पानी की तरह रूपए खर्च करती है लेकिन धरातल पर सच्चाई कुछ और है बताते चलें किस तरह से रूपए आए क्या किया जाए इस गांठ जोड़ में लगे रहते हैं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आशा बहुएं जो अपने कार्यक्षेत्र के समुदाय को स्वास्थ्य सेवा संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी देने, उन्हें प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने, उपलब्ध सेवाओं के उपभोग के लिए परामर्श देने, व्यवस्था करने तथा सहायता देने के साथ-साथ जटिल केस को सन्दर्भित करने, उनको स्वास्थ्य सेवा केन्द्र पहुँचाने में मदद करने, ग्राम स्वास्थ्य योजना बनाने में सहायता करने तथा लोगों को सफाई और स्वच्छता के महत्त्व को बताते हुए स्वच्छ पेयजल तथा शौचालय आदि बनवाने में मदद करने जैसे कार्य 'आशा' कार्यों का ईमानदारी से निर्वाहन करती उसके उपरांत आशा बहुएं विभागीय अधिकारियों की उपेक्षा का शिकार रहती उनकी मेहनत की कमाई पर सरकार से मोटी वेतन लेने वाले विभागीय अधिकारियों की नजर रहती कड़ी धूप में दिन हो या रात किसी भी समय प्रसूता महिलाओं के साथ उपकेंद्र से लेकर सी एच सी और फिर जिला मुख्यालय तक काम आकर प्रसव को सफल कराना या फिर चाहे गांव में गणना करनी हो वो सारे काम एक आशा वर्कर करती है जहां देश के प्रधानमंत्री ने कई बार आशा बहुओं के इस महत्वपूर्ण काम की सराहना की लेकिन जनपद लखीमपुर-खीरी में सीएच सी बिजुआ में जहां फल-फूल रहा भ्रष्टाचार जहां आशा बहुओं की सराहना नहीं एक हिसाब से शोषण होता गलत नहीं होगा बताते चलें बिजुआ सी एच सी में तैनात आशा बहुओं के नोडल अधिकारी राम मोहन अवस्थी और विजय शंकर अवस्थी प्रत्येक आशा से प्रोत्साहन राशि के बाउचर पास करने के 3500/ और विजय शंकर अवस्थी 500/की रिश्वत लेकर बाउचर पास कर रहे हैं। अन्यथा बाउचर पास कराना दूर की कौड़ी अगर कोई आशा इसका विरोध करती है तो तुरंत यह कहते है कि अगर रूपए नहीं दोगी तो बाउचर पास नहीं करेंगे और ऐसा नहीं है कई आशाओं ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि एक आशा की प्रोत्साहन राशि तीस हज़ार के आस पास आई थी उसको रिलीज करने के लिये तो पांच हजार रुपये एक संगिनी के माध्यम से लिये गये बिजुआ सी एच सी में 280 के आस पास आशा बहुएं हैं आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कितना बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है और ये सब अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। आशाओं की मेहनत की कमाई पर डांका डालने वालो को यह सोचना होगा की वह कितनी मेहनत करती और तुम फौकट में दाम पैदा कर रहे और सरकार से वेतन भी ले रहे अगर पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जाए कई विभागीय अधिकारियों की गर्दन फंसेगी।

## शुभम अग्निहोत्री प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस नियुक्त

* जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी



प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष बृज मौर्य व प्रदेश महासचिव विपुल गुप्ता के सुझावनुसार, कैप्टन मोनिस अली नकवी के आशीर्वाद से, प्रदेश किसान कांग्रेस चेयरमैन जगदीश सिंह की संस्तुति पर जनपद लखीमपुर खीरी के पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष गोला गोकर्ण नाथ के कद्दावर कांग्रेस नेता युवाओं की आवाज को बुलंद करने वाले शुभम अग्निहोत्री की किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। उक्त मौके पर्व युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष से शुभम अग्निहोत्री का अभिनंदन किया और फूल माला से स्वागत किया। इस मौके पर शुभम अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनकी कर्म भूमि है और वे सदैव पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का और समाज में नवनिर्वाचित सांसद राहुल गांधी के मोहब्बत के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का काम करते रहेंगे। कांग्रेस ने सदैव इस देश को जोड़ने का काम किया है और इस बार के लोकसभा चुनाव में जिस तरह से आम जन मानस ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को अपना कर वोट किया है यह दर्शाता है कि भारत अभी भी नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोले जाने का मुरीद है और हर कोई राहुल गांधी के इस पैगाम से अपने को जोड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ही इस देश में संविधान की रक्षा कर सभी को उनके अधिकार दिलाने का काम करती आई है। शुभम अग्निहोत्री ने इस मौके पर मौजूद सभी भाइयों जिनमें दिलशाद खान जी, मनीष वर्मा, शोएब आलम, जुबेर खान, अरहान मिर्जा, मुश्ताक इदरीसी, अफजल खान, शेखू खान आदि का शुक्रिया अदा किया और किसान कांग्रेस को और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का वादा किया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे श्री अग्रवाल सभा द्वारा शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे श्री अग्रवाल सभा द्वारा शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, संतोष गर्ग, सीएससी अधीक्षक डॉ.गणेश कुमार, सीएससी प्रभारी डॉ.अजय वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ उक्त अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा श्री अग्रवाल सभा द्वारा शीतल जल पियाऊ स्थापित कराने से मरीजों एवं आगंतुकों को शीतल जल उपलब्ध होगा श्री अग्रवाल सभा द्वारा समाज में जनउपयोगी कार्यक्रम चलाए जाते है कार्यक्रम में रामकली देवी कविता गर्ग ज्योति सीमा कृति अलका गर्ग केशव अग्रवाल देवीप्रसाद केडिया माताप्रसाद केडिया दौलतराम प्रमोद दीपक अजय आशीष राजेश संजय नीरज गर्ग अतुल अग्रवाल दीपक मिश्रा सहित प्राथमिक स्वास्थ केंद्र के कर्मचारी एवम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कई मोहल्लों में लोवोल्टेज और ट्रिपिंग की वजह से घर में लगे बिजली के उपकरण हुए खराब

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। खीरी जिले के बिजली महकमे पर आदेश भी बेअसर है। आलम यह है कि शहरी क्षेत्र में 24 घंटे में 18 घंटे से कम बिजली सप्लाई मिल पा रही... आलम यह है कि शहरी क्षेत्र में 24 घंटे में 18 घंटे से कम बिजली सप्लाई मिल पा रही है। इसके साथ बिजली की ट्रिपिंग और लोवोल्टेज लोगों के उपकरण खराब कर रहे है। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली सप्लाई का हाल और भी खराब है। शहर के तमाम मोहल्लों में बिजली सप्लाई का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महज 25 मिनट की सप्लाई में आठ बार बिजली गुल हुई। वहीं शहर के मोहल्ला काशीनगर, बहादुरनगर, भुईफुरवानाथ, मेला मैदान, नौरंगाबाद में घंटो सप्लाई गुल रही। शहर के कई मोहल्लों में लोवोल्टेज और ट्रिपिंग की वजह से घर में लगे बिजली के उपकरण भी खराब हो गये। लो वोल्टेज को लेकर अधिकारियों का दावा है कि 33 हजार की सप्लाई में 32.2 हजार वोल्ट, 11 हजार की सप्लाई में 10.5 हजार वोल्ट ही आ रहा है ।बहरहाल बिजली अधिकारियों का दावा है बिजली सप्लाई बेहतर हुई है।

### बाल श्रम उन्मूलन, अनैतिक देह व्यापार, मानव तस्करी व नशा मुक्ति जागरूकता अभियान हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। शनिवार को शासन द्वारा चलाए जा रहे। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग व पत्र स0 एसी–3 (बाल श्रम उन्मूलन अभियान )2024 दिनांकित 31.5.2024 पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ, उत्तर प्रदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक, गणेश प्रसाद साहा जनपद लखीमपुर खीरी के आदेश एवं अपर पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी के निकट पर्यवेक्षण व मार्गदर्शन में थाना ।।ड्ड खीरी से प्रभारी उप निरीक्षक राम अवतार हेड कांस्टेबल राजेश कुमार , म0 मु0का0 नीरज गिल, सीमा सिंह चौहान चाइल्ड लाइन से अखिल कुमार मिश्र की संयुक्त टीम द्वारा थाना खीरी क्षेत्र में भिन्न भिन्न स्थानों पर स्थित ईंट भट्ठो मे बालश्रम,अनैतिक देह व्यापार व मानव तस्करी तथा तंबाकू के सेवन पर रोक लगाने हेतु आम जनमानस को जागरुक किया गया।



### पुलिस अधीक्षक,मुख्य विकास अधिकारी खीरी की अध्यक्षता में हुआ थाना समाधान दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुरखीरी। शनिवार को माह के दूसरे शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा व मुख्य विकास अधिकारी खीरी, अनिल कुमार सिंह द्वारा थाना फूलबेहड़ पर उपस्थित रहकर थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई। इस दौरान प्राप्त जनशिकायतों की सुनवाई कर त्वरित व निष्पक्ष जांच कराकर समयबद्ध रूप से विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल के थानों पर उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।



### वकील का क्रमिक अनशन छठे दिन की जारी

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव का क्रमिक अनशन शनिवार को छठे दिन भी जारी है। अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव तहसील परिसर में ही पिछले 6 दिनों से सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर गणेश कुमार के पर कार्रवाई की मांग को लेकर क्रमिक अनशन पर बैठे हैं। जो शनिवार को भी जारी रहा। अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने डॉ गणेश द्वारा दर्ज कराए मुकदमे को स्पंज करने और डॉ गणेश पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है इस मौके पर अधिवक्ता राजेश गिरि, जय प्रकाश वर्मा, प्रदीप सिंह काजल,सुरेश चंद्र गुप्ता,अचल श्रीवास्तव सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।



### गर्मी ने फिर दिखाए तेवर, पारा 42 डिग्री पर टिका

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। मौसम में आए बदलाव के बीच शनिवार को गर्मी ने फिर अपने तेवर दिखाए। अधिकतम तापमान शुक्रवार की तरह 42 डिग्री सेल्सियस पर टिका रहा। दिन में 18 किमी. प्रति घंटे की गति से गर्म हवा चलने से लोग परेशान रहे। तपिश के कारण लोग सिर और मुंह पर कपड़ा लपेटकर निकले। आने वाले दिनों में भीषण गर्मी लोगों को बेहाल करेगी। पारे के फिर 44 डिग्री के पार जाने का अनुमान है। जिले में शनिवार को तेज धूप के साथ दिन की शुरुआत हुई। जैसे–जैसे दिन चढ़ता गया सूरज के तेवर तल्ख होते चले गए। दोपहर 12 बजे तक पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया। दिनभर 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों का घरों से निकलना दूभर कर दिया। गर्म हवाओं के साथ बदन झुलसा देने वाली तपिश को बर्दाश्त करना मुश्किल हो गया। चिलचिलाती धूप और लू के कारण लोग दिनभर घरों में रहे। दोपहर में गर्मी ने ऐसे तेवर दिखाए जिससे बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। बाजार और सड़कों पर चहल–पहल कम हो गई। पैदल चलने वाले राहगीर व बाइक सवारों को ज्यादा परेशानी हुई गर्मी व लू से बेहाल राहगीर जो छांव तलाशते नजर आए। दोपहर ढाई बजे बस स्टैंड, लालबाग चौराहा, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर कम लोग ही निकलते दिखे। गर्मी से बेहाल कोई शिकंजी तो कोई कोल्ड ड्रिंक पीकर राहत पाने की कोशिश करता नजर आया।

# अब अधूरे विकास कार्यों को लगेंगे पंख




जन एक्सप्रेस । बहराइच

बीते चार माह से चल रही चुनावी आचार संहिता के चलते ठप विभिन्न विकास कार्यों को अब पंख लगने की उम्मीद है। आचार संहिता के दौरान विकास कार्यों पर रोक रहती है। इसके चलते कोई भी विकास का काम गति नहीं पकड़ सका। लेकिन आचार संहिता समाप्त होने के बाद अब सड़क, से लेकर पुल, ऑडिटोरियम, ओवरब्रिज, फोरलेन आदि के निर्माण कार्यों में तेजी आने वाली है। डीएम मोनिका रानी ने सभी अफसरों से विकास कार्यों की प्रगति तलब कर उनमें तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

### फोरलेन हाईवे व सरयू पर पुल बनने का काम होगा तेज

बहराइच से बाराबंकी तक लखनऊ हाईवे फोरलेन को करीब छह माह पहले मंजूरी मिल चुकी है। लेकिन चुनाव के चलते निर्माण कार्य गति नहीं पकड़ सका। यहां पर सरयू नदी पर एक नया पुल भी बनना है। अब चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद इसे निर्माण प्रक्रिया में तेजी आएगी। इससे जल्द ही लखनऊ तक का सफर लोगों के लिए और भी आसान हो सकेगा।

### ऑडिटोरियम व गेट निर्माण में आएगी तेजी

शहर में करीब चार करोड़ की लागत से ऑडिटोरियम का निर्माण चल रहा है। लेकिन चुनाव के चलते यह काम में सुस्ती आ गई थी। अब इसका निर्माण तेज गति से कराया जा सकेगा। इसके साथ ही घंटाघर के पास सिद्धनाथ मंदिर का गेट लंबे समय से अर्द्धनिर्मित पड़ा हुआ है। उम्मीद है कि इसका काम भी जल्द ही पूरा हो सकेगा। इसके साथ ही शहर के इंदिरा स्टेडियम में चलने वाले कार्य में भी तेजी आएगी।

### जर्जर सड़कों का होगा निर्माण, जल्द शुरू होगा रेलवे ओवरब्रिज

वर्तमान में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में तमाम ऐसी सड़कें हैं जो काफी जर्जर होने के चलते लोगों का इसपर चलना दुश्वार हो रहा है। चुनाव के चलते सड़क निर्माण का कार्य बंद था। आचार संहिता समाप्त होने के बाद सड़क निर्माण के लिए टेंडर आदि की प्रक्रिया जल्द शुरू हो सकेगी। इससे पुरानी सड़कों की मरम्मत व नई सड़कें भी बनाई जा सकेंगी। इसके साथ ही शहर में बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण भी जल्द पूरा हो सकेगा। इस ओवरब्रिज के शुरू होने से शहरवासियों को गोंडा मार्ग पर आवागमन करने में काफी आसानी हो सकेगी।

### अस्पताल व स्कूल निर्माण में आएगी तेजी

जिले में कई जगहों पर पीएचसी व सीएचसी में निर्माण कार्य चल रहा है। इसके साथ ही अलंकार योजना के तहत करीब एक दर्जन से अधिक स्कूलों का भी कायाकल्प हो रहा है। आचार संहिता के चलते यह काम पूरी तरह से ठप थे। लेकिन अब इनके कार्यों में भी तेजी सकेगी।

### विकास कार्यों को दी जा रही गति

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त हो गई है। अब जिले में होने वाले विकास कार्यों को गति मिल सकेगी। इसके लिए विभिन्न योजनाओं से जुड़े विभाग के अफसरों के साथ बैठक की जा रही है। गांव से लेकर शहर तक होने वाले विकास कार्यों को तेजी से शुरू कराने के निर्देश संबंधित विभागाध्यक्षों को दिए गए हैं।
मोनिका रानी, डीएम

# अधेड़ को लाठी डंडे से पीट–पीटकर मौत के घाट उतार दिया

* उसके बाद दरिंदों ने बाइक से बांधकर तीन सौ मीटर तक घसीटा शव मृतक का
* कि अधेड़ को बाइक में बांधकर करीब तीन सौ मीटर घसीटा और दूसरे गांव के रास्ते पर डालकर दिया।


मृतक फाइल फोटो

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

उधारी का रुपया मांगने पर आरोपियों ने पढुआ थाने के गांव चंदैयापुर निवासी अधेड़ की लाठी डंडा से पीटकर हत्या कर दी। आरोप है कि अधेड़ को बाइक में बांधकर करीब तीन सौ मीटर घसीटा और दूसरे गांव के रास्ते पर डालकर दिया। गांव चंदैयापुर निवासी किसान हरिनाम (55) शुक्रवार की रात खेत मे केले की फसल की रखवाली करने गए थे। आरोप है कि गांव के ही गड्डे और मंगू ने खेत में पहुंच कर हरिनाम से उधारी के रुपये मांगने को लेकर विवाद किया। लाठी डंडा से प्रहार कर हत्या कर दी। आरोप यह भी है कि केले के खेत से उसको बाइक में बांधा और घसीटते हुए उसे तीन सौ मीटर की दूरी पर ले जाकर कांडीहा गांव के पास देवी पुरवा वाले रास्ते पर डाल दिया। सुबह किसान का शव मिला तो कोहराम मच गया।परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। परिजनों के अनुसार हरिनाम की गांव में परचून की दुकान है। आरोपियों ने दुकान से खरीदे गए सामान की उधारी थी।हरिनाम ने आरोपियों से यही रुपया मांगा था।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्यवाही की जाएगी- प्रवीण कुमार सीओ, निघासन।

# बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड खम्भारखेड़ा, द्वारा ग्राम कोडरी में आयोजित किया गया कृषक गोष्ठी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




शनिवार को बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खम्भारखेड़ा द्वारा मिलगेट के ग्राम कोडरी में गन्ना फसल में लगने वाले रोगों की पहचान एवं रोकथाम की तकनीकी जानकारी देने के साथ ही आधुनिक गन्ना खेती पर जोर देने के उद्देश्य से एक बृहद कृषक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में चीनी मिल अधिकारियों, गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों, गन्ना शोध संस्थान,शाहजहांपुर के वैज्ञानिक गणों सहित सैकड़ों कृषकों द्वारा भाग लिया गया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, खम्भारखेड़ा द्वारा कृषकों से उन्नतशील प्रजातियों की बुवाई ट्रेंच विधि से करने के साथ साथ चीनी मिल द्वारा एवं गन्ना विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने हेतु उपस्थित कृषकों को प्रेरित किया गया, तथा कृषक हित में चलाए जा रहे नवीन क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से बताया गया। शाहजहांपुर शोध संस्थान से आये वरि0 वैज्ञानिक एवं उप निदेशक डा. प्रवीण कुमार कपिल द्वारा किसानों एवं चीनी मिल स्टॉफ को कीट-पतंगों जैसे चोटी बेधक, अर्ली शूट बोरर आदि कीटों के नियंत्रण तथा रेड-रॉट, कन्डुआ (स्मट) बीमारी के प्रसार को रोकने एवं पोक्का बोईंग आदि रोग से प्रभावित फसल की पहचान तथा बचाव के उपाय सुझाए गए। तथा कृषि वैज्ञानिक डा.आर.डी. तिवारी द्वारा किसानों एवं चीनी मिल स्टॉफ को बताया गया कि किसी भी दशा में प्रतिबन्धित प्रजातियों अथवा अस्वीकृत एवं अन्य राज्यों की विकसित प्रतिबन्धित प्रजातियो की बुवाई कदापि ना करें। गन्ना बीज के गुणवत्ता, प्रजातिय शुद्धता एवं गन्ना प्रजाति के लम्बे जीवनकाल को बनाये रखने हेतु प्रत्येक कृषक प्रत्येक वर्ष अपने बोये जाने वाले पौधा गन्ना क्षेत्रफल के दसवें भाग में स्वयं का नर्सरी लगायें, जिसमे गन्ने के ऊपरी एवं तिहाई हिस्से को बीज मे प्रयोग करें, बुवाई पूर्व बीज को फंफूदीनाशक एवं कीटनाशक से पूरी रात पानी के घोल में शोधित करके खेत को ट्राइकोडर्मा से शोधित करने के उपरान्त ही एवं आँख के टुकड़े की बुवाई टैंच विधि से करने तथा नर्सरी की अन्य क्रियाये नियमित रूप से देख-रेख करके समय-समय पर संतुलित उर्वरकों, सिंचाई, गुड़ाई के साथ-साथ कीट/बीमारी के आपतन अनुसार कार्य करते रहे एवं उसी नर्सरी में उगाये गये गन्ने को बीज के रूप मे प्रयोग करने हेतु बताया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक प्रमुख नकहा हरिवंश लाल वर्मा ने की, उन्होंने अपने संबोधन में सभी उपस्थित महानुभावों का आभार व्यक्त किया गया तथा चीनी मिल प्रबन्धन एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक से भुगतान में तेजी देने की बात कही, गोष्ठी में लगभग 200 कृषकों ने भाग लिया, गोष्ठी में प्रगतिशील कृषक गुड्डू यादव, रोशन लाल, कृष्ण मोहन, युनुस, प्रज्ञानन्द, कामता यादव एवं कमलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# आतिशबाजी के फेर में तीन घंटे लगा जाम, एंबुलेंस फंसी

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



रेउसा। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए जाने की घोषणा के चलते कस्बे में शुक्रवार देर शाम जमकर आतिशबाजी हुई। इससे कस्बे में करीब तीन घंटे तक जाम लग गया। एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई। कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया जा सका। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

अटक चौक रेउसा में विधायक ज्ञान तिवारी ने अटल जी की प्रतिमा का माल्यार्पण किया। इसके बाद जीत के जश्न में शुक्रवार देर शाम आतिशबाजी हुई। आस-पड़ोस गांवों के तमाम लोग इसमें शामिल होने पहुंचे थे। इससे चौराहे पर काफी अधिक भीड़ लग गई। इस आतिशबाजी के चलते रेउसा-चहलारी मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया। हर तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। इस जाम में फंसकर लोग जूझते रहे।

इधर, चहलारी घाट से एक मरीज को लेने जा रही एंबुलेंस भी फंस गई। करीब आधा घंटे तक वह जाम में फंसी रही। कस्बा निवासी वीरेंद्र, राकेश, कुंज बिहारी, रवी वर्मा, जुगल, शीतल, हिमांशु, महेश, विकास व विनोद व्यापारियों ने बताया चौराहा जाम की वजह से का व्यापार प्रभावित हुआ। पुलिस ने कड़ी मशक्कत करके जाम को खुलवाया। करीब तीन घंटे लोग काफी परेशान रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सिधौली। कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे लखनऊ स्थित ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। हालांकि लखनऊ ले जाने से पहले उसने सीएचसी में ही दम तोड़ दिया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मानपुर के सिकंदरपुर निवासी गौरव प्रताप सिंह (27) शनिवार को बाइक से घर जा रहे थे। सिधौली बस स्टाप के पास सीतापुर से लखनऊ की ओर जा रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। पुलिस की मदद से उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

# रामपुर मथुरा एसएचओ नपे, पल्हापुर हत्याकांड मामले में कराई थी फजीहत

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

आदर्श आचार संहिता हटते ही पुलिस अधीक्षक ने समीक्षा में फेल थानेदारों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी चक्रेश मिश्र ने शुक्रवार देर रात सात निरीक्षकों का तबादला कर दिया। इसमें रामपुर मथुरा में तैनात रहे प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र पांडेय भी शामिल हैं। इसके साथ एक उपनिरीक्षक, 12 मुख्य आरक्षी व 33 आरक्षियों को भी पुलिस लाइन भेज दिया गया है। 11 मई की भोर में रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के पल्हापुर गांव में एक सामूहिक हत्याकांड हुआ था। स्थानीय पुलिस ने बिना जांच किए ही इस हत्याकांड को लेकर मनगढ़ंत कहानी बना दी थी। जांच में पुलिस के दावों की पोल खुली तो एसपी की भी फजीहत हुई थी। कुछ अन्य मामलों में भी प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र पांडेय की लापरवाही सामने आई थी। अब आचार संहिता हटते ही प्रदेश स्तर पर किरकरी कराने वाले इंस्पेक्टर महेश चंद्र पांडे को एसपी ने पद से हटा दिया है।

### भाजपा संगठन ने की थी कार्रवाई की मांग

रामपुर मथुरा में तैनात रहे महेश चंद्र पांडेय ने थाने में अपनी नियुक्ति के दो माह बाद ही भाजपा के किसान मोर्चे के जिलाध्यक्ष सतनाम सिंह व कुछ कार्यकर्ताओं के साथ बदसुलूकी की थी। इस घटना से क्षुब्ध भाजपा पदाधिकारियों ने पुलिस महानिदेशक, मुख्यमंत्री संग सभी उच्चाधिकारियों को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा था। इसके अलावा अवैध खनन की बढ़ती घटनाओं, 1 जुलाई 2023 से 7 जून 2024 तक के कार्यकाल में सिलसिलेवार चोरियों ने पुलिसिंग पर सवाल उठे थे।

### इनका हुआ तबादला

प्रभारी निरीक्षक पिसावां ओमवीर सिंह चौहान को अपराध शाखा, प्रभारी निरीक्षक तालगांव वीरेंद्र सिंह तोमर को प्रभारी निरीक्षक पिसावां, प्रभारी निरीक्षक कमलापुर कृष्ण बली सिंह को अतिरिक्त निरीक्षक साइबर क्राइम थाना, प्रभारी आईजीआरएस सेल भानु प्रताप सिंह को प्रभारी निरीक्षक कमलापुर, निरीक्षक अपराध थाना बिसवां दीपक कुमार राय को प्रभारी निरीक्षक तालगांव, मिश्रिख के निरीक्षक अपराध कृष्ण नंदन तिवारी को प्रभारी निरीक्षक रामपुर मथुरा और पुलिस लाइन से शैलेंद्र कुमार सिंह को अपराध शाखा भेजा गया है। एक उपनिरीक्षक रामआसरे को प्रभारी चौकी कस्बा कोतवाली लहरपुर से पुलिस लाइन भेजा गया है।

## पुलिस ने लड़की को किया सकुशल बरामद



जन एक्सप्रेस/सलेमपुर देवरिया। थाना कोतवाली सलेमपुर अंतर्गत देवरिया उर्फ शामपुर से बीते दो दिन पहले अचानक रात मे गायब हुई लड़की को सलेमपुर प्रभारी निरीक्षक के अथक प्रयासों से ढूढा जा सका हालाकि सोशल मीडिया के सहारे से भी काफी मदद मिली। बीती रात एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा लड़की की सूचना पीपी गंज लोकेशन की दी गई जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक ने पीपी गंज एसो से बात कर वहा तलाश तेज कर दी।पीपी गंज से मिली सूचना के मुताबिक लड़की गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंची जिसके बाद वो ट्रेन से दिल्ली रवाना हो गई है। परिजनों को इसकी सूचना दी गई जिसके बाद परिजनों के रिश्तेदार ने दिल्ली आरपीएफ की मदद से लड़की को सकुशल बरामद कर लिया। इस पूरे प्रकरण मे सलेमपुर पुलिस, कुछ समाजसेवी लोग की तथा लड़की के परिजन के सहयोग से मात्र चौबीस घंटे के भीतर लड़की बरामद की जा सकी।

# लेखपालों ने काली पट्टी बांध समाधान दिवस पर थाने में किया प्रदर्शन

- लेखपाल के साथ रामकोला पुलिस ने किया था दुर्व्यवहार
- सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा धारियों को रोकने गये लेखपाल की जरीब छीन किया था बदसलूकी
- कसया तहसील के रामकोला थाने का मामला
- लेखपाल संघ ने एसडीएम व तहसीलदार को ज्ञापन सौंप एसएचओ व कांस्टेबल के विरूद्ध कार्यवाही की मांग किया

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा रोकने गये लेखपाल के साथ अवैध कब्जाधारियों ने किया बदसलूकी कार्यवाही के लिए रामकोला थाने पर पीड़ित लेखपाल ने दी तहरीर तो थाने के एसएचओ व कांस्टेबल ने लेखपाल के साथ दुर्व्यवहार किया जिससे नाराज लेखपाल संघ ईकाई कसया ने उपजिलाधिकारी व तहसीलदार कसया को ज्ञापन सौंप कसया थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस पर काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन किया और रामकोला के एसएचओ व कांस्टेबल के विरूद्ध कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी दिया है।

जिले के तहसील कसया के उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ईकाई ने शनिवार को संघ के पैड पर दिये गये उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को ज्ञापन में कहा गया है कि विते 6 जून



को लेखपाल गौरव प्रताप सिंह सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सभा बड़हरा लक्ष्मीपुर में सरकारी भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। इनके द्वारा अतिक्रमण करने से मना करने पर अतिक्रमणकारियों द्वारा गुट बना कर विवाद उत्पन्न किया गया तथा जरीब छीन लिया गया तथा सरकारी कार्य में बांधा उत्पन्न किया गया। जिसके संबंध में लेखपाल रामकोला थाने में पहुंचे तो एसएचओ विनय कुमार सिंह व कांस्टेबल मानवेन्द्र यादव द्वारा एक व्यक्ति का नाम तहरीर से निकले पर ही तहरीर लिखने की बात कही गई। लेखपाल द्वारा बताया गया कि वह व्यक्ति ही मुख्य अभियुक्त हैं अतः इनका नाम भी रखा जाय इस पर एसएचओ भड़क गए तथा लेखपाल को उल्टा सीधा बवाली आदि बोलने क्षेत्र में पीटवाने तथा लेखपाल पर ही तहरीर लिखने की बात कहने लगे 7 जून को भी अतिक्रमण किया गया किन्तु एसएचओ द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे इनकी भूमिका संदीग्ध है।इस संबंध में उ.प्र.लेखपाल संघ ने उपरोक्त घटना के संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि रामकोला थाने के एसएचओ विनय कुमार सिंह व कांस्टेबल मानवेन्द्र यादव पर उचित कार्रवाई व स्थानान्तरण करते हुए तहरीर लिखा जाय।संघ ने यह भी निर्णय लिया कि घटना के विरोध में कसया तहसील के समस्त लेखपाल अपने अपने थाने में काली पट्टी बांध कर कार्य समाधान दिवस का करेंगे।यदि दोषी एसएचओ व कांस्टेबल के विरूद्ध कार्यवाही नहीं किया गया तथा तहरीर नहीं लिखा गया तो लेखपाल संघ बृहद आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी एसएचओ की होगी।

इस दौरान लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष निलेश रंजन राव, ब्रजेश मणि त्रिपाठी, तहसील मंत्री डा.सुनील कुशवाहा, शैलेन्द्र कुमार दूबे,अजय दूबे, अंग ध्वज पासवान,रत्न मंजरी गुप्ता, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह,गुलक्सा खातुन, श्रीनिवासन सिंह,अकरम अली आदि लेखपाल मौजूद रहे।

# शासन की मंशा के अनुरूप प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : जिलाधिकारी

- समाधान दिवस में आये कुल 16 प्रार्थना पत्रों में से 4 का हुआ निस्तारण
- थाना कोतवाली पड़रौना में डीएम व एसपी की उपस्थिति में आयोजित हुआ समाधान दिवस



जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद कुशीनगर जनपद में शनिवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की उपस्थिति में थाना कोतवाली पडरौना में आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं का एक-एक कर गम्भीरता पूर्वक सुना गया, व राजस्व व पुलिस विभाग को निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।

समाधान दिवस पर डीएम मिश्र ने कहा की प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में संवेदनशील रहे प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी सभी अधिकारी और कर्मचारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें जो आपके क्षेत्राधिकार के बाहर हो तत्काल प्रार्थी को अवगत करावे।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को राजस्व टीम बनाकर पुलिस बल की सहायता से मौके पर जाकर प्रार्थना पत्रों व शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया।

समाधान दिवस में कुल 16 प्रार्थना पत्र आये जिसमे से 4 का निस्तारण तत्काल किया गया तथा शेष 12 आवेदन पत्रों को सम्बन्धित को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण तथा शीघ्र निष्पक्ष निस्तारण हेतु सौंप दिए गये।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पडरौना सदर व्यास उमराव, सीओ सदर अभिषेक प्रताप, थाना प्रभारी पडरौना सहित राजस्व विभागों के कानूनगो व लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# पिछले लोक सभा चुनाव के मुकाबले इस बार नगर पालिका बरहज में पिछड़ गई भाजपा

- पिछले लोक सभा चुनाव में 27 बूथों पर भाजपा के पक्ष में पड़े थे 9871 मत वहीं इस बार 7615 मत
- पालिका के नवसृजित वार्डों में भी गठबंधन से 1522 मत पीछे रही भाजपा



जन एक्सप्रेस। बरहज, देवरिया

लोक सभा के हुए चुनाव में नगर के मतदाताओं की सत्तासीन पार्टी भाजपा के खिलाफ जमकर नाराजगी देखी गई।

नतीजा यह रहा कि 2019 चुनाव के मुकाबले भाजपा की झोली में काफी कम मत मिले। पिछले चुनाव में नगर की 27 बूथों पर पड़े कुल मतदान 13631 में भाजपा को 9871 मत और गठबंधन (बसपा) को 3262, मत प्राप्त हुआ था। वहीं इस बार के चुनाव में भाजपा को 7615 मत और गठबंधन (कांग्रेस) को 4988 मत प्राप्त हुआ है। यानि पिछले चुनाव के मुकाबले भाजपा को 2256 मतों का नुकसान हुआ है तो वहीं गठबंधन (कांग्रेस) को 1726 मतों का फायदा हुआ है।

जबकि बसपा के सिंबल पर नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव जीतीं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती श्वेता जायसवाल भी अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम चुकीं हैं। बरहज नगर में विपक्ष के नाम पर कोई दूर-दूर तक नजर नहीं आता है। एक तरफ भाजपा कार्यकर्ताओं की फ़ौज तो दूसरी ओर चेयरपर्सन के समर्थकों की लम्बी कतार। फिर भी भाजपा का नगर के 27 बूथों पर पिछले चुनाव के मुकाबले पिछड़ना और नगर पालिका क्षेत्र के जुड़े नए गावों पलियां, पचौहा, उजरा मोहांव, बालू छापर-रगरगंज, मोहांव व लवरछी में गठबंधन के पक्ष में पड़े जमकर मतदान कई प्रश्न पैदा करते हैं। नगर पालिका के नव सृजित इन वार्डों में गठबंधन (कांग्रेस) प्रत्याशी सदल प्रसाद को 2740 मत प्राप्त हुयें तो भाजपा प्रत्याशी कमलेश पासवान को केवल 1218 मतों से ही संतोष करना पड़ा।

कहीं न कहीं भाजपा में बाहरियों के प्रवेश और नाजायज दखलंदाजी व भाजपा के समर्पित व निष्ठावान कार्यकर्ताओं की उपेक्षा तथा भाजपा प्रत्याशी के प्रति लोगों की नाराजगी ने भाजपा को पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस चुनाव में पिछड़ने पर मजबूर कर दिया।

## नगर पालिका परिषद कुशीनगर में नामित किए गये पांच ब्रांड अम्बेसडर



जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। जिले के कुशीनगर नगरपालिका परिषद ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अन्तर्गत नगरपालिका परिषद क्षेत्रान्तर्गत आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने व उनके बीच जन जागरूकता बढ़ाने का कार्य तथा स्वच्छता का आमजन के दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण विषय पर योगदान देने हेतु नगरपालिका परिषद ने समाजसेवी वीरेंद्र तिवारी,वाहिद अली (रोटरी क्लब अध्यक्ष), हरिओम मिश्रा (नयी दिशा पर्यावरण संस्थान अध्यक्ष), समाजसेवी रामाधार यादव, डा. अनिल सिन्हा (संस्कार भारती अध्यक्ष) को स्वच्छता का ब्रांड अम्बेसडर नामित किया है। ब्रांड अम्बेसडर शहर में स्वच्छता की अलख जगाएंगे जिससे शहर के आम जनमानस स्वच्छता के प्रति जागरूक होंगे। जागरूकता से ही स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की परिकल्पना साकार होगी।

# पूर्व प्रधान व सचिव के खिलाफ नोटिस होने के आठ माह बाद भी नही हुई कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिले के विशुनपुरा विकास खंड के नरचोचवा गांव मे पूर्व प्रधान व सचिव के द्वारा कराये गए विकास कार्यों मे अनियमितता विभागीय जांच के दौरान प्रकाश मे आया है।जिला पंचायत राजधिकारी ने पूर्व प्रधान व सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया था।जिसमे सात दिनो के अंदर स्पष्टीकरण नही देने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश जारी हुआ था इस मामले मे आठ माह बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नही होने को लेकर शिकायतकर्ता ने फिर जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग किया है।

नरचोचवा गांव निवासी शैलेश तिवारी द्वारा उच्चन्यायालय इलहाबाद मे याचिका संख्या 4009/2021 मे वाद दाखिल कर उच्च न्यायालय इलहाबाद के संज्ञान मे इस प्रकरण को लाया गया था गांव के पूर्व प्रधान मालती देवी व सचिव जयप्रकाश सिंह द्वारा विकास कार्यो मे बड़े पैमाने पर अनियमितता की गई है और सरकारी धन का खुलेआम दूरुपयोग किया गया है तथा खलिहान, गड्ढा की भूमि पर शासन के मंशा के विपरीत निर्माण कर सरकारी धन का दूरप्रयोग किया गया है। जिसके क्रम मे न्यायालय के आदेश पर जांच हुआ जिसमे कुछ अनियमितता का आरोप सही पाए गए हैं।

और उसके विरुद्ध कार्रवाई के लिए पूर्व ग्राम प्रधान मालती देवी व सचिव जयप्रकाश के विरुद्ध जिला पंचायत राजधिकारी आलोक कुमार प्रियदर्शी ने पत्रांक संख्या 5910 के जरिए नोटिस जारी कर दिया था और एक सप्ताह के अंदर यह लोग अपनी स्पष्टीकरण नही दिये तो विभाग द्वारा उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। आदेश के आठ माह बीत जाने के बाद भी उच्च न्यायालय के आदेश का पालन नही किया गया है।

## प्रधान डाकघर की पहली महिला बनी पोस्टमास्टर

जन एक्सप्रेस/देवरिया। प्रधान डाकघर में डॉ. रीता कुमारी की पोस्टमास्टर के पद पर तैनाती हुई है। हेडपोस्ट ऑफिस में यह पद पाने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। इससे पहले वह एकाउंट्स ब्रांच में सहायक पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात रही हैं।डॉ. रीता जूलॉजी विषय में पीएचडी हैं। इनके पति कुशीनगर में जिला जज के पद पर तैनात हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि ग्राहकों का समय नियमानुसार कार्य संपादित करना मेरी पहली प्राथमिकता है।

## मेडिकल कॉलेज में भीड़ बढ़ी, मचा हो-हल्ला

जन एक्सप्रेस/देवरिया। मेडिकल कॉलेज में मरीजों की भीड़ बढ़ी है। इसके चलते व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। शुक्रवार को सुबह से ही मरीजों की भीड़ रही। कुछ स्थानों पर लोगों को एक से डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा। ईएनटी में बिना नंबर से जाने पर रोकने को लेकर एक व्यक्ति सुरक्षा कर्मी से उलझ गया। इससे हो-हल्ला होने लगा। मामले को शांत कराया गया। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को 2422 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इसके अलावा 1500 के करीब पुराने मरीज पहुंचे थे। सुबह से ही पर्ची काउंटर पर लंबी कतार लग गई। ओपीडी में सुबह नौ बजे मरीजों की भीड़ लग गई। मेडिसिन विभाग में डॉ. विजय गुप्ता, डॉ. गौरव, डॉ. सरफराज ने 415 मरीजों का इलाज किया। यहां भीड़ को सहेजने में सुरक्षा कर्मी परेशान रहे। हड्डी रोग में डॉ. गौरव सिंह, डॉ. शुभम, डॉ. शंभू ने 486 मरीजों को इलाज किया। भीड़ को सहेजने में सुरक्षा कर्मी तर-बतर रहे। चर्म रोग में डॉ. अजीत पाल, डॉ. सुधा ने 171, चेस्ट में डॉ. अनुराग शुक्ला, डॉ. ज्योति ने 115, दंत रोग में 82 मरीजों का इलाज किया गया। दोपहर करीब एक बजे ईनटी विभाग में मरीजों की लंबी कतार रही। इसी बीच बिना नंबर के एक व्यक्ति के जाने पर लोग हो-हल्ला करने लगे। सुरक्षा कर्मी के रोकने पर वह उलझ गया। समझा-बुझाकर शांत कराया गया। बाल रोग विभाग में डॉ. एचके मिश्रा ने 125 मरीजों का इलाज किया। इसमें बुखार, पेट दर्द, उल्टी-दस्त के अधिक मरीज रहे। भीड़ के कारण व्यवस्था पर असर पड़ा। सीएमएस डॉ. एचके मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में भीड़ बढ़ी है। सभी को इलाज, जांच व दवा की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

## मायके से ससुराल जा रही वृद्धा की टेंपो पलटने से मौत

जन एक्सप्रेस/देवरिया।थाना क्षेत्र से गुजर रहे फुलवरिया-सोहनपुर मार्ग पर बहियारी बघेल स्थित ऐंठी मोड़ पर शुक्रवार को एक टेंपो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। इसके बाद टेंपो पलट गया। हादसे में टेंपो में सवार वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गईं। वह मायके से अपनी ससुराल जा रही थीं। मौके पर पहुंचे लोग महिला को टेंपो से निकालकर स्थानीय पीएचसी पर इलाज के लिए गए। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लार थाना के ग्राम संजाव गांव निवासी स्वर्गीय जगदीश दूबे की पत्नी सुभाषिनी दूबे (60) बनकटा थाना के ग्राम भठवा पांडेय अपने मायके गई हुई थीं।

## कल से शुरू होगी सप्त दिवसीय श्रीराम कथा

जन एक्सप्रेस। गोला गोरखपुर

गोला तहसील क्षेत्र के विकास खंड उरुवा के कुशलदेइया गांव में स्थित पीएच इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कथा स्थल से सप्त दिवसीय श्रीराम कथा 10 जून दिन सोमवार से 18 जून दिन मंगलवार तक होना है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए श्री राम कथा के आयोजनकर्ता पीएच इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मनोज कुमार कुमार वैश्य ने बताया कि 10 जून दिन सोमवार को श्री राम कथा सुबह 9 बजे से कलश पूजन के पश्चात भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए मां सरयू के पूजन व आरती के बाद कलश में जल भरने के पश्चात पुनः कथा स्थल पर आकर विश्राम अवस्था को प्राप्त करेगी। श्री राम कथा का रसपान अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ता श्री विद्या सिद्ध एवं ज्योति सम्राट पूज्य श्री राघव ऋषि जी के मुखार बिंदुओं द्वारा होना है। कथा का शुभारंभ उक्त तिथि से समापन तिथि तक शाम 7 बजे से 10 बजे तक कराया जाएगा। आयोजनकर्ता श्री उमर वैश्य ने क्षेत्र के श्रद्धालु श्रोता भक्तजनों से अपील करते हुए कहा कि भव्य कलश यात्रा व श्री राम कथा में अपनी सहभागिता समय से दर्ज कर धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं और पूण्य के भागी बने। निवेदक गायत्री देवी संगीता गुप्ता कृष्ण कुमार उमर राधा देवी अभिनव कुमार अनन्या जान्हवी शौर्य सहित सैकड़ों भक्त जन मौजूद रहे।



## टिकट लेने के लिए दलालों व अन्य यात्रियों में हुई मारपीट

जन एक्सप्रेस/लार, देवरिया। भटनी-वाराणसी रेल खंड पर स्थित लार रोड रेलवे स्टेशन पर टिकट लेने गए दलालों और लोगों में मारपीट हो गई। सुरक्षा बल पहुंचा तो मामला शांत हुआ। सुबह से ही टिकट के लिए लाइन लगा कर खड़े लोगों ने बताया कि जब टिकट लेने का नंबर आता है तो पता चलता है कि पहले से फार्म जमा है।लार रोड रेलवे स्टेशन पर एसी और स्लीपर टिकट के लिए काउंटर 10 बजे खुलता है। टिकट पहले लेने के लिए दूर-दराज के लोग रात से ही लाइन में लग कर खड़े थे। इसी बीच कुछ दलाल किस्म के लोग आ गए और सबको हटा कर आगे खड़ा होकर टिकट लेने लगे। लाइन में खड़े लोगों ने विरोध किया तो मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान स्टेशन पर तैनात सुरक्षा कर्मी स्टेशन मास्टर के साथ पहुंच मामला शांत कराए।

# थाना समाधान दिवस : 114 प्रार्थना पत्र में 40 प्रार्थना पत्रों का हुआ निस्तारण

जन एक्सप्रेस। देवरिया



शनिवार को जनपद देवरिया के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया । समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। इसी क्रम मे जिलाधिकारी देवरिया श्री अखण्ड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संकल्प शर्मा द्वारा थाना मईल में जनसमस्याओं को सुना गया जिसके क्रम में थाना मईल पर कुल 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनके निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा थाना रामपुर कारखाना में जनसमस्याओं को सुना गया जिसके क्रम में थाना रामपुर कारखाना पर कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 01 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये । इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के संबन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 114 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 40 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

# बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहे हैं कम ऊंचाई पर लटकते एलटी तार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

जनपद के उपकेंद्र गोला मदरिया फीडर अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरी में विद्युत वितरण के लिए लगाये गये एलटी तार जमीन से महज कुछ फुट ऊंचाई पर ही हैं, जिससे दुर्घटनाएं होने की आशंका ग्रामीणों में बनी रहती है। व्यस्ततम मार्ग गोला-हाटा के उपर से गुजरने वाले बड़ी गाड़ियों को ढीले एलटी तारों से बचने के लिए बांस आदि का सहारा लेना पड़ता है। यह तार जिन खेतों से होकर गुजरता है उनमें फसलों के लिए प्रतिवर्ष खतरा बना होता है। अक्सर ढीले एलटी तारों के कारण फसलों में आग भी लग जाती है। फसलों के कटाई के समय झुके हुए खम्भों से नीचे आये तारों के कारण फसलों की कटाई के लिए कम्बाईन मशीन का चलना भी कठिन हो जाता है। गांव के अंदर जाने वाले रास्ते पर चार से पांच खंभे के एलटी तार ढीले पड़े हैं जो जमीन से महज सात से आठ फीट ऊंचाई पर लटक रहे हैं। जो कभी-कभी गांव में गुजरने वाले छोटे बड़े वाहन से टकरा जाते हैं। अभी तक संयोग ही रहा है कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई, अगर जल्द से जल्द इसे ठीक नहीं किया गया तो कभी भी कोई घटना घटित हो सकती है।

### ग्रामीणों की शिकायत का विभागीय जिम्मेदार नहीं लेते संज्ञान

तकरीबन एक माह पूर्व सेमरी निवासी राम वशिष्ठ तिवारी,



अमित कुमार तिवारी, कृष्णानंद तिवारी, राकेश मणि तिवारी, लालती तिवारी, रामु तिवारी, अभिषेक तिवारी, राम सिंगार तिवारी आदि ने बताया कि हम लोगों के द्वारा उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर टेढे खम्भो व ढीले एलटी तारों को ठीक करने की गुजारिश की गयी थी। विभाग द्वारा जल्द ही ठीक करने की बात कही गयी, लेकिन तकरीबन एक माह बाद भी ठीक नहीं किया गया।

### शीघ्र होगा समस्या का समाधान : जेई

इस संबंध में पूछे जाने पर सहायक अभियंता विजय शंकर गौड़ ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा सर्वे कर लिया गया है जल्द ही नंगे एलटी तारों की जगह केवल लगाकर समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

## गणमान्यों ने दी हरिराम चौबे को श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

जेवर ,उत्तर प्रदेश में स्थित सिद्ध पीठ मां पिताम्बरा के पीठाधीश्वर श्री ,श्री ,मनु जी महाराज के परम पूज्य पिता का निधन एक लम्बी बीमारी के कारण हो गया है वह लगभग 85वर्ष के रहें। उनके निधन का सदमा पूरे परिवार को लगा फिर भी विपत्ति की घड़ी में परिजनों ने साहस का परिचय देते हुए बीते 8-जून को कर्मकांड विधि से व्रह्मभोज कार्यक्रम को श्रद्धांजलि सभा के जरिए सम्पादित किया।




आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने शोक व्यक्त किया और श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट मौन रहकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके पश्चात वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव ने कहा कि जन्म हुआ है तों मृत्यु निश्चित है। आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे पूर्व विधायक विनोद मणि, पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह, त्रिभुवन मिश्र सतगुरु, ओमप्रकाश त्रिपाठी, परशुराम मणि, राधेश्याम चौबे, मुकेश सिन्हा, संतोष पाण्डेय, प्रदीप कटियार, दिलीप तिवारी, मनोज मिश्र, सुधाकर चौबे मनोज मिश्र, अरविंद दुबे, विकास पाण्डेय, वृहस्पति मिश्र, डिप्टी चेयरमैन राम सिंह,गौरीशंकर चौबे, देवीशरन दूबे, केशव कुमार मिश्र, गौरीशंकर मालवीय, विश्वामित्र मिश्र, देवेन्द्र पाण्डेय, सिद्धार्थ पाण्डेय, रमेश कुमार यादव अरविंद अग्रहरि, व ग्राम प्रधान महेंद्र सहित भारी संख्या में श्रीश्री मनु जी के शिष्य व सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

# बिजली कटौती से जनता बेहाल, जिम्मेदार बेपरवाह, फरमान विभाग पर बेअसर

## गर्मी के कहर से बाजारों से गायब हुए एसी, पंखा, कूलर

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

विगत सप्ताह से जानलेवा गर्मी में इजाफा होने से एवं विद्युत कटौती से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अभी हाल ही में सरकार का फरमान जारी हुआ कि किसी भी हालत में विद्युत कटौती नहीं की जायेगी विशेष इमरजेंसी में ही बिजली व्यवस्था बाधित की जाय। लेकिन इस बेतहाशा गर्मी में भी विद्युत कटौती चरम पर है बिजली विभाग के लिए सरकार का फरमान बेअसर साबित हो रहा है जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस जानलेवा गर्मी से तड़प रहें लोगों को हल्की बूंदाबांदी से राहत महसूस हो रही थी। एकाएक गर्मी में इजाफा होने से बरसात का असर बेअसर साबित हो रहा है जिससे लोग बेतहाशा गर्मी से हांफ रहे हैं रात में घर से बाहर व कोठे पर टहल कर गर्मी से राहत महसूस कर रहे है। बिजली से चलने वाले सामानों की विक्री करने वाले लोगों के लिए प्रकृति का कहर वरदान साबित हो रहा है, जिससे बिजली से चलने वाले सामानों की बड़े पैमाने पर बिक्री हो रही हैं। वैज्ञानिकों ने बताया था कि पिछले 39वर्षो का रिकॉर्ड इस गर्मी ने तोडा है। गर्मी से बचने के लिए हाई एलर्ट हो गया था कि घर से बाहर न निकलें। आज वही हो रहा है बेतहाशा गर्मी से घर से बाहर निकलना लोगों का मुश्किल हो गया है।

प्रकृति के कहर से हांफ रहे लोगों ने गर्मी से राहत पाने को लेकर अपने क्षमतानुसार एसी, पंखा, कूलर की खरीददारी छक कर रहे हैं। वहीं बिजली के सामन बेचने वाले दुकानदार ग्राहकों को लूटने में परहेज नहीं कर रहे हैं। बिना शादी विवाह के मुंह मांगा मूल्यों पर पंखा, कूलर, एसी की विक्री कर रहे हैं। आलम यह हो गया है कि आज बाजार से पंखा, कूलर, एसी, गायब हो गया है।

# अवैध स्वीमिंग पुलों की भरमार, प्रशासन बेखबर

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़




गर्मी में अगर आप स्वीमिंग पूल जाने का प्लान बना रहे हैं तो सावधानी बरतें। क्योंकि शहर के आसपास एरिया में अवैध स्वीमिंग पूल्स की भरमार सी हो गई है। खेतों, हाइवे किनारे और प्लॉटस में बनाए गए इन स्वीमिंग पूल्स में लाइफ सेवर की भी कोई सुरक्षा नहीं है। न ही इनके कोई मानक रखे हैं। मनमाने ढंग से बनाए गए इन स्वीमिंग पूल में नहाने जाने से हर वर्ष कई दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। इसके बाद प्रशासन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति कर अपना पल्ला झाड़ लेता है। यह ही कारण है कि शहर के आउटर एरिया से तहसील तक इस तरह के स्वीमिंग पूल का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। ये जोखिम के पूल आम लोगों की जान पर भारी पड़ रहे हैं। अवैध स्वीमिंग पूल मामले में डीएम से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन नहीं उठ सका।

**एनओसी लेने वालों ने भी जमा नहीं की है क्रीड़ा विभाग में फीस**

गर्मी आते ही शहर में करीब एक दर्जन स्विमिंग पूल सक्रिय हो गए हैं। यहां न मानक पूरे हैं और न ही नियमों का ही पालन हो रहा है। जिन स्विमिंग पूल संचालकों ने एनओसी ली भी है, उन्होंने क्रीड़ा विभाग में निर्धारित फीस जमा नहीं की है। यह अवैध तरीके से संचालित किए जा रहे हैं। ऐसे में अगर कोई हादसा होता है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी।

शहर में ही करीब एक दर्जन स्वीमिंग पूल संचालित किए जा रहे हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी रामिलन के अनुसार, शासन के आदेश के अनुसार, प्रत्येक स्विमिंग पूल संचालक को प्रत्येक साल पूल संचालन से पहले सरकार के खाते में फीस जमा करनी होती है। उसकी बाकायदा रसीद भी मिलती है। इसके बाद स्विमिंग पूल संचालक को निरीक्षण के लिए समय अवधि दी जाती है। उस बीच में टीम मौके पर जाकर यथास्थिति का जायजा लेती है। ओके की रिपोर्ट आने पर ही पूल का संचालन किया जाता है, लेकिन शहर में अब तक एक भी स्विमिंग पूल संचालक द्वारा शासनादेश के मुताबिक कोई फीस जमा नहीं की गई है। ऐसे में कोई भी स्विमिंग पूल वैध नहीं है।

**इन जगहों से लेनी होती है एनओसी**

स्विमिंग पूल संचालन के लिए मनोरंजन कार्यालय से लेकर फायर ब्रिगेड व पुलिस कार्यालय से एनओसी लेनी होती है। इसके साथ ही जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में शासनादेश के अनुसार निर्धारित फीस को प्रति साल जमा करना होता है। उसके बाद में पूल संचालन की अनुमति मिली है, लेकिन शहर में बिना अनुमति के स्विमिंग पूल का संचालन हो रहा है।कुछ लोग ले देकर पुलिस और फायर की एनओसी तो लेते हैं लेकिन बाकी औपचारिकता किसी की पूरी नहीं होती।

**बिना मानक किया जा रहा है संचालन,** खेल निदेशालय से पूल का संचालन शुरू करने से पूर्व अनुमति लेनी जरूरी है। स्विमिंग पूल में आपातकाल स्थिति के लिए दो लाइफ जैकेट का होना जरूरी है। स्विमिंग पूल में दो ऑक्सीजन सिलिंडर, दो कृत्रिम सांस यंत्र भी होने चाहिए।पूल में फिल्टर प्लांट होना चाहिए, जो प्रत्येक दिन चार घंटे चलाया जाए। स्विमिंग पूल चलाने के लिए सबसे पहले स्विमिंग कोच जो राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय खिलाड़ी हो, उसकी जरूरत होती है। प्रत्येक स्विमिंग पूल के लिए दो लाइफ गार्ड, जो भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा प्रमाणित हों, उनका होना जरूरी होता है।

जिला क्रीड़ा अधिकारी राममिलन ने बताया कि शासन के आदेश के अनुसार, प्रत्येक स्विमिंग पूल संचालक को जिला क्रीड़ा विभाग में प्रत्येक साल 15 हजार रुपये सरकार के खाते में जमा करने होते हैं। वह जमा होने के बाद में विभाग द्वारा संबंधित व्यक्ति को रसीद दी जाएगी। उसके बाद ही विभागीय टीम मौके पर जाकर स्विमिंग पूल का निरीक्षण करती है। ओके की रिपोर्ट मिलने के उपरांत ही पूल का संचालन किया जा सकता है, लेकिन अब तक किसी ने भी सरकारी फीस जमा नहीं की है। ऐसे में सभी पूल अवैध हैं।

सिटी मजिस्ट्रेट रमाशंकर का कहना है कि शहर में जो भी अवैध रूप से स्विमिंग पूल संचालित हैं सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कोई भी पूल बिना नियम के संचालित नहीं होगा। इनके खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# शिव से जीव के मिलन की कथा है रास



जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

फजलपुर समस्त ग्राम वासियों की तरफ से श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन की कथा प्रारंभ करते हुए आचार्य पंकज व्यास ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है लेकिन वह भगवान को पराजित नही कर पाया उसे ही परास्त होना पड़ा है रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है गोपी गीत पर बोलते हुए व्यास ने कहा जब तब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाता है लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत ही प्राप्त हो जाती है। श्रीकृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया। कथा के दौरान आचार्य पंकज व्यास ने भजन प्रस्तुत किए।

# बसपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता



जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

पड़ाव दुबे क्षेत्र के बसपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय कांग्रेस पार्टी पधाधिकारी सुनील कुमार जाटव की प्रेरणा से हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी विवेक बंसल के कार्यालय अयोध्या कुटी मैरिस रोड पर विवेक बंसल के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की ढ्ढ इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसी ज्ञान प्रकाश सक्सैना एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष सलाउद्दीन वसी ने माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले लोगों का स्वागत किया ढ्ढ इस अवसर पर विवेक बंसल ने कहा कि आप लोगों का कांग्रेस पार्टी में हार्दिक स्वागत है और उम्मीद करता हूँ आप लोगों के आने से पड़ाव दुबे व अन्य क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी ढ्ढ इस अवसर पर सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो हर समाज के लोगों को लेकर साथ चलती है ढ्ढ इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में धर्मेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, प्रभात कुमार, अनिकेत कुमार, मयंक, वरुण, पर्व, मोंटी आदि थे ढ्ढ इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख कांग्रेसजनों में कफील अहमद खान, अजय धनगर आदि थे।

## बाइक सवार से मोबाइल व नगदी लूटकर फरार

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अकराबाद थाना क्षेत्र के गांव चांदगढ़ी निवासी एक युवक से बाइक सवार अज्ञात बदमाश फोन और नगदी लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस पीड़ित से मामले की जानकारी कर बदमाशों की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, गांव चांदगढ़ी निवासी पिंटू पुत्र श्रीपाल सिंह अपनी बुआ को गांव शेखा में उनके घर छोड़कर बाइक से घर लौट रहा था। इसी बीच इसी बीच जैसे ही वह नानऊ नहर की पटरी पर अपने गांव के निकट पहुंचा। तभी सामने से एक अपाचे बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने उसे जबरन रोक लिया तथा तमंचा दिखाकर डराया। उससे एक कीमती मोबाइल व तीन हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। जिसकी सूचना पीड़ित ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित से घटना की जानकारी ली और बदमाशों की तलाश में जुट गई है। मामले में पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

# आगरा के पिनाहट की आबादी एक महीने से प्यासी नगर में भीषण जल संकट से मची त्राहि-त्राहि

जन एक्सप्रेस । आगरा

कर्मचारियों की मनमानी एवं नगर पंचायत की बड़ी लापरवाही का खामियाजा पिनाहट नगर वासियों को भुगतना पड़ रहा है।एक महीने से लगातार नगर में भीषण पर जल संकट चल रहा है। किंतु नगर पंचायत द्वारा इस गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए अब तक कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। नगर पंचायत पिनहट की कुल वोटर संख्या करीब 16500 है। इतनी बड़ी आबादी को एक महीने से पानी की बूंद बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। नगर पंचायत द्वारा नगर के पेयजल संकट के समाधान के लिए एक महीने के अंदर कोई भी समाधान नहीं सूझा है। बता दें कि नगर पंचायत में दो पेयजल टंकियां हैं जिम बड़ी टंकी की क्षमता 8.5 लाख लीटर की है जबकि छोटी टंकी की क्षमता ढाई लाख लीटर की है। इन दोनों टंकियां को भरने के लिए नगर में छह नलकूप लगे हुए हैं। जबकि एक नए नलकूप भी लग चुका है विद्युत कनेक्शन नहीं हो पाने के कारण चालू नहीं किया जा सका है। चिलचिलाती धूप व तेज गर्मी में लोगों को पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है ऐसे में एक महीने से लोग नगर में पानी के लिए प्यासे बैठे हैं। ग्रामीणों का आरोप है। कि इससे पहले कभी भी नगर में इस तरह का पेयजल संकट नहीं रहा है। वर्तमान में नगर को बिजली की सप्लाई भी भरपूर मिल रही है।



**अप्रशिक्षित कर्मचारियों की तैनाती से बिगड़ी पेयजल व्यवस्था**

ग्रामीणों का आरोप है। इन नलकूपों पर अध्यक्ष द्वारा अपने मनवाने तरीके से अपेक्षित कर्मचारियों को तैनात कर दिया गया है। दिन को नलकूप चलाने व पेयजल सप्लाई देने जैसी कोई जानकारी नहीं है इस कारण नगर की पेयजल व्यवस्था बिगड़ी हुई है।

**तीन नलकूपों का जलस्तर गिरा**

नगर पंचायत के कर्मचारियों ने बताया कि नगर में लगे 6 नलकूपों में एक का जलस्तर गिर चुका है। जिनमें पाइप फंसाने का काम चल रहा है। इस कारण भी पेयजल समस्या बनी हुई है।वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष रामरती देवी के पति आजाद बाबू ने बताया कि नगर में कुछ 6 नलकूप है। जिनमें दो खराब थे। जो सही हो रहे हैं। एक दिन में चलता है। बाकी तीन पर अब तक वोल्टेज कम आ रहे थे। अब सही आ रहे हैं। नलकूपों पर तैनात कर्मचारी सही काम कर रहे हैं।

# पर्यटक रास्तों पर आकर्षक पेंटिंग: जल, जंगल, जमीन, जानवरों को पेंटिंग के माध्यम से बचाने का संदेश

जन एक्सप्रेस । आगरा



नगर पालिका परिषद फतेहपुर सीकरी द्वारा पर्यटक रास्तों को आकर्षक एवं सुंदर बनाने के लिए दीवारों पर पेंटिंग करवाई जा रही है, ग्राम दूरा निवासी भारतीय कलाकार संघ के के मशहूर पेंटर लोकेश कुमार व विवेक कुमार द्वारा अपनी कलाकारी व चित्रकारी से पर्यटन नगरी फतेहपुर सीकरी को रंग-बिरंगे एवं संजीव चित्रकारी से वहां की दीवारों को मनमोहक एवं सुंदर सुसज्जित कर पर्यटकों को अच्छा संदेश दिया है।

इन दोनों कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार के चित्रकारी के माध्यम से जल, जंगल, जमीन व जानवरों को बचाने का संदेश देती हुई पेंटिंग्स बनाई गई है। इसी के साथ सेल्फी प्वाइंट, राजस्थानी चित्रकारी, पर्यावरण चित्रकारी, राष्ट्रीय पशु पक्षी स्वच्छ भारत मिशन 3डी चित्रकारी कर अपनी कलाकारी का लोहा बनवाया है। देश-विदेश के पर्यटक प्रतिदिन उनकी चित्रकारी की सराहना करते नहीं थक रहे हैं।

उक्त कलाकार इन्होंने अपनी उत्कृष्ट चित्रकारी से अपने ग्राम दूरा के साथ-साथ फतेहपुर सीकरी और जनपद आगरा का नाम रोशन किया है, देश विदेश से सीकरी घूमने आने वाले पर्यटक भी उनकी चित्रकारी की फोटोग्राफी करके वीडियोग्राफी करके सराहने कर रहे हैं, जो हमारे लिए एक गौरव की बात है।

## ट्रेन की चपेट में आकर दो अज्ञात व्यक्तियों की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** गभाना क्षेत्रान्तर्गत दिल्ली कानपुर रेलवे टैऊक पर सोमना रेलवे स्टेशन और चूहरपुर के बीच दो अज्ञात व्यक्तियों की ट्रैन की चपेट में आकर दर्दनांक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात्रि दिल्ली-कानपुर रेलवे ट्रैक पर दो अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों के शव पड़े हुए मिले। पुलिस ने शवों के शिनाख्त कराने का प्रयास किया। अज्ञात युवकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। गभाना थाना प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र कुमार ने बताया कि 7 जून की रात्रि सोमना रेलवे स्टेशन के पास किसी ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 40 प्रतीत हो रही है। वह आसमानी टी शर्ट और काली पेंट पहने हुए है। वहीं चूहरपुर रेलवे लाइन पर करीब 30 वर्षीय विक्षिप्त अवस्था में दूसरा शव पड़ा हुआ मिला। दोनों युवकों के शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी। शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# तुलसी के पौधे लगाए और वितरित भी किए



जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

डॉक्टर शंकर लाल शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत के संस्थापक अध्यक्ष राजेश गौड़ के द्वारा तुलसी के पौधों का जन सामान्य को वितरण किया गया तथा स्वयं भी पौधे लगाए गया इससे पूर्व नक्की पार्क में भी मॉलसरी अशोक के पौधे लगाए गए तथा संस्था का 500 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संस्था के अध्यक्ष राजेश गौड़ ने बताया कि की मानव जीवन में पौधों का विशेष महत्व होता है। इससे ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में मिलती है। मिट्टी कटाव भी रुकता है, तथा बहुमूल्य लकड़ी तथा औषधी प्राप्त होती हैं। इनके अभाव में मानव जीवन की कल्पना करना संभव है। एक वृक्ष का रोपण 100 पुत्रों के समान होता है। सभी लोगों को एक पौधा जिसमें आम, बरगद, पीपल एवं नीम अवश्य लगाना चाहिए। जिससे कि हमारे विश्व का पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

इस अवसर पर संरक्षक माया देवी, राकेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेबी रानी, उपाध्यक्ष आकाश पंडित, महामंत्री देवेश कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, मंत्री रजत शर्मा, यशी महेश्वरी, अर्चना शर्मा, प्रिया शर्मा एवं प्राची शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# दुकानों के आगे अवैध अतिक्रमण कर रहे 50 दुकानदारों पर पुलिस ने की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस । आगरा



शनिवार को पिनाहट पुलिस ने दुकानों के आगे अवैध अतिक्रमण कर रहे 50 दुकानदारों पर नोटिस थमाते हुए कार्यवाही की है। और आगे से अवैध अतिक्रमण ना करने की चेतावनी भी दी है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को कस्बा पिनाहट और कस्बा भदरौली में पिनाहट थाना प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सैनी के नेतृत्व में 50 दुकानदारों को अवैध अतिक्रमण एवं मार्ग अवरुद्ध करने पर धारा 133 सीआरपीसी के अन्तर्गत नोटिस थमाया गया है। और आगे से दुकानों के आगे सड़क पर अवैध अतिक्रमण ना करने की सख्त से सख्त हिदायत दी है। पुलिस की कार्यवाही देखते हुए कस्बा के दुकानदारों में हड़कंप मच गया और सभी आनन-फानन में अपनी दुकानों के आगे से अवैध अतिक्रमण हटाने में लग गए। वहीं पिनाहट थाना प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सैनी ने बताया कि दुकानदार अपनी दुकानों के आगे अवैध अतिक्रमण कर लेते हैं जिससे मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। और जाम की स्थिति बन जाती है। इसी को लेकर पुलिस ने कस्बा पिनाहट में 33 और कस्बा भदरौली में 17 दुकानदारों के खिलाफ धारा 133 सीआरपीसी के अंतर्गत नोटिस थमाते हुए कार्यवाही की है और आगे से अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत भी दी है।

## नाली निर्माण को लेकर हुआ दो पक्षों में विवाद, दोनों पक्षों के सात लोग घायल

जन एक्सप्रेस/अगरा। नगर पंचायत किरावली के अभुआपुरा स्थित वार्ड संख्या 10 में किरावली मार्ग पर सीसी निर्माण कार्य चल रहा है। शनिवार को सीसी मार्ग पर नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चले। जिसमे दोनो पक्षों से कुल सात लोग घायल हो गए। बताया जाता हैं कि चंद्रभान इंदौलिया के घर पास नाली निर्माण का चन्द्रभान पक्ष द्वारा बिरोध किया गया। जिसमें दूसरे पक्ष के रामवीर हवलदार ने नाली निर्माण का समर्थन किया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी डंडे चले। जिसमें सात लोग चुटैल हो गए। थाना पुलिस ने चन्द्रभान पक्ष से चन्द्रभान पुत्र लज्जाराम, ममता पत्नी चन्द्रभान, धर्मेंद्र और गजेंद्र पुत्रगण चन्द्रभान तथा रामवीर हवलदार पक्ष से रामवीर, अनिल पुत्र रामवीर, नंदकिशोर पुत्र तोरन सिंह को मेडिकल के लिए दिया है।

# थाना में हुई पीस कमेटी की बैठक

जन एक्सप्रेस । आगरा



थाना अछनेरा प्रांगण में आगामी त्यौहार बकरीद को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के सभी सभ्रात लोगों को बुलाया गया।

इस दौरान बैठक में आए लोगों से थाना प्रभारी डीपी तिवारी द्वारा सभी लोगों से आगामी बकरीद त्यौहार को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं शांति से त्योहार मनाने की अपील की थाना प्रभारी ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति माहौल बिगड़ने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी, नगर पालिका परिषद अछनेरा चेयरमैन प्रतिनिधि महेंद्र सिंह भगत ने आगामी बकरीद को लेकर साफ-सफाई एवं पानी के लिए कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए, बिजली विभाग से जेई कुलदीप सिंह ने कहा बकरीद के दौरान देहात व कस्बे में लाइट सुचारू रूप से चालू रहेगी। इस दौरान थाना प्रभारी डीपी तिवारी, अपराध शाखा धर्मेंद्र सिंह, उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, कौशल किशोर चौकी इंचार्ज व्यारा, जितेंद्र सिंह चौकी इंचार्ज कूकथला, महेंद्र सिंह भगत, गीतम सिंह प्रधान, नेम सिंह चौधरी, वकील अहमद, शाहिद कुरेशी, भूरा कुरेशी, आरिफ सभासद, जाकिर कुरैशी, हाशिम कुरैशी, जमील प्रधान, सलीम दुर्रानी, कुंदन सिंह नेताजी, अर्जुन सिंह प्रधान, धारा सिंह नेताजी, राजू भाई, राजा कुरैशी, योगेश व्यास, मुकेश धनगर, दयाशंकर शर्मा आदि तमाम कस्बे व देहात के लोग मौजूद रहे।

# युवक को हिरासत में लेकर गुमराह करती रही पुलिस, विरोध में चौकी का घेराव

* नेपाल बार्डर पर ले जाकर वन विभाग के सुपुर्द किया गया युवक
* नेपाल से साइबेरियन पक्षियों के शिकार में वांछित था आरोपी युवक

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर





गुरुवार देर रात पुलिस ने गभिया सहराई के एक घर में दबिस के बाद युवक को पड़क लिया। पुलिस पकड़े गए युवक को चौकी लाने के बाद थाना ले आई। स्वजनों का आरोप है कि पकड़ने का कारण पूछने पर पुलिस ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। शुक्रवार देर शाम ग्राम प्रधान के साथ चौकी पंहुचे दर्जनों ग्रामीणों ने घेराव के बाद पुलिस के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई।

11 नवंबर 2023 को नेपाल की शुक्ला फांटा सेंचुरी में पहुंचे थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव गभिया सहराई, महाराजपुर क्षेत्र के दो शिकारियों को नेपाल वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया था। एक आरोपी मौके से फरार हो गया था। शिकारियों के पास से बड़ी मात्रा में साइबेरियन पक्षी और मछली बरामद की गई थी। गुरुवार रात्रि वांछित आरोपी को पकड़ने के लिए रमनगरा चौकी प्रभारी मनोज यादव ने गांव गभिया सहराई निवासी दुलाल मंडल के घर दबिस दी। पुलिस वांछित आरोपी गोविंद मंडल को पकड़कर चौकी ले आई। जानकारी पर स्वजनों के साथ दर्जनों ग्रामीण चौकी पंहुच गए। माहौल बिगड़ता देख पुलिस पकड़े गए आरोपी को रात्रि में ही थाना ले आई। शुक्रवार सुबह ग्राम प्रधान अजय वैध के साथ दर्जनों ग्रामीण थाना पहुंच गए। आरोप है कि युवक को पकड़ने का कारण पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। कुछ देर बाद युवक का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। इसके बाद भी देर शाम तक युवक घर वापस नहीं लौटा। जानकारी हुई कि पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को इंडो नेपाल बॉर्डर पर ले जाकर नेपाल वन विभाग के सुपुर्द कर दिया। स्वजनों का आरोप है कि पुलिस ने शाम तक युवक की कोई जानकारी नहीं दी। पुलिस की मनमानी से ग्रामीणों में रोष फैल गया। ग्राम प्रधान के साथ दर्जनों ग्रामीणों ने चौकी का घेराव कर पुलिस के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।हंगामे की जानकारी से पुलिस महकमें में खलबली मच गई।देर रात सभी ग्रामीण घर वापस लौट गए। शनिवार थाना प्रभारी अचल कुमार ने ग्राम प्रधान और स्वजनों से वार्ता की।

बार्डर पर जाकर नेपाल वन विभाग से वार्ता कराकर की गई कार्रवाई से अवगत कराया। हालांकि ग्राम प्रधान और युवक के स्वजन संतुष्ट नहीं हुए। मामले की शिकायत के लिए ग्राम प्रधान पीड़ित स्वजनों के साथ पुलिस अधीक्षक आफिस पंहुचे। पुलिस अधीक्षक से मुलाकात न होने पर वापस लौट आए।

रविवार ग्राम प्रधान पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामले की शिकायत करेंगे।

> “ बार्डर पर वन विभाग के अधिकारियों से आरोपी युवक के स्वजनों ने वार्ता की है। पकड़ा गया आरोपी नेपाल में शिकार के मामले में वांछित था। ग्रामीणों से वार्ता कर समझा दिया गया है।
>
> **अचल कुमार**
> **थाना प्रभारी माधोटांडा।**

# राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने पीलीभीत ही नही अमरोहा सीट पर भी विजय दिलाने में निभाई अहम भूमिका

* दो लोकसभा सीटों पर जीत दिलाने में राज्यमंत्री की कडी मेहनत रंग लाई

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार



**पीलीभीत।** लोकसभा 2024-सामान्य निर्वाचन समाप्त होने के बाद अब चुनावी समीक्षाओं और जीत हार की जिम्मेदारी तय करने का दौर शुरू हो गया है ताकि जिम्मेदार नेताओं को संगठन अपने-अपने हिसाब से उनके खिलाफ कार्यवाही कर सकें और चुनाव में उनकी रही भूमिका पर गहनता से अध्ययन कर सकें। यूँ तो प्रत्येक चुनावों के बाद विभिन्न राजनैतिक दल अपने-अपने पार्टी नेताओं की चुनावों में रही भूमिका पर गहराई से निगाह डालते है लेंकिन इस बार संगठनों के सामने बडे पैमाने पर जनादेश में हुए उलटफेर पर सबकी नजर बनी हुई है। जहॉ एक ओर निर्वाचन में जीत हासिल करने वाले नेताओं को पुरूष्कार देने की तैयारी है वहीं सीटे हारने वाले क्षेत्रों में जिम्मेदार नेताओं के खिलाफ कार्यवाही होना भी तय माना जा रहा है। मौजूदा चुनावी परिपेक्ष्य में देखा जाये तो पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद को मिली भारी जीत से जनपद के भाजपा नेता भले ही उत्साहित हो लेंकिन इसका सबसे बडा श्रेय प्रदेश के गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को जाता है, जहॉ उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र पीलीभीत की ही नही ब्लकि अपने प्रभार वाले जनपद अमरोहा की लोकसभा सीट जीतकर पार्टी और पार्टी प्रत्याशियों की साख बचाई जबकि प्रदेश में कई ऐसे दिग्गज नेता शामिल है जो अपनी भी सीट बचाने में नकाम साबित हुए है।

प्रदेश संगठन के चुनावी महौल को परखने और उसकी समीक्षा करने की इस दौर में जहॉ मीडिया की नजर भी बराबर बनी हुई है वहीं मीडिया भी अलग-अलग रिपोर्ट देकर आमजनों को संगठनों की कार्यवाही एंव प्रतिक्रियों से अवगत करा रही है। इसी क्रम में मीडिया ने आज समाचार पत्रों में प्रदेश के कई मंत्रियों को चुनावी समीक्षा के दौरान जीतने वाली सीटों के मंत्रियों को शाबासी देने और जहॉ खराब प्रदर्शन रहा है वहॉ के मंत्रियों को पदावनत करने जैसी कार्यवाही किया जाना तय माना जा रहा है।

यहॉ बता दे कि गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने पीलीभीत लोक सभा सीट पर प्रदेश संगठन द्वारा दिए गये दायित्वों को कडी मेहनत एंव लगन के साथ अहम भूमिका निभाई और खास तौर पर पिछडे वर्ग को लामबन्द करने में सफलता हासिल की जिसका नतीजा भाजपा प्रत्याशी प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद 164935 मतों से सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार को पराजित करने में कामयाब हो सकें। यह भी उस स्थिति में जबकि समाजवादी पार्टी ने सपा के कद्दावर नेता और कई बार के मंत्री रहें कुर्मी विरादरी के भगवत सरन गंगवार को इस लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया जो राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के लिए खासा चुनौती पूर्ण था लेंकिन उन्होंने अपने चुनावी रण कौशल के चलते कुर्मी विरादरी के वोट को समाजवादी पार्टी प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार के पक्ष में न जाकर रोकने का काम किया

और उसका नतीजा यह पार्टी प्रत्याशी को लोकसभा सीट पर भारी मतों से विजय हासिल हुई।

# न्याय न मिलने से परेशान महिला ने की इच्छा मृत्यु की मांग

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

* पति की मृन्यु के बाद जमीन में हिस्सा मांगने पर गाली गलौज
* ससुर की हन्या कर पीड़ित महिला को फंसाने की धमकी

पति की मृत्यु के बाद जमीन में हिस्सा मांगने पर ससुर, जेठ व देवर ने जमीन देने से मना कर दिया।आरोप है कि घर में घुसकर गाली गलौज की। ससुर की हत्या कर पीड़ित को फसाने की धमकी दी। महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकार को शिकायती पत्र देकर इच्छा मृत्यु की मांग की है।

नगर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा के वार्ड नंबर 7 निवासी मीना देवी ने पुलिस क्षेत्राधिकार को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उनके प्रति की मृत्यु हो चुकी है। बेटी की शादी करनी है। मेहनत मजदूरी कर गुजर बसर कर रही है। सास की मृत्यु के बाद ससुर, जेठ व देवर से पति के हिस्से की जमीन देने की मांग की। आरोप है कि उन्होंने जमीन देने से मना कर दिया।

जेठ और ससुर जबरन घर में घुस आए। विरोध पर गाली गलौज शुरू कर दिया। घर में रखा सामान उठाकर ले जाने लगे। महिला के विरोध करने पर जेठ ने ससुर का गमछे से गला दबा दिया। ससुर की हत्या कर महिला को फसाने की धमकी दी।

महिला की बेटी ने मामले का वीडियो बना लिया। तहरीर में बताया कि ससुरालयों के आतंक से वह बेहद परेशान है। महिला ने न्याय न मिलने पर इच्छा मृत्यु की मांग की है।

इंस्पेक्टर कोतवाली संजीव शुक्ला ने बताया कि महिला पहले भी शिकायत कर चुकी है।

मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस के आला अधिकारियों से अवैध गांजा की बिक्री/तस्करी की शिकायत करना पड़ा महंगा



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

* पुलिस शिकायतकर्ता के घर मचाया तांडव फर्जी मुकदमे में फंसाने जान से मारने की दी धमकी
* जौनपुर पुलिस के कारनामे का आडियो/वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है

उत्तर प्रदेश स्थित जौनपुर जिले का सरपतहा थाना अक्सर अपने किसी न किसी कारनामे से आखिर कार चर्चा में बना ही रहता है इस बार मामला कुछ अलग है जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है बताया जाता है कि सरपतहा थाना क्षेत्र स्थित अरसिया बाजार में अपराधियों के रोक थाम के लिए एक अस्थाई पुलिस चौकी की स्थापना की गई। परंतु अपराध रोकने के बजाय वहां पर सरकार द्वारा प्रतिबंधित अवैध गांजा की बिक्री/तस्करी का कार्य बड़े लंबे पैमाने पर पुलिस के संरक्षण में चल रहा है। आरोप है कि इस कारोबार को चलाने में चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक शैलेंद्र राय को अवैध कारोबारी द्वारा एक ब्रेजा कार उपहार में दिये जाने के साथ स्थानीय थाने पर दस हजार रुपए महीना लेने की बात सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में गांजा बेचने वाला सेल्समैन खुद बता रहा है और इस वीडियो को बनाने वाले ने पुलिस के सोशल साइट्स समेत विभिन्न प्लेटफॉर्म पर डाल दिया तो पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया फिर आरोप है कि अवैध कारोबारी पर कार्रवाई करने के बजाय सरपतहा पुलिस शिकायतकर्ता के घर पर पहुंच कर खूब तांडव मचाया। जिसकी शिकायत सरपतहा थाना क्षेत्र के बाधगांव निवासी प्रेम प्रकाश सिंह ने डीजीपी उत्तर प्रदेश के एक्स ट्विटर पर ट्वीट कर सरपतहां पुलिस पर आरोप लगाया की मेरा छोटा भाई अरसिया बाजार में गांजा बेचने का एक वीडियो पुलिस के ट्विटर पर डाल दिया जिससे बौखलाए थानाध्यक्ष सरपतहा त्रिवेणी सिंह रात 9:00 बजे मेरे घर पहुंचे और मेरी मां को मारने पीटने के साथ दरवाजे पर रखी अपाचे मोटरसाइकिल लेकर चले गये और हमारे पूरे परिवार को फर्जी मुकदमे में फंसाने व मरवा देने की धमकी दिया जिसका आडियो भी सबूत के तौर पर दिया है।

> मामले की जांच की जा रही गांजा बेचने वाले एक व्यक्ति को स्थानीय पुलिस हिरासत में लिया है अन्य विषयों की जांच की जा रही है।
>
> **अजीत सिंह चौहान**
> **क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर**

**इंस्पेक्टर ने पीड़ित से बोले**

तेरी हत्या की जिम्मेदारी अब मेरी है, ठीक है, चले भी जाओगे तो कोढ़ चला जायेगा इस पृथ्वी से......तुम हरिश्चन्द्र हो, वीडियो बनाओगे

**पुलिस अधीक्षक ने जांच के दिये निर्देश**

पुलिस अधीक्षक डा.अजय पाल शर्मा ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच क्षेत्राधिकारी शाहगंज को सौंप जांच रिपोर्ट अभिलंब देने का निर्देश दिया।

# विवादित भूमि पर मिट्टी का पटान कराने का आरोप, शिकायत

* कलीनगर के गांव चित्तरपुर का मामला, किसान ने की कार्रवाई की मांग
* एसडीएम कोर्ट के अलावा उच्च न्यायालय में विचाराधीन ने भूमि का विवाद

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

विवादित भूमि पर अवैध तरीके से मिट्टी का पटान करने की शिकायत डीएम, कलीनगर एसडीएम व तहसीलदार व माधोटांडा थाने में की गई है। आरोप है कि कुछ दिन पहले तहसीलदार ने मिट्टी पटान का कार्य रूकवा दिया था लेकिन अब फिर से कुछ लोग हठधर्मिता व ममनमानी से कार्य कराने लगे हैं। किसान ने जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव चित्तरपुर के रहने वाले ईश्वर दयाल ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उनकी जमीन चित्तरपुर गाटा संख्या 204 में सह खातेदार दर्ज है। इस भूमि का एक मुकदमा न्यायालय एसडीएम कलीनगर और दूसरा मुकदमा उच्च न्यायालय प्रयागराज में विचाराधीन है। भूमि का भौतिक विभाजन कानूनी बंटवारा नहीं है। आरोप है कि सहखातेदार कुछ लोग जबरन कब्जा करना चाहते हैं जो अवैध तरीके से भूमि पर मिट्टी पटान करा रहे हैं। ईश्वर दयाल ने बताया कि कुछ दिन पहले कलीनगर तहसीलदार ने मिट्टी पटान का कार्य रूकवा दिया था। बावजूद इसके वह लोग मनमानी कर रहे हैं। आरोप है कि बगैर परमीशन के 10-15 ट्रैक्टरों से मिट्टी खनन कर भूमि पर पटान कराया जा रहा है।

मामले की शिकायत कलीनगर प्रशासन के अलावा माधोटांडा थाने में की गई है।

उन्होंने मिट्टी पटान का कार्य रुकवाने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# मुख्यमंत्री का फोटो लगा भाजपा कों गाली देने को लेकर दो वर्गों बवाल 11 घायल

* आधा दर्जन जिला चिकिन्सालय रेफर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत छिड़वा भादी गांव में इंस्टाग्राम पर मुख्यमंत्री के पोस्ट पर कमेंट करने के मामले को लेकर दो वर्गों में जमकर लाठी डंडा चला। इस दौरान दर्जन भर लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल आधा दर्जन गम्भीरो कों जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। सुरक्षा के दृष्टिगत गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

बताया जाता है कि इंस्ट्राग्राम पोस्ट पर एक अल्पसंख्यक वर्ग के युवक द्वारा मुख्यमंत्री का फोटो चस्पा कर भाजपा कों गंदी गालियां लिख दिया गया। जानकारी के बाद उत्तेजित ग्रामीणों ने युवक के परिजनों से शिकायत किया। जिससे गुस्साये मनबढ़ युवक ने दर्जनों युवाओं को साथ ले बहुसंख्यक पक्ष के घर पर हमला कर दिया। जब तक लोग समझ पाते दोनों पक्षों से ग्यारह लोग बुरी तरह ज़ख़्मी हो गये।

घायलों को राजकीय चिकित्सालय लाया गया।

**बवाल में घायलो के नाम इस प्रकार है**

मंजू पत्नी विनोद 35 संतोष पुत्र भोला, 36 विनोद पुत्र नंदलाल, 18 विपिन पुत्र पप्पू 10 पवन पुत्र भोला, 21 सूरज पुत्र भोला, ऊषा पत्नी पप्पू 21 घायल हो गए वहीं दूसरे पक्ष से करिम पुत्र मोवीन 21 नजमुल निशा पुत्री मोवीन 20 सगीर पुत्र बेकारु, 30 सबाना पत्नी सगीर अहमद घायल हों गये। वहीं विपिन, पवन, मंजू, सूरज, नजमूल और सगीर अहमद की हालत चिंताजनक देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। फिलहाल मौके पर पहुंचे कोतवाली निरीक्षक मनोज ठाकुर ने बताया कि चार उपद्रवियों कों पकड़ कोतवाली लाया गया। इसको शांति भंग की धारा में चालान भेजा गया है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल तैनात किया गया है।

# बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत, सड़क पार कर रहा था वृद्ध

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा

मोटरसाइकिल की टक्कर से एक बृद्ध की मौके हो गई।

वही ग्रामीणो ने मौके पर से भाग रहे बाइक सवार को दौड़कर 3 किलोमीटर आगे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया है। बताया जा रहा है की शनिवार की दोपहर 12 बजे बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गाँव सिमरिया ताराचंद निवासी भोलानाथ पुत्र ख्याली राम 62 वर्ष अपने खेत से वापस सड़क पार कर रहे थे।तभी बरखेड़ा की ओर से आ रही तेज गति से मोटर साइकिल ने बृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे बृद्ध टकराकर काफी दूर जा गिरा और मौके पर ही मौत हो गई। मोटरसाइकिल सबार राम लड़ैते निवासी सहबाजपुर थाना बीसलपुर भी टकराकर गिरकर चोटिल हो गया। परन्तु आनन फानन में मोटर साइकिल सवार ने मोटर साइकिल पर बैठकर मौके से बाइक भगाने लगा। वही सूचना मिलते ही मौके पहुंची थाना पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया हैं।

थाना प्रभारी अरिवंद चौहान ने बताया हैं कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

घायल बाइक सवार का पुलिस की निगरानी में इलाज चल रहा है।

# ढाई करोड़ की हेरोइन के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर



बृहस्पतिवार की शाम को क्षेत्र अंतर्गत रसूलागंज चौराहे के पास से कार सवार दो अंतरराज्यीय तस्करों को 500 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत ढाई करोड़ रुपये आंकी जा रही है। एएसपी आपरेशन ओपी सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकार वार्ता कर किया। अदलहाट थानाध्यक्ष रविंद्र भूषण मौर्या को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के रसूलागंज चौराहे के पास से कार सवार दो हेरोइन तस्कर जाने वाले हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेरेबंदी कर कार सवार तस्करों को पकड़ा। कार की तलाशी ली गई तो 250 ग्राम के दो बंडल में हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने कार सवार अंतरराज्यीय हेरोइन तस्कर मोहम्मद सराफत निवासी वार्ड नंबर सात स्टुवरगंज थाना मोहनिया जनपद भभुआ कैमूर बिहार व साबिर कलंदर उर्फ एसकेटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से स्वीफ्ट डिजायर कार व उन दोनों के कब्जे से दो बंडल में 250-250 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। एएसपी आपरेशन ओपी सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे मोहनिया बिहार से हेरोइन को लाकर वाराणसी व आसपास के अन्य जनपदों में मांग के अनुसार सप्लाई करते हैं। हेरोइन बिक्री के पैसे को आपस में बांटकर भौतिक सुख सुविधाओं का लाभ लेते हैं।

# नकदी और जेवरात की चोरी के मामले में दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सुइथाकला। सरपतहा थाना क्षेत्र के गैरवाह नजोपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने साढ़े सात लाख नकदी समेत लाखों कीमत के जेवरात चोरी के मामले में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

उक्त गांव निवासी जयसराज पुत्र हिरजू ने अपने पट्टीदार दो सगे भाइयों व अन्य अज्ञात पर आरोप लगाते हुए उनकी चोरी में संलिप्तता की आशंका जताई है।मामला बीते शुक्रवार की रात उस समय का बताया जा रहा है जब शिकायत कर्ता परिवार सहित मकान में सो रहा था। आरोप है कि चोर रात में मकान की दीवाल तोड़कर घर के भीतर घुस गए और घर में रखा सात लाख पचास हजार नकदी व सोने चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार को सुबह जब हुई तो वे सन्न रह गए। पीड़ित द्वारा तत्काल इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी गयी।मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा आवश्यक छानबीन की गयी। थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने बताया कि मामला आपसी विवाद का है फिर भी छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।

# 23 साल बाद पंच योग व चित्रा नक्षत्र में होगी गंगा की पूजा



जन एक्सप्रेस । वाराणसी

23 साल बाद चित्रा नक्षत्र और पंच महायोग में गंगा दशहरा मनाया जाएगा। मानस, वरीयान, सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग और अमृत सिद्धि योग का शुभ मुहूर्त बन रहा है, जो काफी फलदायी है। इस दिन मां गंगा की पूजा व आरती होगी। दशाश्वमेध घाट पर विशेष पूजन आरपार की चुनरी चढ़ाई जाएगी।

गंगा दशहरा के दिन ही भगवान शंकर की जटा से वृषभ लग्न में मां गंगा धरती पर अवतरित हुईं थीं। इस दिन पूजन अर्चन का विशेष महत्व है। गंगा स्नान व पूजन से कोटि पुण्य का फल मिलता है। भक्त 10 आम, 10 दीप, 10 फूल से मां गंगा का षोडशोपचार पूजन होता हैं।

आचार्य रामप्रवेश पांडेय, आचार्य दैवज्ञ कृष्ण शास्त्री ने बताया कि 23 साल बाद गंगा दशहरा पर पंच योग बन रहा है, जो कि पूजा पाठ के लिए उत्तम माना गया है। भविष्य पुराण और स्कंद पुराण में गंगा दशहरा पर पूजन और स्नान का विशेष महत्व बताया गया। गंगा स्नान के समय ? नमो भगवति हिलि हिलि मिलि मिलि गंगे माँ पावय पावय स्वाहा मंत्र का जप करना चाहिए।

**10 तरह के पापों का होता है नाश**

संस्कृत में दश का अर्थ है दस और हरा का नष्ट करना होता है। इस दिन गंगा में स्नान करने से व्यक्ति के दस पापों या दस जन्मों के पापों से मुक्ति मिलती है। जिनकी कुंडली, जन्म के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलती है तो उनके स्नान और पूजन करने से उनके सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं।

**16 जून को ये है लग्न व मुहूर्त**

ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 15 जून को रात 1:02 बजे से अगले दिन 16 जून को रात 2:54 बजे तक रहेगी। जबकि वृषभ लग्न 16 जून को दोपहर 3:10 से शाम 5:06 बजे तक रहेगा। गंगा दशहरा 16 जून को मनाया जाएगा।

# आटो चालक की धारदार हथियार से हत्या, पुलिस जांच में जुटी



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

नेवढ़िया थाना क्षेत्र के सलारपुर घमहा गांव के पास अज्ञात बदमाशों ने एक व्यक्ति की धारदार हथियार प्रहार करके बेरहमी से कत्ल कर दिया। दिनदहाड़े हुए खून से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर उक्त गांव में सड़क के किनारे एक व्यक्ति की खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गई, यह खबर सुनकर मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई, सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया, मृत व्यक्ति की पहचान मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के बारी गांव नेवादा गांव के निवासी ब्राह्मनंद प्रजापति 55 वर्ष के रूप में हुई है। शव के पास एक ऑटो रिक्शा भी मिला है जिससे कयास लगाया जा रहा है कि मृतक ऑटो चालक हो सकता है

# मां सती को सीता का रूप धारण करके राम के सामने पहुंचते ही श्रीराम ने पहचान लिया : भगवताचार्य

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**





बिल्हौर कस्बे के रामलीला मैदान में शनिवार द्वितीय दिवस की कथा में स्वामी रामस्वरूपाचार्य जी महाराजने कथा को आगे बढ़ाते हुए सती चरित्र की कथा में आगे बताया कि सती को संशय हुआ कि भगवान राम इतने साधारण मानव भेष में कैसे हो सकते हैं ये मानव रूप में धरती पर भ्रमण करनें वाले परमात्मा नहीं हो सकते है। सती जी ने अपने संशय के कारण अपने आपको परमात्मा से दूर कर लिया। भगवान शंकर के बार बार समझाने के बाद भी सती को समझ में नहीं आया और भगवान की परीक्षा लेने पहुंच गई। माता सीता का भेष धारण करके भगवान राम के सामने पहुंच गईं , प्रभु श्री राम जी के द्वारा पहचान किए जाने पर सती का संशय दूर हुआ लेकिन भगवान शंकर ने सती के द्वारा भगवान राम की परीक्षा लेने के कारण भगवान भोलेनाथ ने सती का परित्याग कर दिया। इसी प्रसंग में पांच अमर भारतीय सत्य सनातन संस्कृति में महिलाओं सती, वृंदा, द्रोपदी, अहिल्या आदि के चरित्रों पर आंशिक रूप से प्रकाश डाला। वृंदा के चरित्र को विस्तार से बताते हुए कहा कि वृंदा का पति जालंधर एक असुर था जिसके प्रताप से सारे देवता तक परेशान हो गए। किन्तु वृंदा के पतिव्रता धर्म के आगे भगवान शंकर का त्रिशूल भी निस्तेज हो गया भगवान शिव ने भगवान नारायण के पास गए और समस्या से अवगत कराया , तो भगवान विष्णु ने वृंदा से छल करके उसके पतिव्रता धर्म को नष्ट भ्रष्ट किया तब वृंदा ने भगवान नारायण को पत्थर होने का श्राप दे दिया। और भगवान ने तुलसी ( जड़ ) बनने का श्राप दे दिया। फिर बाद में वृंदा ने भगवान से क्षमा मांगी। आपकी तपस्या और आपके द्वारा प्राश्चित करने पर मैं आपको क्षमा करता हूं , तुम्हारी घर घर पूजा होगी। मैं शालिग्राम के रूप में तुलसी से विवाह करूंगा।

# ककवन थाना क्षेत्र के हीरा निवादा गांव में ससुराल मे संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन थाना के औरोताहारपुर गांव के हीरा निवादा गांव ने ससुराल आए एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई। मौत के बाद युवक के परिजनों ने उसके ससुराली जनों पर ही हत्या का आरोप लगाया है । थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा ने बताया कि हीरा निवादा गांव मे शिववकुमार पुत्र शिवनंदन निवासी ग्राम बनियानी ऊंचा थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज उम्र करीब 26 वर्ष जो कल्यानपुर कानपुर में कबाडी का काम करता था, तीन-चार दिन पूर्व उसकी पत्नी पप्पू देवी कानपुर से मायके आई हुई थी जिसे वह विदा कराने ग्राम हीरा नवादा थाना क्षेत्र ककवन स्थित ससुराल आया था, जहां पर संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मृत्यु हो गई है ।हालांकि सर में पीछे हल्की चोट देखी गई। परिजन ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं, जबकि मृतक की पत्नी एवं उसके भाइयों का कहना है कि वह काफी ज्यादा शराब के नशे में आया था जो पहले से कई जगह गिरने पड़ने के कारण चोटिल था और घर के दरवाजे पर आते ही फिर से गिर गया थोड़ी देर बाद बेहोश हो गया और उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं है घटना संदिग्ध प्रतीत होती है। परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हैं तथा बाद पोस्टमार्टम कार्यवाही हेतु प्रार्थना पत्र देने के लिए कह रहे हैं, फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाया गया है फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरांत शव को पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे बिसरा व हार्ट सुरक्षित किया गया है। जबकि घटना ने संदिग्ध मृतक के दो साले अरविंद एवं संजय को हिरासत में लेकर पूछताछ हेतु थाने पर बैठाया गया।

# भड़काऊ पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार

**भाजपा ने की एनएसए लगाने की मांग**

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

### सीओ सिटी के हस्तक्षेपर पर हुई एफआईआर

यहां सीओ सिटी के हस्तक्षेप के बाद आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और फिर कुछ ही देर में पुलिस टीम ने उसे अरेस्ट कर लिया। मामले को लेकर सीओ सिटी कमलेश कुमार में बताया कि आरोपी युवक का नाम अयान है और वह समधन कस्बे के रहने वाला है। उसको अरेस्ट कर लिया गया है। उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जो भी व्यक्ति इस तरह से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करेगा, उन सबके खिलाफ पुलिस एक्शन लेगी।

### पोस्ट शेयर करने वालों को बचा रही पुलिस

गुरसहायगंज के भाजपा नेता देवेंद्र देव ने बताया कि वह लोग आरोपी युवक के खिलाफ एनएसए लगाने की मांग कर रहे हैं, ताकि फिर कोई व्यक्ति इस तरह की भड़काऊ पोस्ट न करे लेकिन पुलिस एनएसए लगाने में आनाकानी कर रही है। इसके अलावा भड़काऊ पोस्ट को शेयर करने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई करने से कन्नी काट रही है जबकि पिछले साल एक आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने के मामले में ही गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस ने एक हिन्दू युवक के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई की थी। जब मामला मुस्लिम युवक पर कार्रवाई का आया तो पुलिस लीपापोती करने में लग गई। उन्होंने कहा कि पुलिस भेदभाव करती है, जोकि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस मामले को पार्टी हाईकमान तक पहुंचाएंगे।

कन्नौज संसदीय सीट पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की जीत से उत्साहित मुस्लिम युवक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर भाजपा प्रत्याशी की गर्दन उड़ाने की धमकी दे डाली। इसके अलावा हिन्दुओं के लिए भी आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। इस मामले की शिकायत के बावजूद थाना पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इससे गुस्साए भाजपाइयों ने थाने का घेराव किया। इसके बाद पुलिस ने युवक को अरेस्ट किया। मामला गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र का है। दरअसल 3 दिन पहले सोशल मीडिया पर एक मुस्लिम युवक द्वारा भाजपा प्रत्याशी की गर्दन उड़ाने की धमकी देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली गई थी। इस पोस्ट में गुरसहायगंज के एक सपा नेता के मैदान में उतारने की बात कहते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को देख लेने की धमकी भी दी गई थी। इतना ही नहीं बल्कि हिन्दुओं के लिए भी आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। पोस्ट को कुछ अन्य मुस्लिम युवकों के द्वारा शेयर भी किया गया। मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। ऐसे में गुस्साए कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता देवेंद्र देव की अगुआई में थाने पहुंचकर कोतवाली प्रभारी का घेराव किया। इसके बाद मामला विभाग के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आया।

# अरौल थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक एक ही रात में चार घरों में हुई चोरी

**ग्रामीणों के पथराव करने पर फायर करते हुए भागे बदमाश**

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

### खेत में सिंचाई कर रहे ग्रामीण को पीटा

ग्रामीणों के हमले के बाद भाग रहे चोरों ने गांव से कुछ दूरी पर खेत में सिंचाई कर रहे गांव निवासी उमेश पुत्र प्रकाश चंद को पकड़ लिया और उनका पीछा कर रहे होने की बात कहते हुए उनकी पिटाई कर दी और फरार हो गए।

### फायरिंग होने की घटना को नकारती रही पुलिस

बकोठी पुरवा गांव से ग्रामीणों के जागने और पथराव करने पर भागे बदमाशों के भागने के दौरान हुई फायरिंग की घटना को पुलिस के सामने ग्रामीणों के बार-बार उजागर करने के बाद भी पुलिस फायरिंग की घटना को नकारती रही. कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर यह भी जानकारी दी कि पुलिस फायरिंग की घटना दबाने के लिए ग्रामीणों पर दबाव बना रही है.

"बकोठी और बकोठी पुरवा गांव में तीन घरों में चोरी का मामला सामने आया है. घटना के दौरान कोई फायर नहीं हुई है. फारेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए हैं. पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी

**अखिलेश कुमार, थाना प्रभारी**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद है क्योंकि इस क्षेत्र में मक्का की फसल अधिक होती है और खेतों में खड़ी है जिसके चलते चोर आसानी से घटना को अंजाम दे रहे हैं। शुक्रवार रात चोरों ने अरौल थाना क्षेत्र के बकोठी गांव में धावा बोल दिया. तीन घरों में चोरी के बाद चौथे घर में चोरी के प्रयास कर रहे बदमाशों से खटपट सुनकर जागे ग्रामीणों के पथराव करने पर बदमाश फायरिंग करते हुए फरार हो गए। सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस की घटना की जांच पड़ताल शुरू की. शुक्रवार रात अरौल थाना क्षेत्र के बकोठी गांव निवासी राम जी पुत्र स्वर्गीय नन्हे के घर छत के रास्ते घुसे चोरों ने कमरे का ताला तोड़ने के बाद कमरे में रखी अलमारी का लाक तोड़ दिया और उसमें रखी बीस हजार रुपए की नगदी व पायल, पेटी, झुमकी, तोड़िया सहित लगभग तीन लाख रुपए का जेवर चोरी कर ले गए और एक ही घर में अलग-अलग रहने वाले पिता पुत्र में सूरज बली कश्यप पुत्र स्व. दुलीचंद के कमरे का कुंडा काटकर अंदर घुसे चोरों ने अलमारी का लाक तोड़कर उसमें रखा उनकी बेटी सुमन का लगभग 2 लाख 50 हजार रुपए का जेवर चोरी कर लिया और इसके बाद उनके बेटे लखन के कमरे का ताला तोड़ने के बाद बक्से का ताला तोड़ दिया और उसमें रखी 10 हजार रुपए की नगदी चोरी कर फरार हो गए. पीड़ित ग्रामीणों को सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई। वहां से आधा किलोमीटर की दूरी पर मौजूद बकोठी ग्राम पंचायत के पुर्वा में रहने वाले सुभाष चंद्र बाग में लेटे हुए थे और उनकी पत्नी गीता देवी घर पर अकेली थी. छत के रास्ते घर में घुसे चोर उनके कमरे में अलमारी बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखी आठ हजार रुपए की नगदी और लगभग 3 लाख रुपए का जेवर चोरी कर ले गए. इसके बाद गांव के ही श्रवण कुमार के घर चोरों ने घुसने का प्रयास किया तभी ग्रामीण जाग गए और उन्होंने को हल्ला करते हुए पथराव शुरू कर दिया. ग्रामीणों के हमलावर होते ही बदमाश ने दबाव बनाने के लिए पहले फायरिंग की और इसके बाद वहां से भाग निकले. मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरु की और सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।

# महिला प्रधान के द्वार पर सपाइयों का हंगामा

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

### पुलिस के पहुंचने पर भागे उपद्रवी

फायरिंग और पथराव की सूचना प्रधान प्रतिभा मिश्रा ने पुलिस को दी। कुछ ही देर में छिबरामऊ कोतवाली की बहवलपुर चौकी पुलिस गांव पहुंच गई, लेकिन तब तक उपद्रवी और फायरिंग करने वाले युवक वहां से भाग गए। ग्राम प्रधान ने गांव के ही मेजर यादव, शिवम यादव, जीतू यादव, आर्यन यादव, ऋषि यादव के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करवा दी है। हालांकि 2 दिन बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी।

सपाइयों ने महिला प्रधान के घर हंगामा मचाते हुए फायरिंग और पथराव किया। हाथ में तमंचा लेकर फायर करते युवक का वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले में महिला प्रधान ने समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष समेत 5 लोगों के खिलाफ़ पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के कल्यानपुर गांव की है। यहां के रहने वाले मेजर यादव समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष हैं। वह ट्रैक्टर ट्राली पर डीजे रखकर अपने समर्थकों के साथ रात के समय जश्न मना रहे थे। हाथ में सपा के झंडे लिए युवकों ने गांव की प्रधान प्रतिभा मिश्रा के घर के बाहर जमकर हुड़दंग किया। रात के समय 2 बार डीजे लेकर सपाई उनके दरवाजे पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया।

### फायरिंग से फैली दहशत

ऐसे में प्रतिभा मिश्रा ने रात के समय डीजे बजाने का विरोध किया तो सपाई भड़क गए। गाली-गलौज करते हुए प्रधान के घर के बाहर पथराव कर दिया। इस दौरान हाथ में तमंचा लिए एक युवक ने फायरिंग कर दी। जिससे गांव में दहशत फैल गई। युवक द्वारा फायरिंग करने का वीडियो वायरल हो रहा है।

## भाजपा नेता को गाली देने के मामले में दरोगा लाइन हाजिर

**मैनपुरी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के महामंत्री शिवानू चौहान से गाली-गलौज करने के मामले में एसपी ने दरोगा अमित सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। शुक्रवार को महामंत्री ने एसपी विनोद कुमार से मामले की शिकायत की थी। एसपी ने मामले में सीओ भोगांव से जांच रिपोर्ट लेने के बाद कार्रवाई की है। मामला थाना किशनी से जुड़ा हुआ था। किशनी निवासी शिवानू चौहान ने एसपी को दी गई शिकायत में कहा था कि दरोगा अमित सिंह उनसे व्यक्तिगत रंजिश मानता है। उनके परिवार में हुए झगड़े में चचेरे भाई पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमे में ही पंजीकृत कार को छुड़ाने के लिए न्यायालय के आदेश के बाद भी दो हजार रुपये लेने का आरोप भी दरोगा पर लगाया है। रुपये लिए जाने की शिकायत करने पर भाई विशाल को फोन करते हुए शिवानू चौहान को गालियां दीं। शिकायत के साथ कॉल रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध कराई गई थीं। एसपी ने सीओ भोगांव सुनील कुमार को जांच के आदेश दिए थे। सीओ ने जांच में प्रथम दृष्टया दरोगा अमित सिंह को दोषी पाया था।

## डायरिया और बुखार से पीड़ित छह माह के मासूम ने तोड़ा दम

**जन एक्सप्रेस । मैनपुरी**

भीषण गर्मी के बीच जिले में बच्चों की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। बच्चे डायरिया और बुखार की चपेट में आ रहे है। शनिवार को एलाऊ क्षेत्र के नगला शोभी निवासी छह माह के मासूम ने दम तोड़ा दिया। मासूम का परिजन तीन दिन से प्राइवेट अस्पतालों में उपचार कराते रहे। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिले में बड़ी संख्या में बच्चे डायरिया और बुखार की चपेट में आ रहे हैं। एलाऊ थाना क्षेत्र के गांव नगा शोभी निवासी सोनू का छह माह का पुत्र रिहांश पिछले कुछ दिनों से डायरिया के साथ बुखार की चपेट में था। शनिवार की दोपहर बाद अचानक उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे यहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। शनिवार को जिला अस्पताल में 11 बच्चे डायरिया की दिक्कत होने पर भर्ती कराए गए। यही नहीं दो बच्चों को हालत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज सैफई के लिए रेफर किया गया।

# पुरानी पेंशन पर भाजपा को झटका दे गई 10 करोड़ सरकारी कर्मियों की नाराजगी, विपक्ष को फायदा

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

देश में 'पुरानी पेंशन' पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेना, भाजपा को भारी पड़ गया। जानकारों की मानें तो लोकसभा चुनाव में 10 करोड़ सरकारी कर्मियों की नाराजगी, भाजपा को तगड़ा झटका दे गई। दूसरी तरफ पुरानी पेंशन पर सॉफ्ट कॉर्नर पॉलिसी रखने वाले इंडिया गठबंधन को सरकारी कर्मियों का समर्थन मिल गया। खासतौर से उत्तर प्रदेश, जिसके नतीजों पर एनडीए और इंडिया गठबंधन की नजरें लगी थी, वहां सरकारी कर्मियों ने भाजपा के हाथ निराशा तो इंडिया गठबंधन को बूस्टर दे दिया। इसके अलावा, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कई दूसरे राज्यों में भी पुरानी पेंशन का मुद्दा अहम रहा है। भले ही केंद्रीय कर्मचारी संगठनों ने सरकार को ओपीएस पर अंतिम निर्णय के लिए वक्त दे दिया था, लेकिन इसके बावजूद कर्मचारियों में नाराजगी रही। जब केंद्र की तरफ से बार-बार यह कहा गया कि पुरानी पेंशन नहीं मिलेगी। एनपीएस में सुधार के लिए कमेटी गठित की गई है। यह बात कर्मियों को अखर गई। पुरानी पेंशन बहाली के लिए गठित, नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) के संयोजक शिव गोपाल मिश्रा ने लोकसभा चुनाव से पहले कहा था कि जो भी दल पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे को अपने घोषणा पत्र में शामिल करेगा, उसे कर्मचारी एवं उनसे जुड़े 10 करोड़ वोट मिलेंगे। कांग्रेस पार्टी ने ओपीएस को अपने घोषणा पत्र में प्रत्यक्ष तौर पर शामिल नहीं किया था।

# बिषधन में किसान ने परेशान होकर किया रोड जाम पुलिस तहसील के अधिकारियों ने खुलवाया

**जांच टीम ने रिपोर्ट दी बलराम की दीवार और पिलर गिराने में अनिल वर्मा दोषी पाया गया**

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**



बिल्हौर तहसील के बिषधन में शनिवार को पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए जब पीड़ित किसान को नया न्याय न मिलने पर सैकड़ो ग्रामीणों ने रोड जाम कर दिया इस पर जांच टीम ने पहुंचकर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित करते हुए बताया बलराम सिंह पुत्र साहब सिंह निवासी कस्बा विषधन द्वारा नहर के किनारे अपने खेत की जमीन बताते हुए करीब 2 वर्ष पूर्व दुकानें बनवाने हेतु एक दीवाल तथा कुछ पिलरों का निर्माण कराया गया था, जो द्वितीय पक्ष अनिल वर्मा पुत्र प्रेमचंद के घर के ठीक सामने था जिस कारण उसके द्वारा लगातार इसका विरोध किया गया तथा नहर विभाग में इसकी शिकायत की गई जिस पर नहर विभाग द्वारा जांच करके उक्त निर्माण को अवैध घोषित करते हुए अतिक्रमण को गिराने का आदेश दिया था किंतु किन्ही कारणों से नहर विभाग द्वारा अतिक्रमण नहीं हटवाया गया, दिनांक 16-4-2024 की रात में बलराम सिंह की दीवाल वह पिलर किसी के द्वारा गिरा दिए गए तो उन्होंने अनिल वर्मा पर दीवाल गिराने का आरोप लगाया गया, तो विपक्षी को धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर 14 दिन न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया तथा मामले की जांच कर समुचित कार्यवाही हेतु रिपोर्ट नहर विभाग को प्रेषित की गई थी। नहर विभाग द्वारा राजस्व विभाग से पत्राचार कर उक्त भूमि की पैमाइश कराने के उपरांत अतिक्रमण करता के विरुद्ध कार्यवाही करने की रिपोर्ट दी गई। किंतु अभी तक चुनाव में व्यस्तता के चलते राजस्व विभाग एवं नहर विभाग द्वारा भूमि की पैमाइश नहीं कराई गई। वादी बलराम सिंह ने माननीय न्यायालय से धारा 156-3 के तहत एफ आई आर पंजीकृत कराने का आदेश करवाया गया, जिसके अनुपालन में थाना ककवन पर मुकदमा अपराध संख्या 49/2024धारा 395/ 147/ 323/ 504/ 506/ 427 भादवि बनाम विपक्षी अनिल वर्मा अन्य पांच नफर अभियुक्तगण के विरुद्ध पंजीकृत किया गया है। जो विवेचनाधीन है। आज दिनांक 8-6-2024 को गुप्त बलराम सिंह द्वारा अपने परिजनों के साथ कस्बा विषधन में रसूलाबाद मार्ग पर अपनी भूमि की पैमाइश कराकर मामले का तत्काल निस्तारण कराने की मांग करते हुए जाम लगा दिया गया तथा राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी के मौके पर आने तक जाम न खोलने की बात कही गई। इस सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी ककवन मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे एवं श्रीमान एसडीम बिल्हौर एवं श्रीमान तहसीलदार बिल्हौर को प्रकरण से अवगत कराते हुए मौके पर पहुंचने का अनुरोध किया गया, कुछ समय पश्चात तहसीलदार तिमराज सिंह बिल्हौर एवं सीपी राजपूत नायब तहसीलदार राजस्व की टीम के साथ मौके पर आए और बलराम सिंह तथा उनके परिजनों को पुलिस एवं राजस्व के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया गया है यातायात से सुचारू रूप से चालू हो गया है। राजस्व विभाग द्वारा दोनों पक्षों की जमीन की पैमाइश करके मामले का निस्तारण करने का प्रयास किया और दोनों बच्चों को समझ कर बलराम से अपनी जगह पर पुनर्निर्माण करने के लिए कहा और उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित कर दी।


# कार्यालय ग्राम पंचायत सेमरा महराज, विकास खण्ड- फरेन्दा, महराजगंज

पत्रांक : मेमो / राज्य वित्त / चौदहवां वित्त / मनरेगा/2024-25 दिनांक : 07.06.2024

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत सेमरा महराज द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना पंचम् वित्त/राज्य वित्त आयोग/चौदहवां वित्त/15या वित्त/स्ववा भारत मिशन/केन्द्रीय वित्त आयोग/विधायक निधि/सांसद निधि/आंगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्योष्टि स्थल निर्माण/छठ व पूजाघाट/खेल का मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट इण्टरलाकिंग ईट, बालू, सीमेन्ट, मोरंग व इत्यादि वर्मी कम्पोस्ट एवं ह्यूम पाईप सरिया पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट ठेला, कुदाल, झाडू, ब्लीच पाउडर, चूना, कूड़ादान, फागिंग मशीन, इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प, रिबोर, ईंट की गिट्टी इत्यादि सामग्री से संबंधित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भट्ठा मालिक/आपूर्तिकर्ता **दिनांक 18-6-2024** के अपराहन 5 बजे तक आपूर्ति हेतु निविदा दर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सेमरा महराज के निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। निविदा उसी दिन अपराहन......बजे गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहरा की धनराशि मु0 2000.0 रु0 होगी।

**नियम व शर्तें निम्नवत् हैं:-**

1. जिस आपूर्ति कर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति हेतु सूचित किया जायेगा।
2 आपूर्ति कर्ता का सेलटैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर 3 वर्ष का आयकर क्लीरेन्स करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा निविदा दाताओं की उपस्थिति में निर्धारित तिथि समय व स्थान पर टेन्डर खोला जायेगा।
4. आपूर्ति का कार्य ग्राम पंचायत सेमरामहराज की परिधि में निर्धारित कार्यस्थल पर स्वीकृत दर अपने संसाधन से करना होगा।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायें वह वैट तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामाग्री की मात्रा आवश्कतानुसार घट/बढ़ सकती है।
7. सामग्री की सचिव/ग्राम प्रधान के आदेश के पश्चात ही करनी है।
8. आपूर्तिकर्ता के बिल से 2.24 प्रतिशत आयकर तथा 4 प्रतिशत व्यापार कर की कटौती की जायेगी।
9. सचिव/ग्राम प्रधान/तकनीकी सहायक विकास खण्ड फरेन्दा के कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी/रिश्तेदारों के द्वारा निविदा नहीं डाली जायेगी।
10. सीमेंट की आपूर्ति हेतु सम्बन्धित के पास डीलरशीप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में आपूर्तिकर्ता हेतु खरीदी गयी सीमेंन्ट का पक्का बिल प्रस्तुत करना होगा।
11. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान/ग्रा0पं0 सेमरा महराज के पास सुरक्षित होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता (प्रा0 अभि0वि0) तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही होगा।
13. धरोहर की धनराशि 2 प्रतिशत नगद/राष्ट्रीयकृत बैंक के एच0सी0सी0/एन0एस0सी0 के रूप में जो सचिव/ग्राम प्रधान के पद नाम से बन्धक होगा जमा करना होगा।
14. आपूर्तिदर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने का 7 दिवस के अन्दर आपूर्ति निर्धारित कार्य स्थल पर करना होगा।
15. निविदा फार्म का मूल्य 100.00 रु0 नकद जमा कर किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय ग्राम पंचायत सेमरा महराज से प्राप्त किया जा सकता है। सामग्री आपूर्तिकर्ता के सम्बन्ध में नियम व शर्त एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय ग्राम पंचायत सेमरा महराज के तकनीकी सहायक से प्राप्त की जा सकती है। परियोजना लागत के क्रम में आपूर्ति आदेश की धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत जमानत राशि जमा करना होगा।

**कुसुम**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- सेमरा महराज
विकास खण्ड- फरेंदा, जिला- महराजगंज

**वेद प्रकाश**
ग्राम विकास अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत- सेमरा महराज
विकास खण्ड- फरेंदा, जिला- महराजगंज

# सोनिया गांधी कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष चुनी गईं

## राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाए जाने की मांग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सोनिया गांधी को कांग्रेस संसदीय दल का अध्यक्ष चुन लिया गया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद के सेंट्रल हॉल में पार्टी नेताओं की बैठक में सोनिया के नाम का प्रस्ताव रखा। गौरव गोगोई और तारिक अनवर ने इसका समर्थन किया। इससे पहले कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने का भी प्रस्ताव रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस वर्किंग कमेटी बैठक में यह संकेत भी मिला है कि राहुल वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली सीट अपने पास रखेंगे। कांग्रेस महिला मोर्चा की अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा, 'भ्रष्टाचार के आरोप में केजरीवाल समेत बड़े नेताओं के जेल में होने और स्वाति मालीवाल से मारपीट की वजह से कांग्रेस पार्टी को गठबंधन से नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि पंजाब में हमने यूपी के साथ गठबंधन नहीं किया, इसका हमें सीधा फायदा हुआ है। सीडब्लूसी की मीटिंग दिल्ली के अशोका होटल में करीब 3 घंटे चली। राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने के लिए पार्टी सांसदों ने एक प्रस्ताव भी पारित किया। इस पर राहुल ने कहा, %मुझे सोचने का वक्त दीजिए। यह पद पिछले 10 साल से खाली है।

### 10 साल से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली

लोकसभा में पिछले 10 साल से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली है। 2014 में कांग्रेस को 44 सीटें और 2019 में 52 सीटें मिली थीं। भाजपा के बाद सबसे ज्यादा सीटें कांग्रेस को मिली थीं। फिर भी कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी नहीं मिली थी। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए किसी भी पार्टी के पास लोकसभा की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटें होना चाहिए। यानी 543 सीटों में से कांग्रेस को इसके लिए 54 सांसदों की जरूरत होती है। कांग्रेस ने इस बार अपने दम पर 99 सीटें हासिल की हैं। 2014 में विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी होने के बाद भी उस वक्त पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने नेता प्रतिपक्ष का दर्जा देने से इनकार कर दिया था। पिछली लोकसभा में कांग्रेस का प्रदर्शन थोड़ा बेहतर रहा, लेकिन तब भी 54 सीटें नहीं हुईं। अधीर रंजन चौधरी कांग्रेस के नेता बनाए गए, लेकिन नेता प्रतिपक्ष तब भी कोई नहीं हो सका।

### 'कांग्रेस ने एक बार फिर दृढ़ता का परिचय दिया'

कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में सोनिया गांधी ने कहा, कांग्रेस ने एक बार फिर अपनी दृढ़ता का परिचय दिया है। यह एक शक्तिशाली और दुर्भावनापूर्ण मशीनरी के खिलाफ थी। कई लोगों ने हमें खारिज कर दिया, लेकिन मल्लिकार्जुन खरगे के दृढ़ नेतृत्व में हम डटे रहे। उन्होंने कहा, भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा वास्तव में ऐतिहासिक आंदोलन रहा। इसमें सभी स्तरों पर हमारी पार्टी को पुनर्जीवित किया।

### राहुल गांधी को सराहा

सोनिया गांधी ने बैठक के दौरान राहुल गांधी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, अभूतपूर्व व्यक्तिगत, राजनीतिक हमलों से लड़ने के लिए राहुल, दृढ़ता और दृढ़ संकल्प के लिए विशेष धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा, संसद में कांग्रेस की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत के सहयोगियों की ताकत से भी हमें बल मिला है। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के संबंध में सोनिया ने कहा, हमें उन राज्यों में अपनी स्थिति सुधारने पर भी विचार करना चाहिए, जहां हमारा प्रदर्शन हमारी अपेक्षाओं से काफी कम रहा है।

### 'जनादेश खो चुके हैं नरेंद्र मोदी'

सोनिया गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वह जनादेश खो दिया है, जिसकी उन्हें तलाश थी। इसलिए उन्होंने नेतृत्व का अधिकार भी खो दिया है। केवल अपने नाम पर जनादेश मांगने वाले पीएम मोदी को राजनीतिक और नैतिक हार का सामना करना पड़ा। विफलता की जिम्मेदारी लेने के बजाय, वह कल फिर से शपथ लेने का इरादा रखते हैं। कांग्रेस संसदीय दल का अध्यक्ष चुने जाने पर सोनिया गांधी ने चुनावी नतीजों पर कहा, हमारे लिए अपने देश में संसदीय लोकतंत्र स्थापित करने और संसदीय राजनीति को पटरी पर लाने का नया अवसर है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सोनिया गांधी के संसदीय दल की नेता चुने जाने पर कहा कि यह हम सभी के लिए भावुक करने वाला पल था। वह एक बार फिर संसदीय दल की नेता की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। इससे पहले कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक भी आज हुई, जिसमें एकमत होकर पार्टी के नेताओं ने राहुल गांधी से लोकसभा में नेता विपक्ष का पद संभालने की अपील की। राहुल गांधी ने इस पर कहा है कि वह इस पर विचार करेंगे।

# इंतजार करें, कुछ दिन बाद इंडिया सरकार बनाएगा: ममता बनर्जी

## कहा, एनडीए सरकार अवैध, कौन जानता है 15 दिन में क्या होगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संकेत दिए हैं कि इंडिया ब्लॉक कभी भी केंद्र सरकार की बागडोर अपने हाथ में ले सकता है। भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग 400 सीटों की बात करते थे, वे अपने दम पर बहुमत भी नहीं ला सके। उन्होंने कहा कि ऐसा मत सोचिए कि इंडिया ब्लॉक ने अभी तक सरकार बनाने का दावा पेश नहीं किया है तो कभी नहीं करेगा। हम बस इंतजार कर रहे हैं क्योंकि चीजें बदलती हैं। आखिरकार सरकार इंडिया की ही बनेगी, लेकिन एनडीए को कुछ दिन सरकार चला लेने दीजिए। कई बार सरकारें एक ही दिन टिकती हैं। कुछ भी हो सकता है, कौन जानता है कि ये सरकार सिर्फ 15 दिन चले। ये बात ममता ने शनिवार को तृणमूल पार्लियामेंट्री पार्टी की मीटिंग में कही। ममता ने कहा कि वे नई सरकार के शपथ-ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा गैर-लोकतांत्रिक और अवैध तरीके से सरकार बना रही है। उनकी पार्टी एनडीए सरकार बनते देखेगी और अपनी बारी का इंतजार करेगी।

### जनादेश मोदी के खिलाफ था

नव निर्वाचित तृणमूल सांसदों के साथ बैठक करने के बाद ममता ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें बहुत खुशी होगी, अगर भाजपा के नेतृत्व वाली कमजोर और अस्थिर एनडीए सरकार सत्ता से बाहर हो जाती है। देश को बदलाव चाहिए। जनादेश बदलाव के लिए था। यह नरेंद्र मोदी के खिलाफ था, इसलिए उन्हें दोबारा प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहिए। किसी और को पीएम बनने देना चाहिए था।

### लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक को 234 सीटें मिलीं

लोकसभा चुनाव में इंडिया को 234 सीटें मिली हैं। इसमें कांग्रेस की 99, तृणमूल कांग्रेस की 29 और समाजवादी पार्टी की 37 सीटें शामिल हैं। बहुमत का आंकड़ा 272 है, ऐसे में सरकार बनाने के लिए इंडिया गुट को 38 सीटें और चाहिए। चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी को 16 सीटें मिली हैं, जबकि नीतीश कुमार की जेडीयू ने 12 सीटें जीती हैं। फिलहाल दोनों पार्टियां एनडीए में शामिल हैं, लेकिन अगर आने वाले समय में ये पार्टियां इंडिया में शामिल होती हैं तो इंडिया गुट की सीटें 262 हो जाएंगी। हालांकि बहुमत के लिए तब भी 10 सीटें कम होंगी।

# बांग्लादेश सांसद हत्याकांड, 14 दिन के सीआईडी रिमांड पर भेजा गया आरोपी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम की हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी सियाम हुसैन को शनिवार को कोर्ट ने 14 दिनों के सीआईडी रिमांड पर सौंप दिया। सियाम को शनिवार को कड़ी सुरक्षा में बारासात अदालत में पेश किया गया था। सरकारी वकील ने सुनवाई के दौरान दावा किया कि सांसद की हत्या में जिन हथियारों का इस्तेमाल किया गया था, वे सियाम ने मुहैया कराए थे। दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश संगीता लाट ने सियाम को रिमांड पर भेज दिया। सियाम की गिरफ्तारी को लेकर दो अलग-अलग बयान आए हैं। ढाका के पुलिस आयुक्त हबीबुर रहमान ने शुक्रवार को जानकारी दी थी कि सियाम को नेपाल पुलिस ने भारत-नेपाल के सीमावर्ती इलाके से गिरफ्तार किया है, जबकि बंगाल सीआईडी के दावे के अनुसार उसे बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव से उनकी टीम ने पकड़ा है। सीआइडी सूत्रों ने बताया कि सियाम मूल रूप से बांग्लादेश के भोला जिले के बुरहानुद्दीन इलाके का रहने वाला है। मालूम हो कि बांग्लादेश की पार्टी अवामी लीग के सांसद गत 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता आए थे और अचानक लापता हो गए थे। कोलकाता में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। जांच में सांसद की कोलकाता से सटे न्यूटाउन इलाके के एक फ्लैट में हत्या की बात सामने आई थी। बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या का मुख्य आरोपी अख्तरुजमान शाहीन अमेरिका में कहीं छिपा हो सकता है। शाहीन के ठिकाने का पता लगाने के लिए इंटरपोल की मदद ली जा रही है।

# महाराष्ट्र में बारिश-बिजली से एक हफ्ते में 8 की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**


देश के दक्षिणी राज्यों को कवर करने के बाद छत्तीसगढ़ में शनिवार (8 जून) को मानसून की एंट्री हुई। मौसम विभाग के मुताबिक आज मानसून महाराष्ट्र के दक्षिणी इलाकों, तेलंगाना, दक्षिणी छत्तीसगढ़, दक्षिणी ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में दाखिल हो गया है। आईएमडी ने आज महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और केरल के तटीय इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। साथ ही गोवा में अगले चार दिन तक मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है। केरल के कालीकट एयरपोर्ट पर खराब मौसम के कारण शनिवार सुबह दुबई से आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट को कोच्चि डायवर्ट कर दिया गया। एयरलाइन सूत्रों ने बताया कि 173 यात्रियों के साथ एआई एक्सप्रेस की फ्लाइट सुबह 2.47 बजे कोच्चि एयरपोर्ट पर उतरी। करीब सात घंटे बाद सुबह करीब 9~30 बजे फ्लाइट कोच्चि से कालीकट रवाना हुई। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में पिछले एक हफ्ते से बारिश के कारण आई बाढ़ और बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से 6 की मौत बिजली गिरने से हुई है। मराठवाड़ा में 113 जानवरों की मौत की भी सूचना है। लातूर में एक महिला बाढ़ में बह गई। गुजरात में मानसून आने से पहले बारिश का दौर शुरू हो गया है। सूरत के कई इलाकों में शुक्रवार (7 जून) की रात से रुक-रुककर बारिश हो रही है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज 6 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी दिया है। अगले पांच दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विभाग ने बताया कि 11 और 12 जून को गुजरात के कई जिलों में गरज के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। गुजरात में मानसून की तय तारीख 15 जून है।

### इन राज्यों में हीटवेव और गर्मी का अलर्ट

दूसरी तरफ, उत्तर भारत, मध्य भारत और नॉर्थ-वेस्ट में अभी भी झुलसाने वाली गर्मी है। 8 जून को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा और झारखंड में हीटवेव की आशंका है। उत्तर प्रदेश के 29 जिलों में आज हीटवेव का अलर्ट है। झांसी में 7 जून को देशभर में सबसे ज्यादा टेम्परेचर 45.8सीसी दर्ज किया गया था।

# रामोजी ग्रुप के चेयरमैन रामोजी राव का निधन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



मशहूर फिल्म निर्माता और मीडिया उद्यमी चेरुकुरी रामोजी राव का आज, आठ जून को 87 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें सांस लेने में तकलीफ और हाई बीपी के चलते अस्पताल में भर्ती कराया था। उनकी स्थिति काफी गंभीर थी, जिस वजह से उन्हें वेंटिलेटर पर रखना पड़ा था। उनकी मृत्यु के बाद पूरे भारतीय फिल्म जगत में लोग अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं। अभिनेता जूनियर एनटीआर ने भी रामोजी की निधन पर शोक जाहिर किया है।

### जूनियर एनटीआर ने जताई शोक संवेदनाएं

रामोजी राव फिल्मी दुनिया में एक बड़ा नाम थे। उनके निधन के बाद निश्चित तौर पर मीडिया उद्योग की एक बड़ी क्षति हुई है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। अभिनेता एनटीआर ने उनके निधन पर शोक जताते हुए एक भावुक संदेश लिखा। उन्होंने लिखा, ÷रामोजी राव गारू जैसे लोग लाखों में एक होते हैं। उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता। यह विश्वास कर पाना बेहद मुश्किल है कि वह अब हमारे बीच नहीं हैं।÷

### एनटीआर की पहली फिल्म के निर्माता थे रामोजी

अभिनेता ने उनके साथ अपनी यादों का जिक्र करते हुए लिखा, ÷ उन्होंने ने ही मेरी पहली फिल्म निन्नू चूडालानी का निर्माण किया था और मैं उनके साथ जुड़ी यादों को कभी नहीं भूल सकता। मैं प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति मिले और मैं इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।÷ बताते चलें कि निन्नू चूडालानी भारतीय तेलुगु भाषा की रोमांटिक ड्रामा है, जिसे साल 2001 में रिलीज किया गया था। फिल्म के निर्माता रामोजी राव थे और मुख्य किरदार में एनटीआर और रवीना राजपूत नजर आए थे।

### हजारों लोगों को दिया रोजगार

रामोजी राव का एक साधारण शुरुआत से सबसे बड़े प्रसारित तेलुगु दैनिक ईनाडु के संस्थापक बनने तक का सफर काफी दिलचस्प और प्रेरणादायक है। ईनाडु समाचार पत्र, ईटीवी के विभिन्न चैनल, दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म सिटी रामोजी फिल्म सिटी, डॉल्फिन ग्रुप ऑफ होटल्स, मार्गदर्शी चिट फंड, फिल्म निर्माण कंपनी उषाकिरण मूवीज, प्रिया फूड्स उनके द्वारा ही स्थापित की गई थीं। इस फर्मों से उन्होंने हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न किए।

### किसान परिवार से ताल्लुक रखते थे रामोजी राव

16 नवंबर 1936 को तटीय आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में जन्म लेने वाले रामोजी राव ने साल 1962 में मार्गदर्शी चिट फंड की शुरुआत की, जो आंध्र प्रदेश और तेलंगाना और अन्य राज्यों में ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। मध्यमवर्गीय किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले रामोजी राव ने 1969 में किसानों के लिए एक पत्रिका %अन्नदाता% की शुरुआत करके मीडिया क्षेत्र में कदम रखा था। उन्होंने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया था।

# इस्राइल ने हमास के कब्जे से चार बंधक छुड़ाए, भीषण लड़ाई में कम से कम 94 फलस्तीनियों की मौत, कई घायल



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गाजा**

इस्राइल ने हमास के कब्जे से अपने चार बंधकों को शनिवार सुबह बचाया। इस दौरान इस्राइल और हमास में भीषण लड़ाई छिड़ी। मध्य गाजा के एक अस्पताल ने बताया कि लड़ाई में मारे गए कम से कम 94 शव उनके पास आए हैं। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हमलों में 100 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। इस्राइल ने कहा है कि जब तक वह अपने सारे बंधकों को हमास की कैद से रिहा नहीं करा लेता, तब तक लड़ाई जारी रहेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्राइली सेना ने शनिवार को बंधकों को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर ऑपरेशन चलाया। इस दौरान इस्राइली सेना ने नुसेरत इलाके में छापेमारी अभियान चलाकर दो जगहों से चार बंधकों को रिहा करा लिया। इस्राइली सेना ने बताया कि चारों बंधक ठीक हैं और स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें उनके परिजनों के पास भेज दिया जाएगा। वहीं इस्राइली सेना के अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई और कम से कम 94 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं।

### 'इस्राइली परिवारों के लिए आशा का एक महत्वपूर्ण संकेत'

जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने शनिवार को इस्राइली सैन्य अभियान के दौरान गाजा पट्टी में चार बंधकों की रिहाई पर खुशी जताई और कहा कि यह बंधकों के परिजनों के लिए आशा की किरण है। चार बंधक अब मुक्त हो गए हैं। हमास को अंततः सभी बंधकों को रिहा करना चाहिए। युद्ध समाप्त होना चाहिए।



# डीसी-3 विमान का आधुनिक संस्करण ईंधन भरवाने दिल्ली से कोलकाता पहुंचा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभने वाले प्रतिष्ठित डगलस डीसी-3 विमान का आधुनिक संस्करण डीसी-3सी शनिवार को कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचा। अधिकारियों के मुताबिक कनाडा में पंजीकृत इस विमान में कोई यात्री सवार नहीं था। यह ईंधन भरने और अपने चार सदस्यीय चालक दल (तीन कप्तान व एक इंजीनियर) को कुछ आराम देने के लिए एक दिन के लिए दिल्ली से कोलकाता आया है। डगलस डीसी-3 1930 के दशक का एक क्रांतिकारी विमान था, जिसने द्वितीय विश्व युद्ध और वाणिज्यिक विमानन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हवाई अड्डा अधिकारियों के मुताबिक यह विमान दिल्ली से शनिवार को दोपहर 12:13 बजे नेताजी सुभाषचंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। यह रविवार सुबह 8:30 बजे यहां से पटाया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए प्रस्थान करेगा। डीसी-3 विमान ने 1935 में पहली उड़ान भरी थी। लो विंग ट्विन इंजन वाले इस मोनोप्लेन में 21 से 28 लोगों के बैठने की व्यवस्था होती है। 64 फीट (19.5 मीटर) से अधिक लंबे इस विमान के पंखों का फैलाव 95 फीट (29 मीटर) था। इसे डगलस एयरक्राफ्ट कंपनी बनाती थी।



# सब-लेफ्टिनेंट अनामिका पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनीं, 'गोल्डन विंग्स' का तमगा मिला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सब-लेफ्टिनेंट अनामिका बी राजीव भारतीय नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बन गई हैं। उन्होंने तमिलनाडु के अराक्कोनम में एक नौसैनिक वायु स्टेशन पर कठोर प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रतिष्ठित गोल्डन विंग्स का तमगा प्राप्त किया है। वहीं, लद्दाख के पहले कमीशन प्राप्त नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट जामयांग त्सेवांग ने भी सफलतापूर्वक एक योग्य हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। नौसेना ने शनिवार को कहा, शुक्रवार को 22 सप्ताह के गहन प्रशिक्षण के बाद नौसेना एयर स्टेशन आईएनएस राजाली में एक पासिंग आउट परेड समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय नौसेना के सभी 21 हेलीकॉप्टर पायलटों के अल्मा मेटर, एयर स्क्वाड्रन 561 में कठोर उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण शामिल था। इन अधिकारियों में से सब-लेफ्टिनेंट राजीव और लेफ्टिनेंट सेवांग को पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने गोल्ड विंग्स से सम्मानित किया।

### राजीव को इन हेलीकॉप्टरों को उड़ाने की दी जाएगी अनुमति

नौसेना ने एक बयान में कहा, लैंगिक समावेशिता और महिलाओं के लिए करियर के अवसरों के विस्तार के प्रति भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए, सब-लेफ्टिनेंट अनामिका बी राजीव ने पहली महिला नौसेना हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में स्नातक करके इतिहास रचा। वहीं, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख से पहले कमीशन प्राप्त नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट जामयांग त्सेवांग ने भी सफलतापूर्वक एक योग्य हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। सब-लेफ्टिनेंट राजीव को सी किंग्स, एएलएच ध्रुव, चेतक और एमएच-60आर सीहॉक्स जैसे हेलीकॉप्टर उड़ाने की अनुमति दी जाएगी।

### 2018 में अवनी चतुर्वेदी ने रचा इतिहास

पिछले कुछ वर्षों में तीनों सेनाएं महिला कर्मियों को प्रमुख भूमिकाओं में तैनात करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। पिछले साल के अंत में, नौसेना ने महिला कर्मियों के लिए सभी भूमिकाएं-सभी रैंक के अपने दर्शन के अनुरूप नौसेना जहाज में पहली महिला कमांडिंग ऑफिसर को नियुक्त किया। 2018 में, भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग ऑफिसर अवनी चतुर्वेदी ने अकेले लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली भारतीय महिला बनकर इतिहास रचा। उन्होंने अपनी पहली एकल उड़ान में मिग-21 बाइसन उड़ाया।

# मणिपुर में बुजुर्ग की हत्या से फिर भड़की हिंसा

## जिरिबाम में घर छोड़कर भागे 200 मैतेई लोग, कुछ जंगलों में छिपने को मजबूर



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर के जिरिबाम जिले में गुरुवार शाम को मैतेई बुजुर्ग की हत्या के विरोध में इलाके में हिंसा भड़क गई है। मृतक की पहचान 59 साल के सोइबाम सरतकुमार सिंह के तौर पर हुई है। वह गुरुवार सुबह अपने खेत के लिए निकले थे, बाद में उनकी डेडबॉडी मिली जिसपर किसी धारदार हथियार से घाव किए गए थे। इस घटना के बाद गुस्साए गांववालों ने जिरिबाम पुलिस स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि चुनाव से पहले उनसे जो लाइसेंस वाले हथियार लिए गए थे, वे उन्हें लौटा दिए जाएं। जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया है। मणिपुर पुलिस ने इंफाल में मौजूद स्टेट पुलिस कमांडो अधिकारियों को शनिवार को जिरिबाम पहुंचने का निर्देश दिया है। हिंसा के चलते 200 से ज्यादा मैतेई लोगों को घरों से निकाल कर सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। कई गांव वाले अब जिरि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रह रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जिरि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रह रहे लोगों के गांव वाले घरों को उग्रवादियों ने जला दिया था। मैतेई बुजुर्ग की हत्या और लोगों के घरों में आग लगाने के पीछे कुकी उग्रवादियों का नाम आ रहा है।

### मणिपुर हिंसा का मास्टर माइंड 6 जून को पकड़ा गया

वहीं एनआईए ने कहा है कि मणिपुर हिंसा का प्रमुख सूत्रधार थोंग्मिन्थांग हाओकिप उर्फ थांग्बोई हाओकिप उर्फ रोजर 6 जून को इंफाल एयरपोर्ट से पकड़ा गया है। एनआईए ने उसके खिलाफ पिछले साल 18 जुलाई को भारतीय दंड विधान और यूपा) के तहत केस दर्ज कर रखा था। कुकी और जोमी उग्रवादी संगठनों ने म्यांमार और पूर्वोत्तर भारत में सक्रिय अन्य आतंकी संगठनों के साथ साठगांठ कर क्षेत्र की वर्तमान अशांति का लाभ उठाने और भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की नीयत से यह साजिश की थी। राज्य में कई जगहों पर सुरक्षा बलों पर हुए हमलों में हाओकिप की खास भूमिका रही है। वह म्यांमार के आतंकी संगठन कुकी नेशनल फ्रंट (केएनएफ)-बी के संपर्क में रहा है। दूसरी तरफ, मणिपुर में 13 महीने से जारी हिंसा के कथित मास्टरमाइंड का खुलासा एनआईए ने किया है।

### कुकी बोले- मैतेई ने पहले शुरू किए हमले

मोंग्बंग खुल इलाके के मैतेई लोगों ने भयभीत होकर अपने घर छोड़ पलायन कर दिया है। वे सब जिरिबाम के चिंग्डोंग लेइकाई में एलपी स्कूल में शरण लिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने हिंसा और आगजनी फैलने से बचाने के लिए धारा-144 लगाई और फिर कर्फ्यू लगा दिया। कुकी-जो समुदाय का कहना है कि जिरिबाम की कुकी आबादी में मेइतेई संगठन की तरफ से हमले शुरू किए गए हैं। मणिपुर अभी भी अशांत है। कथित तौर पर कुकी उग्रवादियों ने गुरुवार को जिरिबाम जिले के सोरोक अटिंग्बी खुनौ के सोइबाम शरतकुमार की हत्या कर दी थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)